निर्ग्रन्थ भजनावली

संग्रहकर्त्ता :

श्रीमज्जैनाचार्य श्री हस्तिमल्ल जी महाराज सा० के सुशिष्य

मुनिश्री श्रीचन्दजी महाराज

सम्पादक :

गजसिंह राठौड़

प्रेमराज बोगावत

प्रकाशक :

सम्यग्ज्ञान प्रचारक मंडल, जयपुर

प्रकाशक :

सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल

बापू बाजार, जयपुर–३०२००३

•

द्वितीय संस्करण : ११०० (परिवर्तित एवं परिवर्द्धित)

•

श्रावण शुदि ५, संवत् २०३७

दिनांक १५ अगस्त, १९८०

•

मूल्य : १२) रुपये

•

मुद्रक :

पॉपुलर प्रिन्टर्स

त्रिपोलिया बाजार,

जयपुर–३०२००३

प्रकाशकीय

वैसे तो जैन जगत् के आध्यात्मिक क्षेत्र में प्रभु भजन स्तवन स्तुति मंगल आदि के लिये अनेकों प्रकाशन विभिन्न संस्थानों द्वारा प्रचलित हुए हैं एवं दिनों दिन हो रहे हैं। इनमें कई पुस्तकाकार हैं, कई गुटका के आकार में हैं। सबों की अपनी-अपनी विशेषताएं हैं।

इन सब प्रकाशनों को देखते हुए मण्डल की यह इच्छा हुई कि कोई ऐसा प्रकाशन भी किया जाय जो बहुत बड़ा भी न हो पर उसमें स्वाध्याय के निमित्त कुछ शास्त्रीय सामग्री भी सम्मिलित हो, जो भी महत्त्वपूर्ण प्राकृत एवं संस्कृत के स्तोत्र एवं स्तुति पाठादि हैं उनका सरल हिन्दी अनुवाद भी साथ में हो ताकि अधिसंख्य साधक, जो संस्कृत प्राकृत भाषा के जानकार नहीं हैं, वे भी उन पाठों का अर्थ समझ जाएं एवं जीवन की अन्तिम समाधि क्रिया आदि से सम्बन्धित अधिकारी स्तर की जानकारी भी मुमुक्षुओं को आसानी से उपलब्ध हो। इस दिशा में पूज्य गुरुदेव श्रीमज्जैनाचार्य श्री हस्तिमलजी महाराज साहब के तपोनिष्ठ सुयोग्य सन्त श्री श्रीचन्दजी महाराज सा० की रुचि ने हमारा मार्गदर्शन किया एवं स्थानकवासी जैन परम्परा के जाने माने ऐतिहासज्ञ विद्वज्जन एवं संस्कृत-प्राकृत भाषा के विशेषज्ञ सर्वश्री गजसिंहजी राठौड़ एवं प्रेमराजजी बोगावत का सहयोग भी हमें अनायास मिल गया। जिसके फलस्वरूप प्रस्तुत "निर्ग्रन्थ भजनावली" कुछ वर्ष पूर्व पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत करने में हम समर्थ हुए। जैन जगत् के आध्यात्मिक क्षेत्र में हमारे इस प्रकाशन का यथेष्ट स्वागत हुआ। परिणामस्वरूप यह द्वितीयावृत्ति पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत करने में हमें हर्ष का अनुभव हो रहा है। आशा है साधक वृन्द इसका भी उसी उत्साह से स्वागत करेंगे एवं इसका पूरा-पूरा लाभ उठाएंगे।

उमरावमल ढड्ढा — अध्यक्ष

श्रीचन्द गोलेछा — मन्त्री

सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल, जयपुर

सम्पादकीय

अनन्त काल से संसार सागर में गोते खाता पग-पग पर समस्या व समाधान के चक्र में पिसता मनुष्य बराबर विचार करता आ रहा है कि उसके इस मनुज देह धारण करने का वास्तव में क्या प्रयोजन है और इसका समाधान भी उसे मुख्य रूप से दो प्रकार का मिलता आ रहा है।

एक दार्शनिक ने कहा कि खाओ, पीओ और मौज करो (यावज्जीवेत् सुखं जीवेत्, ऋणं कृत्वा घृतं पिवेत्। भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः)। इसके पक्ष में इतनी युक्तियां प्रयुक्तियां दी गईं कि इस देश के मनीषियों को इसे भी एक दर्शन कहकर पुकारना पड़ा। यही समाधान कुछ विकृत रूप में आज पाश्चात्य संस्कृति प्रमुख रूप से दे रही है और इसीसे लुभायमान होकर आज इस निवृत्तिमूलक-संस्कृति-प्रधान देश का युवक-वर्ग भी उक्त भोग-विलास-प्रधान संस्कृति में आकंठ डूबता जा रहा है।

पर यह समाधान भारतीय आत्मतत्ववेत्ताओं, मनीषियों एवं आप्त पुरुषों को कभी मान्य नहीं हुआ। उन्होंने स्पष्ट एवं निर्विवाद शब्दों में लगातार इसका यही समाधान दिया कि—'पुव्वकम्मक्खयट्ठाए इमं देहं समुद्धरे', (पूर्व कर्मक्षयार्थ इमं देहं समुद्धरेत्) अर्थात् पूर्व जन्मों के उपार्जित कर्मों को क्षय करने के लिये इस देह को मनुज धारण करे। मानव देह धारण का यही एक प्रयोजन उन्हें मान्य है। अन्य सब प्रयोजन उनकी दृष्टि में व्यर्थ हैं।

जिस तरह से इस धरती पर पाप-पुण्य, सत्कर्म-दुष्कर्म, सद्-असद् अनादि काल से विद्यमान हैं वैसे ही दो रूपों में यह समाधान भी विद्यमान है। भारतीय दर्शन को, जिसमें जैन दर्शन का भी बहुत बड़ा योगदान है, यह दूसरा समाधान ही स्वीकार्य है।

मुमुक्षुजन के समक्ष पुनः प्रश्न उठता है कि पूर्व जन्मों में संचित कर्मों को कैसे क्षय किया जाय और कैसे यह संसार सागर पार किया जाय। बहुत थोड़े और नपे तुले शब्दों में इसका भी समाधान इस देश के वीतराग आप्त पुरुषों ने दिया है :—

जम्मणमरणजलोघं दुखयरकिलेससोगवीचीयं ।
इय संसार समुद्द' तरंति चउरंगणावाए ।।

अर्थात् यह संसार समुद्र जन्म-मरण रूप जल प्रवाह वाला, दुःख क्लेष एवं शोक रूपी तरंगों वाला है। इसे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यग्चारित्र और सम्यग्तप रूप चतुरंग नाव द्वारा मुमुक्षुजन पार करते हैं।

यह सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र-तप कैसे प्राप्त किया जाय इसके अनेकानेक मार्ग सफल साधकों ने बताये हैं। कुछ लम्बे, कुछ छोटे, कुछ सरल, कुछ दुरुह। सामान्यजनों के लिये प्रभु महावीर से शिष्यों ने पूछा कि भगवन् ! उनके लिये सबसे सुगम मार्ग कौनसा है ? प्रभु ने बड़ा सुन्दर समाधान दिया कि अगर सामान्यजन की सामर्थ्य नहीं है उग्र और छोटा मार्ग पकड़ने की तो वे प्रभु भजन स्तवन कीर्त्तन में अपने को लगाएं। शिष्यों ने फिर पूछा कि भगवन् ! इसका क्या फल होगा। प्रभु ने इसका भी सीधा-सा संक्षिप्त उत्तर दे दिया :—

"थव थुई मंगलेणं नाण दंसण चरित्त बोहिलाभं जणयइ
नाण दंसण चरित्त बोहि लाभ सम्पण्णे य णं जीवे
अंतकिरियं कप्पविमाणोववत्तयं आराहणं आराहेइ।"

अर्थात् प्रभु भजन स्तवन स्तुति मंगल आदि करने से ज्ञान-दर्शन चारित्र रूप बोधिलाभ की प्राप्ति होती है। ऐसा बोधिलब्ध जीव या तो उसी भव में मोक्ष पाता है या कल्प विमान में उत्पन्न होकर आराधक होता है और थोड़े भवों में ही मुक्ति प्राप्त कर लेता है।

साधारण से साधारण मुमुक्षु भी इस लक्ष्य को प्राप्त कर सके इस निमित्त प्रभु भजन स्तवन, स्तुति मंगल एवं स्वाध्याय योग्य शास्त्रों की कुछ सरल गाथाओं का संग्रह इस "निर्ग्रन्थ भजनावली" के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए हमें अत्यन्त हर्ष हो रहा है। साधकों की रुचि को और सुझावों को ध्यान में रखकर इस संस्करण में काफी परिवर्तन और परिवर्द्धन भी किया गया है। अनेकों प्राकृत और संस्कृत भाषा के पाठों का हिन्दी अनुवाद देकर सामान्यजनों के लिये इसे बोधगम्य बनाया गया है।

आशा है जिज्ञासु साधकवृन्द इन आगमपाठों को एवं अन्य अपनी-अपनी रुचि के अनुकूल स्तवनों और स्तोत्रों को यथा सम्भव कंठस्थ करके शुद्ध अन्तःकरण पूर्वक इनका शुद्ध उच्चारण एवं उदात्त स्वर में एकाग्रचित्त होकर पठन-पाठन एवं मनन करेंगे तो निश्चय ही वे एक अनुपम आध्यात्मिक आनन्द की अनुभूति एवं बोधिलाभ प्राप्त करेंगे।

गजसिंह राठौड़
प्रेमराज बोगावत

बोधिरत्नम्
सी ११, मोती मार्ग,
बापूनगर, जयपुर–३०२००४
फोन : ६१६२६

अनुक्रम

क्रम संख्या विषय पृष्ठ

मंगलसूत्र

(१)

१. णमो अरिहंताणं । णमो सिद्धाणं । णमो आयरियाणं ।
णमो उवज्झायाणं । णमो लोए सव्वसाहूणं ।।

अर्हन्तों को नमस्कार । सिद्धों को नमस्कार । आचार्यों को नमस्कार ।
उपाध्यायों को नमस्कार । लोकवर्ती सब साधुओं को नमस्कार ।

२. एसो पंच णमोक्कारो, सव्व पावप्पणासणो ।
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं ।।

यह पंच नमस्कार मन्त्र सब पापों का नाश करने वाला है और समस्त मंगलों में प्रथम मंगल है ।

३. चत्तारि मंगलं-अरिहंता मंगलं । सिद्धा मंगलं । साहू मंगलं । केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं ।

४. चत्तारि लोगुत्तमा-अरिहंता लोगुत्तमा । सिद्धा लोगुत्तमा । साहू लोगुत्तमा । केवली पण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो ।

५. चत्तारि सरणं पव्वज्जामि-अरिहंते सरणं पव्वज्जामि । सिद्धे सरणं पव्वज्जामि । साहू सरणं पव्वज्जामि । केवलि पण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि ।

ॐ

दशवैकालिक सूत्र

(२)

प्रथम–अध्ययन

१. धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो ।
देवा वि तं नमंसंति, जस्स धम्मे सया मणो ।।

२. जहा दुमस्स पुप्फेसु, भमरो आवियइ रसं ।
न य पुप्फं किलामेइ, सो य पीणेइ अप्पयं ।।

३. एमे ए समणा मुत्ता, जे लोए संति साहुणो ।
विहंगमा व पुप्फेसु, दाणभत्तेसणे रया ।।

४. वयं च वित्तिं लब्भामो, न य कोइ उवहम्मइ ।
अहागडेसु रीयंते, पुप्फेसु भमरा जहा ।।

५. महुगार समा बुद्धा, जे भवंति अणिस्सिया ।
नाणापिंडरया दंता, तेण वुच्चंति साहुणो–त्ति बेमि ।

द्वितीय–अध्ययन

१. कहं नु कुज्जा सामण्णं, जो कामे न निवारए ।
पए पए विसीयंतो, संकप्पस्स वसं गओ ।।

२. वत्थगंधमलंकारं, इत्थीओ सयणाणि य ।
अच्छंदा जे न भुंजंति, न से 'चाइ' त्ति वुच्चइ ।।

ॐ

णमोत्थुणं समणस्स भगवओ महावीरस्स

(श्रुतकेवली श्री शय्यंभव स्वामि विरचित)

दशवैकालिक सूत्र

(हिन्दी भावार्थ)

१. धर्म ही उत्कृष्ट मंगल है, अहिंसा–संयम–तपोमय जो ।
देव भी उसको नमन करते धर्म में जिसका सदा मन हो ।।

२. जैसे तरुवर के पुष्पों से भ्रमर रस पी जाता है ।
पुष्पों को पीड़ा नहीं देता, स्वयं तृप्त हो लेता है ।।

३. इसी तरह ये श्रमण कहाते, जो लोक में हैं साधु सुगुण ।
पुष्पों से जैसे भ्रमर रस लेते, वैसे परदत्त अन्न वे करते मार्गण ।।

४. हम अपनाएंगे वृत्ति वही, जिसमें न किसी को हो पीड़ा ।
सहज बनाये भोजन में, मधुकर सम करते हैं क्रीड़ा ।।

५. मधुकर सम प्रबुद्ध बुद्ध, आश्रय त्यागी जो होते हैं ।
नाना विध पिण्डों में रत रह, शांत दांत साधु वे कहलाते हैं ।।
—यह मैं कहता हूं ।

१. वह श्रमण धर्म कैसे पाले, जो काम त्याग नहीं करता है ।
पद पद पर पाता है विषाद, संकल्पों के वश जो रहता है ।।

२. जो वस्त्र गंध और आभूषण, प्रमदा अरु शयन आसन ।
परवश हो भोग नहीं सकता, 'त्यागी' न उसे कहते हैं जिन ।।

३. जे य कंते पिए भोए, लद्धे विपिट्ठि कुव्वइ ।
साहीणे चयइ भोए, से हु 'चाइ' त्ति वुच्चइ ।।

४. समाए पेहाए परिव्वयंतो, सिया मणो निस्सरई बहिद्धा ।
न सा महं नोवि अहंपि तीसे इच्चेव ताओ विणएज्ज रागं ।।

५. आयावयाही चय सोउमल्लं, कामेकमाही कमियं खु दुक्खं ।
छिंदाहि दोसं विणएज्ज रागं, एवं सुही होहिसि संपराए ।।

६. पक्खंदे जलियं जोइं, धूमकेउं दुरासयं ।
नेच्छंति वंतयं भोत्तुं, कुले जाया अगंधणे ।।

७. धिरत्थु तेऽजसोकामी, जो तं जीवियकारणा ।
वंतं इच्छसि आवेउं, सेयं ते मरणं भवे ।।

८. अहं च भोगरायस्स, तं चासि अंधगवण्हिणो ।
मा कुले गंधणा होमो, संजमं निहुओ चर ।।

९. जइ तं काहिसि भावं, जा जा दिच्छसि नारिओ ।
वायाविद्धोव्व हडो, अट्ठिअप्पा भविस्ससि ।।

१०. तीसे सो वयणं सोच्चा, संजयाए सुभासियं ।
अंकुसेण जहा नागो, धम्मे संपडिवाइओ ।।

११. एवं करेंति संबुद्धा, पंडिया पवियक्खणा ।
विणियट्टंति भोगेसु, जहा से पुरिसोत्तमो-त्ति बेमि ।

तृतीय-अध्ययन

१. संजमे सुट्ठिअप्पाणं विप्पमुक्काण ताइणं ।
तेसिमेयमणाइण्णं, निग्गंथाणं महेसिणं ।।

३. पर उन कान्त प्रिय भोगों को, पाकर भी जो ठुकरा देता ।
स्व अधीन भोग का त्याग करे, त्यागी जग में वही कहलाता ।।

४. समतापूर्वक विचरण करते, यदि चित्त श्रमण का विचलित हो ।
ना वह मेरी, ना मैं उसका, यों सोच राग से उपरत हो ।।

५. कोमलता तज, कर आतापन, छोड़ काम, होगा दुख दूर ।
काटो द्वेष, राग को तज दो, इससे सुख होगा भरपूर ।।

६. धूम्र शिखा सी जलती ज्वाला में, कर लेता है सहर्ष प्रवेश ।
किन्तु न पीता सर्प अगन्धन, वान्त गरल सह के भी क्लेश ।।

७. धिक्कार तुम्हें अपयशकामी !, जो दूषित जीवन चाहते जीना ।
वमन किये को पीना चाहते, इससे श्रेष्ठ है तुम्हें मर जाना ।।

८. मैं हूं भोगराज की पुत्री, तुम अंधक वृष्णि कुल प्रसूत ।
होना न हमें है गन्धन सम, पालन कर संयम बन शुभ पूत ।।

९. जहां तहां देख नारी तन को, मन में विकार तुम लाओगे ।
तो पवन प्रचालित हरित तुल्य, अस्थिर चित्त बन जाओगे ।।

१०. हितकर वचन सुन वे सब उस संयमी सुभाषिता के ।
अंकुश से हस्ति वश हो त्यों धर्म में पुनः सुस्थित हुए वे ।।

११. ऐसा ही करते विबुध प्रवर, पंडित और विचक्षण बन ।
भोगों से विरत हो जाते, हुए जैसे वे उत्तम जन ।।
—यह मैं कहता हूं ।

१. संयम में स्थित आत्मावाले, विप्रमुक्त और त्रायी के ।
उन निर्ग्रन्थ परम ऋषियों के, हैं वर्णन अनाचीर्ण पथ के ।।

२. उद्देसियं कीयगडं, नियागं अभिहडाणि य ।
राइभत्ते सिणाणे य, गंध मल्ले य वीयणे ।।

३. सन्निही गिही-मत्ते य, रार्यापंडे किमिच्छए ।
संवाहणा दंत पहोयणा य, संपुच्छणा देह-पलोयणा य ।।

४. अट्ठावए य नाली य, छत्तस्स य धारणट्ठाए ।
तेगिच्छं पाहणा पाए, समारंभं च जोइणो ।।

५. सेज्जायर-पिण्डं च, आसंदी पलियंकए ।
गिहंतर निसज्जा य, गायस्सुव्वट्टणाणि य ।।

६. गिहिणो वेआवडियं, जाय आजीव वत्तिया ।
तत्ता निव्वुड भोइत्तं, आउरस्सरणाणि य ।।

७. मूलए सिंगबेरे य, उच्छुखंडे अनिव्वुडे ।
कंदे मूले य सच्चित्ते, फले बीए य आमए ।।

८. सोवच्चले सिंधवे लोणे, रोमा-लोणे य आमए ।
सामुद्दे पंसुखारे य, काला-लोणे य आमए ।।

९. धूवणे त्ति वमणे य, वत्थीकम्म विरेयणे ।
अंजणे दंतवणे य, गायब्भंग विभसणे ।।

२. औद्देशिक[1] कृतक्रीत[2] नियाग[3], अभ्याहृत[4] एवं निशा-अशन ।
स्नान गंध माला धारण, सुख हेतु व्यजन का संचालन ।।

३. संनिधि[5] गृहस्थ पात्र में भक्षण, राजन्य पिण्ड और क्षेत्र-अशन ।
संवाहन[6] और दंत शोधन, संप्रच्छन्न[7] निज देहालोकन ।।

४. नाली[8] से अष्टापद क्रीड़न[9], मुट्ठी से छत्र ग्रहण करना ।
चैकित्स्य उपानह् का धारण, पावक का संज्वालन करना ।।

५. शय्यातर का पिण्ड और, वेत्रासन सुख पर्यंक-ग्रहण ।
बैठना गृहस्थ घर में जाकर, करना शरीर का उद्वर्तन ।।

६. करना गृहस्थ जन की सेवा, और जाति वता भिक्षा अर्जन ।
अर्द्ध पक्व सेवन करना, या रोगावस्था में क्रन्दन ।।

७. मूला सिंगवेर-सेवन[10], और इक्षुखण्ड जो ग्रहण करे ।
शूरण आदि सजीव मूल फल, तथा बीज का अशन करे ।।

८. सौवर्चल[11] सैन्धव और रुमा, सागर से निकले तथा लवण ।
ऊपर और काले लवणों का, मुनि करे सचित्त का है वर्जन ।।

९. रोग शान्ति हित धूप वमन, और वस्ति विरेचन का सेवन ।
अंजन और दांतों का रंगना, अभ्यंग तेल से तन-मर्दन ।।

---

१. साधु के निमित्त बनाया आहार २. साधु के लिए खरीदा आहार ३. निमन्त्रण से प्राप्त आहार ४. सामने लाकर दिया आहार ५. रात्रि में आहारादि का संचय ६. शरीर की मालिश ७. गृहस्थ से कुशल पूछना ८. जुए के साधन ९. चौपड़ शतरंज आदि खेलना १०. अदरख ११. संचर नमक ।

१०. सव्वमेयमणाइण्णं, निग्गंथाण महेसिणं ।
संजमम्मि अ जुत्ताणं, लहुभूय विहारिणं ॥

११. पंचासव परिण्णाया, तिगुत्ता छसु संजया ।
पंच निग्गहणा धीरा, निग्गंथा उज्जुदंसिणो ॥

१२. आयावयंति गिम्हेसु, हेमंतेसु अवाउडा ।
वासासु पडिसंलीणा, संजया सुसमाहिया ॥

१३. परिसह-रिऊदंता, धूअमोहा जिइंदिया ।
सव्वदुक्खप्पहीणट्ठा, पक्कमंति महेसिणो ॥

१४. दुक्कराइं करित्ताणं, दुस्सहाइं सहित्तु य ।
केइऽत्थ देवलोएसु, केइ सिज्झंति नीरया ॥

१५. खवित्ता पुव्वकम्माइं, संजमेण तवेण य ।
सिद्धिमग्गमणुप्पत्ता, ताइणो परिणिव्वुडा-त्ति बेमि ।

चतुर्थ-अध्ययन

१. सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं—इह खलु छज्जीवणिया नामज्झयणं—समणेणं भगवया महावीरेणं कासवेणं पवेइया—सुअक्खाया सुपण्णत्ता । सेयं मे अहिज्जिउं अज्झयणं धम्मपण्णत्ती ।

१०. इतने हैं ये अनाचीर्ण[1] पथ निर्ग्रन्थ श्रमण अति उत्तम के ।
संयम पथ में जो जुड़े हुये, लघुरूप विहारी जीवन के ॥

११. पंचास्त्रव के परित्यागी, त्रिगुप्त जीव षट् पर-संयत ।
पंचेन्द्रिय जयी धैर्यधारी, निर्ग्रन्थ मोक्ष पथ नयन निहित ॥

१२. लेते आतापन गर्मी में, सर्दी में वस्त्र रहित रहते ।
संयत और समाहित मुनि[2], वर्षा में कच्छपवत् रहते ॥

१३. परिषह शत्रु का दमन करे, मोह त्यागी इन्द्रिय के विजयी ।
जो सभी दुःखों से मुक्ति हेतु, उद्यत रहते मुनि परमजयी ॥

१४. दुष्कर संयम का साधन कर, दुस्सह पीड़ाओं को सहकर ।
हैं जाते कई यहां से सुरपुर, एवं सिद्ध कई नीरज बनकर ॥

१५. संयम और तपस्या से, पूर्वार्जित कर्मों का क्षय कर ।
सिद्धि मार्ग को प्राप्त हुए, त्रायी[3] मुनि पूर्ण अमर बनकर ॥

१. सुना शिष्य ! मैंने इन प्रभु से, कैसा तारक कहा वचन ।
निश्चय ही इस प्रवचन में, छ जीवनिकायों का वर्णन ॥

जो काश्यपवंशी श्रमण वीर ने, भलीभांति बतलाया है ।
वह श्रेय धर्म-प्रज्ञप्ति मुझे, पढ़ने में मन को भाया है ॥

२. कयरा खलु सा छज्जीवणिया नामज्झयणं-समणेणं भगवया महावीरेणं कासवेणं पवेइया-सुअक्खाया— सुपण्णत्ता । सेयं मे अहिज्जिउं अज्झयणं धम्मपण्णत्ती ।

३. इमा खलु सा छज्जीवणिया नामज्झयणं-समणेणं— भगवया महावीरेणं कासवेणं पवेइया—सुअक्खाया सुपण्णत्ता । सेयं मे अहिज्जिउं अज्झयणं धम्मपण्णत्ती ।

तं जहा-पुढ़वि-काइया १, आउ-काइया २, तेउ-काइया ३, वाउ-काइया ४, वणस्सइ-काइया ५, तस काइया ६ ।

पुढ़वी चित्तमंतमक्खाया अणेग-जीवा पुढ़ो सत्ता अन्नत्थ सत्थ-परिणएणं ।।१।।

आऊ चित्तमंतमक्खाया अणेग-जीवा पुढ़ो-सत्ता अन्नत्थ सत्थ-परिणएणं ।।२।।

तेऊ चित्तमंतमक्खाया अणेग-जीवा पुढ़ो-सत्ता अन्नत्थ सत्थ-परिणएणं ।।३।।

वाऊ चित्तमंतमक्खाया अणेग-जीवा पुढ़ो-सत्ता अन्नत्थ सत्थ-परिणएणं ।।४।।

वणस्सई चित्तमंतमक्खाया अणेग-जीवा पुढ़ो-सत्ता अन्नत्थ सत्थ-परिणएणं । तं जहा-अग्गवीया मूलवीया

२. षट्जीव निकाय नामवाला, अध्ययन कौन जो यहां कहा ?
भगवान् वीर उस काश्यप ने, समझाया जिसका मर्म महा ।।
अध्ययन धर्म प्रज्ञप्तिरूप, है प्रभु ने कथन किया जिसका ।
है श्रेयस्कर मेरे हित में, मनोयोग से पढ़ना उसका ।।

३. निश्चय षट्जीव निकायरूप, यह वर्णन सुखद मनोरम है ।
उस श्रमणवीर प्रभु काश्यप ने, है कहा जिसे अति उत्तम है ।।
जिसको सम्यक् है बतलाया, एवं आख्यान किया जिसका ।
अध्ययन धर्म प्रज्ञप्ति सदा, क्षेमंकर है जन-जीवन का ।।

पृथ्वीकायिक जलकायिक, तेजस्कायिक भी जीव यहां ।
हैं वायु वनस्पतिकायिक फिर, त्रसकायिक ऐसे भेद जहां ।।

पृथ्वी को सचित्त बतलाया, हैं जीव पृथक् सत्ता-वाले ।
अगणित जीव, शस्त्र परिणित तज, सबके सब जीवन वाले ।।१।।

अप्कायिक भी जीव सहित हैं, पहले जैसे लक्षण वाले ।
वे ही अचित्त हैं जो हो जाते, शस्त्रों से आहत तन वाले ।।२।।

तेजस् या वायु वनस्पति के. भी विविध जीव बतलाये हैं ।
वे जीव सहित, शस्त्रों से आहत को तजकर, कहलाये हैं ।।३-५।।

जो जीव वनस्पति कायिक हैं, उनके ये भेद निराले हैं ।
कुछ अग्रबीज कुछ मूलबीज, कुछ पर्वबीज तन वाले हैं ।।

पोरबीया खंधबीया बीयरुहा—सम्मुच्छिमो तणलया—वणस्सइकाइया सबीया चित्तमंतमक्खाया अणेग-जीवा पुढ़ो सत्ता अन्नत्थ सत्थ-परिणएणं ।।५।।

से जे पुण इमे अणेगे बह्वे तसा पाणा-तं जहा-अंडया पोयया जराउया रसया-संसेइमा संमुच्छिमा उब्भिया उववाइया जेसिं केसिं च पाणाणं—अभिक्कंतं पडिक्कंतं संकुचियं पसारियं-रुयं भंतं तसियं पलाइयं-आगइ-गइ-विन्नाया, जे य कीड पयंगा जा य कुंथुपिवीलिया सव्वे वेइंदिया, सव्वे तेइंदिया सव्वे चउरिंदिया सव्वे पंचिंदिया सव्वे तिरिक्ख जोणिया सव्वे नेरइया सव्वे मणुआ सव्वे देवा सव्वे पाणा परमाहम्मिया। एसो खलु छट्ठो जीव निकाओ 'तसकाउ त्ति' पवुच्चइ ।।६।।

इच्चेसिं छण्हं जीव निकायाणं—नेव सयं दंडं समारंभिज्जा-नेवन्नेहिं दंडं समारंभाविज्जा—दंडं समारंभंते वि अन्ने न समणुजाणेज्जा जावज्जीवाए तिविहं तिविहेणं-मणेणं, वायाए—काएणं न करेमि, न कारवेमि करंतं पि अन्नं न समणुजाणामि, तस्स भंते ! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि—अप्पाणं वोसिरामि ।।७।।

कुछ स्कन्ध वीज कुछ वीजरुहा, संमूर्च्छिम और तृणादिकाय ।
ये हैं सचित्त और वीजयुक्त, शस्त्रों से परिणित यदि हो न काय ।।५।।
ये जो अनेक चलने वाले, जगती में त्रस कहलाते हैं ।
अंडज, पोतज, रसज, जरायुज, स्वेदज प्राणी होते हैं ।।
संमूर्च्छिम, उद्भिज्, उपपातिक, जिनके चेष्टा है जीवन में ।
ज्ञातृ अपेक्षा से कितनी, होती हैं काय क्रिया इनमें ।।

सम्मुख आना पीछे जाना, संकोचन अंगों का करना ।
निज हाथ पांव को फैलाना, रुदन और भ्रमण ऐच्छिक करना ।।
होना उद्विग्न भयादि देख, स्वस्थान छोड़कर भग जाना ।
यों इनके गमनागमनों से, सिद्ध इन्हें प्राणी कहना ।।
सब कीट पतंगे जो प्राणी फिर, कुंथु पिपीलिका तनवाले ।
हैं दो इन्द्रिय ते इन्द्रिय सब, चतुरिन्द्रिय पंच-इन्द्रिय वाले ।।
तिर्यक् योनिज और नारक भी, नर और देवगण भी सारे ।
सबमें है प्राण परमधर्मी, ये षट्निकाय त्रस तनवाले ।।६।।

ऐसे षट्कायिक जीवों को, हम दण्ड नहीं दें हित मानें ।
फिर नहीं दिलायें पर से भी, देते को भला नहीं जानें ।।
हिंसा वर्जन जीवन भर, हमको करना है तन मन से ।
नहीं करें ना करवायें, करते को शुभ न कहें मन से ।।
ऐसे दण्डों से, हे गुरुवर ! मैं दूर स्वयं अब होता हूं ।
निन्दा गर्हा करके इनका, त्याग हृदय से करता हूं ।।७।।

पढ़मं भंते ! महव्वए पाणाइवायाओ वेरमणं, सव्वं भंते ! पाणाइवायं पच्चक्खामि, से सुहुमं वा बायरं वा तसं वा थावरं वा नेव सयं पाणे अइवाइज्जा, नेवन्नेहिं पाणे अइवायाविज्जा, पाणे अइवायंते वि अन्ने न समणुजाणिज्जा जावज्जीवाए तिविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं न करेमि, न कारवेमि, करंतंपि अन्नं न समणुजाणामि । तस्स भंते ! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि । पढमे भंते ! महव्वए उवट्ठिओमि सव्वाओ पाणाइवायाओ वेरमणं ॥८॥

अहावरे दोच्चे भंते ! महव्वए मुसावायाओ— वेरमणं, सव्वं भंते ! मुसावायं पच्चक्खामि, से कोहा वा लोहा वा भया वा हासा वा नेव सयं मुसं वइज्जा, नेवन्नेहिं मुसं वायाविज्जा, मुसं वयंते— वि अन्ने न समणुजाणिज्जा ! जावज्जीवाए— तिविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं न करेमि न कारवेमि करंतंपि अन्नं न समणुजाणामि । तस्स भंते ! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि । दोच्चं भंते ! महव्वए उवट्ठिओमि सव्वाओ मुसावायाओ वेरमणं ॥९॥

अहावरे तच्चे भंते ! महव्वए अदिन्नादाणाओ वेरमणं, सव्वं भंते ! अदिन्नादाणं पच्चक्खामि, से गामे वा

प्रथम महाव्रत में भदन्त !, प्राणातिपात विरमण होता ।
इसलिए सभी हिंसा कार्यो से, छोड़ रहा हूं मैं नाता ।।
हों सूक्ष्म तथा बादर या त्रस, स्थावर भी कोई जीव यदा ।
ना हिंसा करूं न करवाऊं, करते अच्छा ना कहूं कदा ।।

तीन करण और तीन योग से, मन और वचन वा काया से ।
करूं न करवाऊं मैं हिंसा, भला नहीं जानूं मन से ।।
होता हिंसा से पृथक् तथा, निन्दा गर्हा मैं करता हूं ।
प्रथम महाव्रत जीव घात से, अब मैं विरत हो जाता हूं ।।८।।

द्वितीय महाव्रत मृषावाद,- विरमण नामक कहलाता है ।
हे पूज्य ! सर्वथा मृषावाद का, इसमें वर्जन करना है ।।
क्रोध, लोभ, भय हास्य निमित्तक, झूठ नहीं मैं बोलूंगा ।
औरों से न कहाऊंगा, कहते को भला न मानूंगा ।।

त्रिविध करण और त्रिविध योग से, मन से तथा वचन तन से ।
कहूं न कहलाऊं मैं मिथ्या, भला नहीं मानूं मन से ।।
होता मिथ्या से अलग और, निन्दा गर्हा मैं करता हूं ।
द्वितीय महाव्रत मृषावाद,- विरमण को धारण करता हूं ।।९।।

तृतीय महाव्रत चौर्य कर्म से, अब मैं विरमण करता हूं ।
विना दिये पर वस्तु को, मैं ग्रहण भाव से तजता हूं ।।

नगरे वा रन्ने वा अप्पं वा बहुं वा अणुं वा थूलं वा चित्तमंतं वा अचित्तमंतं वा नेव सयं अदिन्नं गिण्हिज्जा, नेवन्नेहिं अदिन्नं गिण्हाविज्जा, अदिन्नं गिण्हंते वि अन्ने न समणुजाणिज्जा, जावज्जीवाए तिविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं न करेमि, न कारवेमि, करंतंपि अन्नं न समणुजाणामि। तस्स भंते! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि। तच्चे भंते! महव्वए उवट्ठिओमि सव्वाओ अदिन्नादाणाओ वेरमणं ॥१०॥

अहावरे चउत्थे भंते! महव्वए मेहुणाओ वेरमणं, सव्वं भंते! मेहुणं पच्चक्खामि, से दिव्वं वा माणुसं वा तिरिक्खजोणियं वा नेव सयं मेहुणं सेविज्जा, नेवन्नेहिं मेहुणं सेवाविज्जा, मेहुणं सेवंते वि अन्ने न समणुजाणिज्जा, जावज्जीवाए तिविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं न करेमि, न कारवेमि, करंतं पि अन्नं न समणुजाणामि। तस्स भंते! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि। चउत्थे भंते! महव्वए उवट्ठिओमि सव्वाओ मेहुणाओ वेरमणं ॥११॥

अहावरे पंचमे भंते! महव्वए परिग्गहाओ वेरमणं, सव्वं भंते! परिग्गहं पच्चक्खामि, से अप्पं वा बहुं वा अणुं वा थूलं वा चित्तमंतं

ग्राम नगर अदत्त वस्तु लेने का, थोड़ा अथवा अधिक बहुत ।
सूक्ष्म स्थूल निर्जीव तथा, चाहे हो चैतन्य सहित ॥
लूंगा अदत्त ना वस्तु कोई, औरों से नहीं लिवाऊंगा ।
बिना दिये लेने वाले को, भला नहीं बतलाऊंगा ॥
तीन करण और तीन योग से, मन से तथा वचन तन से ।
करूं न करवाऊं करते को, भला न बोलूंगा मन से ॥
होता चोरी से पृथक् तथा, निन्दा गर्हा मैं करता हूं ।
तृतीय महाव्रत चौर्य विरति से, संयम धारण करता हूं ॥
करता भदन्त ! मैं चौर्य त्याग, उपरत इन सबसे होता हूं ।
अचौर्य महाव्रत पालन में, अपने को अर्पण करता हूं ॥१०॥

मैथुन विरमण है व्रत चौथा, मैं तन मन से अपनाता हूं ।
हे भदन्त ! सारे मैथुन से, निज मन दूर हटाता हूं ॥
देव मनुज या तिर्यंचों से, मैथुन सेवन करें नहीं ।
मैथुन कर्म ना करें करावें, अनुमोदन मन धरें नहीं ॥
तीन करण और तीन योग से, मन वचन तथा अपने तन से ।
करूं न करवाऊं मैं मैथुन, अनुमोदन न करूं मन से ।
करता भदन्त ! मैथुन वर्जन, निन्दा गर्हा भी करता हूं ।
मैथुन सेवन के महापाप से, दूर स्वयं को करता हूं ॥११॥

परिग्रह विरमण पंचम व्रत को, मैं पूर्ण रूप से अपनाता हूं ।
हे भदन्त ! सब तरह परिग्रह, से मन को दूर हटाता हूं ॥
चाहे थोड़ा या बहुत अधिक, अणु अथवा बादर परिग्रह हो ।

वा अचित्तमंतं वा नेव सयं परिग्गहं परिगिण्हिज्जा, नेवन्नेहिं परिग्गहं परिगिण्हाविज्जा, परिग्गहं परिगिण्हंते वि अन्ने न समणुजाणिज्जा, जावज्जीवाए तिविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं न करेमि न कारवेमि करंतं पि अन्नं न समणुजाणामि। तस्स भंते! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि। पंचमे भंते! महव्वए—उवट्ठिओमि सव्वाओ परिग्गहाओ वेरमणं ॥१२॥

अहावरे छट्ठे भंते! वए राइभोयणाओ वेरमणं, सव्वं भंते! राइभोयणं पच्चक्खामि, से असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा नेव सयं राइं भुंजिज्जा, नेवन्नेहिं राइं भुंजाविज्जा, राइं भुंजंते वि अन्ने न समणुजाणिज्जा, जावज्जीवाए तिविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं न करेमि न कारवेमि करंतं पि अन्नं न समणुजाणामि। तस्स भंते! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि। छट्ठे भंते! वए उवट्ठिओमि सव्वाओ राइभोयणाओ वेरमणं ॥१३॥

इच्चेयाइं पंच महव्वयाइं, राइ—भोयण—वेरमणं—छट्ठाइं अत्त हियट्ठाए उवसंपज्जित्ताणं विहरामि ॥१४॥

से भिक्खू वा भिक्खुणी वा संजय विरय—पडिहय पच्चक्खाय—पावकम्मे दिआ वा राओ वा एगओ वा

सचित्त अथवा अचित्त द्रव्य, लेना मन के अनुरूप न हो ।।
स्वयं परिग्रह ग्रहण करूं ना, औरों से ग्रहण कराऊं ना ।
तथा परिग्रह रखने वाले, को भी अच्छा मानूं ना ।।
जीवन भर तीन करण त्रियोगों से, मन से वचन तथा तन से ।
करूं न करवाऊं संग्रह को, भला नहीं जानूं मन से ।।
करता भदन्त ! सब उपधित्याग, निन्दा गर्हा मैं करता हूं ।
परिग्रह विरमण व्रत पालन में, मनको अब अर्पण करता हूं ।।१२।।

रजनी भोजन त्याग रूप, व्रत छट्ठे को अपनाता हूं ।
हे पूज्य ! रात्रि के भोजन को, अब मन से दूर हटाता हूं ।।
अशन पान खादिम या स्वादिम, स्वयं नहीं मैं खाऊंगा ।
और खिलाऊंगा न किसी को, खाते को भला न मानूंगा ।।
जीवन भर तीन करण त्रियोगों से, वचन तथा तन से मन से ।
करूं न करवाऊं निशि भोजन, भला नहीं जानूं मन से ।।
करता भदन्त ! निशि अशन त्याग, निन्दा गर्हा भी करता हूं ।
त्याग रात्रि-भोजन, व्रत-पालन में मन अर्पित करता हूं ।।१३।।

पूर्व कथित ये पंच महाव्रत, छट्ठा रात्रि-भोजन-विरमण ।
अपने हित के लिए धारणकर, करता हूं मैं जग विचरण ।।१४।।
संयत विरत और पापों का, निषेध या प्रतिघात किया ।
भिक्षु भिक्षुणी एकाकी, अथवा परिषद् में स्थान लिया ।।

परिसागग्रो वा सुत्ते वा जागरमाणे वा से पुढ़विं वा भित्तिं वा सिलं वा लेलुं वा ससरक्खं वा कायं, ससरक्खं वा वत्थं हत्थेण वा पाएण वा कट्ठेण वा किलिंचेण वा-अंगुलियाए वा सलागाए वा सलाग-हत्थेण वा न आलिहेज्जा न विलिहेज्जा न घट्टेज्जा न भिंदेज्जा-अन्नं न आलिहावेज्जा न विलिहावेज्जा न घट्टावेज्जा न भिंदावेज्जा अन्नं आलिहंतं वा विलिहंतं वा घट्टंतं वा भिंदंतं वा न समणुजाणेज्जा जावज्जीवाए तिविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं-न करेमि न कारवेमि-करंतंपि अन्नं न समणुजाणामि-तस्स भंते ! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि ।।१५।।

से भिक्खू वा भिक्खुणी वा-संजय-विरय-पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे-दिआ वा राओ वा-एगओ परिसागओ वा-सुत्ते वा जागरमाणे वा-से उदगं वा ओसं वा हिमं वा महियं वा-करगं वा हरितणुगं वा सुद्धोदगं वा-उदउल्लं वा कायं उदउल्लं वा वत्थं-ससिणिद्धं वा कायं ससिणिद्धं वा वत्थं-न आमुसेज्जा न संफुसेज्जा-न आवीलेज्जा न पवीलेज्जा-न अक्खोडेज्जा न पक्खोडेज्जा-न आयावेज्जा न पयावेज्जा । अन्नं न आमुसावेज्जा न संफुसावेज्जा-न आवीलेवेज्जा-न पवीलावेज्जा-न अक्खोडावेज्जा न पक्खोडावेज्जा-न

हो काल दिवस या रजनी का, जागृत या निद्रावस्था का ।
ऐसे ही सेवा पठन हेतु, श्रम-खिन्न भाव से रहने का ।।
शुद्ध भूमि या भित्ति-शिला, अति कठिन मृत्तिका ढ़ेले को ।
सचित्त रज धूसर तन को, या पट सचित्त रज वाले को ।।
हाथ पैर या लकड़ी से, बाँसों की बनी खपाटी से ।
अंगुली, शलाका से, अथवा, बहु लोह-शलाका से वैसे ।।
रेखा खींचे ना बार बार, आलेखन उन पर करे नहीं ।
ना घिसे न तोड़े भूदल को, निज तन सम पीड़ा जान सही ।।
ना अन्य जनों से करवाये, करते को भला नहीं जाने ।
तीन करण और तीन योग से, व्रतरक्षण मन में ठाने ।।
भंते ! पृथ्वीकाय घात की, निन्दा गर्हा मैं करता हूं ।
इस व्रत के पालन में ऐसे, अपने को अर्पण करता हूं ।।१५।।

संयत विरत और पापों का, निषेध या प्रतिघात किया ।
भिक्षु भिक्षुणी एकाकी, अथवा परिषद् में स्थान लिया ।।
हो काल दिवस या रजनी का, जागृत या निद्रावस्था का ।
ऐसे ही सेवा पठन हेतु, श्रम खिन्न भाव में रहने का ।।

सचित्त जल या ओस हेम धूंअर, ओले या तृण जल को ।
निर्मल व्योम पतित जल को, गीले तन अथवा अंबर को ।।
थोड़ा विशेष ना स्पर्श करे, कर से न निचोड़े वस्त्रों को ।
ना बार बार दाबे उनको झटके ना गीले वस्त्रों को ।।

आयावेज्जा न पयावेज्जा-अन्नं आमुसंतं वा संफुसंतं वा आवीलंतं वा पवीलंतं अक्खोडंतं वा पक्खोडंतं वा आयावंतं वा पयावंतं वा न समणुजाणिज्जा जावज्जीवाए तिविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं न करेमि न कारवेमि करंतंपि अन्नं न समणुजाणामि तस्स-भंते ! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि-अप्पाणं वोसिरामि ॥१६॥

से भिक्खू वा भिक्खुणी वा-संजय-विरय-पडिहय-पच्चक्खाय-पावकम्मे दिआ वा राओ वा एगओ वा-परिसागओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा से अगणिं वा इंगालं वा मुमुरं वा अच्चि वा-जालं वा अलायं वा सुद्धागणिं वा उक्कं वा-न उंजेज्जा न घटेज्जा न-भिंदेज्जा-न उज्जालेज्जा न पज्जालेज्जा न निव्वावेज्जा-अन्नं न उंजावेज्जा न घट्टावेज्जा न भिंदावेज्जा न उज्जालावेज्जा न पज्जालावेज्जा न निवावेज्जा अन्नं उजंतं वा घट्टंतं वा भिंदंतं वा-उज्जालंतं वा पज्जा-लंतं वा निव्वावंतं वा न समणुजाणेज्जा जावज्जीवाए तिविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं न करेमि न कारवेमि करंतंपि अन्नं न समणुजाणामि तस्स भंते ! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि ॥१७॥

प्रस्फोटन भी करे नहीं, आतप में उनको रक्खे ना ।
इन सभी क्रिया करने वाले को, भला हृदय से जाने ना ।।

तीन करण और तीन योग से, मन से वचन तथा तन से ।
करूं न करवाऊं जीवन भर, अच्छा भी जानूं ना मन से ।।
होता हिंसा से दूर तथा, आत्मा से निन्दा करता हूं ।
गर्हा करता गुरुदेव ! सदा, मैं मन से इसको तजता हूं ।।१६।।

संयत विरत और पापों का, निषेध या प्रतिघात किया ।
भिक्षु भिक्षुणी एकाकी, अथवा परिषद् में स्थान लिया ।।
हो काल दिवस या रजनी का, जागृत या निद्रावस्था का ।
ऐसे ही सेवा पठन हेतु, श्रम खिन्न भाव में रहने का ।।
अग्निकाय में इंगारक, मुर्मुर अर्चि या ज्वाला को ।
तेज करे ना तृणाग्रवर्ती, अनल जीव वध करने को ।।
नहीं बुझवावे औरों से, जलवाना आदिक करे नहीं ।
घर्षण या भेदन आदि क्रिया, जलवाये उसको कभी नहीं ।।
प्रज्वालन ना करवावे, और नहीं किसी से बुझवावे ।
अंगारक भेदन छेदन भी, नहीं किसी से करवावे ।।
अनल जलाते भेदन करते, या घर्षण करते जन को ।
भला न समझे व्रती जीव, प्रज्वालक या निर्वापक को ।।
तीन करण या तीन योग से, मन और वचन तथा तन से ।
करूं न करवाऊं जीवन भर, भला नहीं मानूं मन से ।।
होता उससे दूर तथा, आत्मा से निन्दा करता हूं ।
गर्हा करता हूं पूज्य प्रभो !, मैं हिंसा मन से तजता हूं ।।१७।।

संयत विरत और पापों का, निषेध या प्रतिघात किया ।
भिक्षु भिक्षुणी एकाकी, अथवा परिषद् में भाग लिया ।।
हो काल दिवस या रजनी का, जागृत या निद्रावस्था का ।
ऐसे ही सेवा पठन हेतु, श्रम खिन्न भाव से रहने का ।।
चंवर पंखे तालवृन्त या, पत्ते या बहु पत्तों से ।
शाखा डाली या शाखि खण्ड से, अथवा मयूर की पिच्छी से ।।
पांख समूहों से अथवा, अम्बर के झीने पल्ले से ।
हाथ और मुख के द्वारा, ऐसे ही पुट्ठे आदिक से ।।
अपने तन को या बाहर के, अशनादिक ठंडे करने को ।
फूंक न मारे चंवर आदि से, हवा करे ना औरों को ।।
फूंक न मरवावे औरों से, तथा हवा ना करवावे ।
फूंक, हवा करने वाले को, भला नहीं मन से माने ।।
तीन करण और तीन योग से, मन और वचन या काया से ।
करूं ना करवाऊं जीवन भर, भला नहीं मानूं मन से ।।
होता उससे दूर तथा, आत्मा से निन्दा करता हूं ।
गर्हा करता हूं पूज्य प्रभो !, मन से मैं हिंसा तजता हूं ।।१८।।

संयत विरत और पापों का, निषेध या प्रतिघात किया ।
भिक्षु भिक्षुणी एकाकी, अथवा परिषद् में भाग लिया ।।
हो काल दिवस या रजनी का, जागृत या निद्रावस्था का ।
ऐसे ही सेवा पठन हेतु, श्रम खिन्न भाव में रहने का ।।
बीजों पर या बीज प्रतिष्ठित, आसन, शयन पदार्थों पर ।
अंकुरित वनस्पति या उन पर, रक्खे शयनादिक साधन पर ।।

वा सचित्त-कोल-पडिनिस्सिएसु वा न गच्छेज्जा न चिट्ठेज्जा न निसीएज्जा न तुयटेज्जा अन्नं न गच्छावेज्जा न चिट्ठावेज्जा न निसीयावेज्जा न तुयट्टावेज्जा-अन्नं गच्छंतं वा चिट्ठंतं वा निसीयंतं वा तुयट्टंतं वा न समणुजाणेज्जा जावज्जीवाए तिविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं न करेमि न कारवेमि करंतं पि अन्नं न समणुजाणामि। तस्स भंते! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि ॥१६॥

से भिक्खू वा भिक्खुणी वा संजय-विरय-पडिहय पच्चक्खाय पावकम्मे दिआ वा राओ वा एगओ वा परिसागओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा से कीडं वा पयंगं वा कुंथुं वा पिवीलियं वा हत्थंसि वा पायंसि वा बाहुंसि वा उरुंसि वा उदरंसि वा सीसंसि वा वत्थंसि वा पडिग्गहंसि वा कंबलगंसि वा पाय-पुच्छणंसि वा रय-हरणंसि वा गुच्छगंसि वा उडुगंसि वा दंडगंसि वा पीढगंसि वा फलगंसि वा सेज्जंसि वा संथारगंसि वा अन्नयरंसि वा तहप्पगारे उवगरणजाए—तओ संजयामेव पडिलेहिय पडिलेहिय पमज्जिय-पमज्जिय-एगंतमवणेज्जा-नो णं संघायमावजेज्जा ॥२०॥

हरितों पर वा हरित प्रतिष्ठित, छिन्न हरित के भागों पर।
गमन, स्थिति या उपवेशन, इन पर करना होता दुःख कर॥
ऐसे न चलावे औरों को, बैठावे और न खड़ा करे।
नहीं सुलावे परजन को, जीवों की रक्षा ध्यान धरे॥
हरितों पर चलते या ठहरे, बैठे या सोते अन्यों को।
भला न जाने विराधना, करने वाले प्राणी-गण को॥
तीनकरण और तीन योग से, मन से वचन तथा तन से।
करूं न करवाऊं जीवनभर, भला नहीं मानूं मन से॥
कृत पापकर्म से हटता हूं, आत्मा से निन्दा करता हूं।
गर्हा करता गुरुदेव ! हृदय से, दोषों को मैं अब तजता हूं॥१६॥

संयत विरत और पापों का, निषेध या प्रतिघात किया।
भिक्षु भिक्षुणी एकाकी, अथवा परिषद् में भाग लिया॥
हो काल दिवस या रजनी का, जागृत या गहरी निद्रा का।
ऐसे ही सेवा पठन हेतु, श्रम खिन्न भाव से रहने का॥
कीट, पतंगे, कुंथु चींटियां, हाथ पैर के भागों पर।
जंघा, भुजा, उदर, वक्षस्थल, सिर, पट और पात्र ऊपर॥
कंबल, पद प्रोंछन आदिक पर, रजोहरण या पूंजनी पर।
स्थण्डिल पात्र दण्ड के ऊपर, चौकी वा पाटे के ऊपर॥
शय्या संस्तारक अन्य तथा, ऐसे विध-विध उपकरणों पर।
पहले कहे हुए प्राणी गण, काय तथा उपकरणों पर॥
वार वार प्रतिलेखन कर, यतना से उनको दूर करे।
विना परस्पर टकराये, जीवों को ले एकान्त धरे॥२

१. अजयं चरमाणो उ, पाणभूयाइं हिंसई ।
बंधइ पावयं कम्मं, तं से होइ कडुयं फलं ।।

२. अजयं चिट्ठमाणो उ, पाणभूयाइं हिंसई ।
बंधइ पावयं कम्मं, तं से होइ कडुयं फलं ।।

३. अजयं आसमाणो उ, पाणभूयाइं हिंसई ।
बंधइ पावयं कम्मं, तं से होइ कडुयं फलं ।।

४. अजयं सयमाणो उ, पाणभूयाइं हिंसई ।
बंधइ पावयं कम्मं, तं से होइ कडुयं फलं ।।

५. अजयं भुंजमाणो उ, पाणभूयाइं हिंसई ।
बंधइ पावयं कम्मं, तं से होइ कडुयं फलं ।।

६. अजयं भासमाणो उ, पाणभूयाइं हिंसई ।
बंधइ पावयं कम्मं तं से होइ कडुयं फलं ।।

७. कहं चरे ? कहं चिट्ठे ?, कहमासे ? कहं सए ? ।
कहं भुंजंतो भासंतो, पाव-कम्मं न बंधइ ? ।।

८. जयं चरे, जयं चिट्ठे, जयमासे जयं सए ।
जयं भुंजंतो भासंतो, पाव-कम्मं न बंधइ ।।

९. सव्वभूयप्पभूयस्स, सम्मं भूयाइं पासओ ।
पिहियासवस्स दंतस्स, पाव कम्मं न बंधइ ।।

१०. पढ़मं नाणं तओ दया, एवं चिट्ठइ सव्व संजए ।
अन्नाणी किं काही, किं वा नाहिइ सेय-पावगं ।।

१. अयत्न से चलने वाला, प्राणी की हिंसा करता है ।
वांधता पाप कर्मो को है, इससे कड़वा फल मिलता है ॥

२. अयत्न से जो खड़ा रहे, प्राणी की हिंसा करता है ।
वांधता पाप कर्मो को है, इससे कड़वा फल मिलता है ॥

३. यत्न रहित वैठे कोई, प्राणी की हिंसा करता है ।
वांधता पाप कर्मों को है, इससे कड़वा फल मिलता है ॥

४. यत्न रहित सोनेवाला, प्राणी की हिंसा करता है ।
वांधता पाप कर्मों को है, इससे कड़वा फल मिलता है ॥

५. यत्न रहित खाने वाला, प्राणी की हिंसा करता है ।
वांधता पाप कर्मो को है, इससे कड़वा फल मिलता है ॥

६. यत्न रहित भाषण करता, प्राणी की हिंसा करता है ।
वांधता पाप कर्मो को है, इससे कड़वा फल मिलता है ॥

७. कैसे चले खड़ा हो कैसे ?, कैसे वैठे और शयन करे ?
कैसे खाते, भाषण करते ना पाप कर्म का वन्ध करे ?

८. यतना से चले खड़ा होवे, यतना से वैठे शयन करे ।
यतना से खाये वोले तो, ना पाप कर्म का वंध धरे ॥

९. सव जीवों में आत्म वुद्धि, एवं सव में समदर्शी हो ।
आस्रव रोधी दान्त श्रमण के, न पाप कर्म का वंधन हो ॥

१०. पहले ज्ञान दया पीछे, ऐसा सव मुनिजन कहते हैं ।
अज्ञानी क्या कर सकते ?, ना अच्छा वुरा समझते हैं ॥

११. कल्याण कर्म सुनकर जाने, सुन पाप कर्म का ज्ञान करे ।
दोनों ही सुनकर समझे नर, फिर श्रेय कर्म में ध्यान धरे ।।

१२. जो जीवों को नहीं जानता, फिर अजीव का ज्ञान नहीं ।
जीव अजीव विना जाने, संयम का होता वोध नहीं ।।

१३. जानता यहां जो जीवों को, एवं अजीव को भी जाने ।
जो जीव अजीव युगल जाने, वही नर संयम को जाने ।।

१४. जव जीवों और अजीवों का, दोनों का ज्ञाता हो जाता ।
तव वहुविध गति सव जीवों की, वह विना कहे अवगत करता ।।

१५. जव वहुविध गति सव जीवों की, साधक नर जान यहां लेता ।
तव पुण्य पाप और वंध मोक्ष, इनका भी ज्ञान सहज होता ।।

१६. जव पुण्य पाप और वंध मोक्ष, इनको है सहज जान लेता ।
तव देव मानवी भोगों पर, तन मन से नहीं ध्यान देता ।।

१७. जव देव मानुषी भोगों पर, तन मन से नहीं ध्यान देता ।
तव वाह्याभ्यन्तर ममता को, वह सहज रूप से तज देता ।।

१८. जव वाहर भीतर की ममता, का त्याग सहज में कर देता ।
तव मुण्डित होकर इस जग में, साधुता प्राप्त है कर लेता ।।

१९. जव मुण्डित होकर इस जग में, साधुता प्राप्त कर लेता है ।
तव उत्कृष्ट धर्म संवर के, पद को वह पा लेता है ।।

२०. जव उत्कृष्ट धर्म संवर के, पद को वह पा लेता है ।
तव आत्मिक अज्ञान जन्य, कर्माणु दूर कर देता है ।।

२१. जया धुणइ कम्मरयं, अबोहिकलुसं कडं ।
तया सव्वत्तगं नाणं, दंसणं चाभिगच्छइ ॥

२२. जया सव्वत्तगं नाणं दंसणं चाभिगच्छइ ।
तया लोगमलोगं च, जिणो जाणइ केवली ॥

२३. जया लोगमलोगं च, जिणो जाणइ केवली ।
तया जोगे निरुंभित्ता, सेलेसिं पडिवज्जइ ॥

२४. जया जोगे निरुंभित्ता, सेलेसिं पडिवज्जइ ।
तया कम्मं खवित्ताणं, सिद्धिं गच्छइ नीरओ ॥

२५. जया कम्मं खवित्ताणं सिद्धिं, गच्छइ नीरओ ।
तया लोगमत्थयत्थो, सिद्धो हवइ सासओ ॥

२६. सुह सायगस्स समणस्स, सायाउलगस्स निगामसाइस्स ।
उच्छोलणा पहोअस्स, 'दुलहा सुगइ' तारिसगस्स ॥

२७. तवो गुण पहाणस्स, उज्जुमइ-खंती-संजमरयस्स ।
परीसहे जिणंतस्स, 'सुलहा सुगइ' तारिसगस्स ॥

२८. पच्छा वि ते पयाया, खिप्पं गच्छंति अमर भवणाइं ।
जे सिं पिओ तवो संजमो य, खंति य बंभचेरं च ॥

२९. इच्चेयं छज्जीवणियं, सम्मद्दिट्ठी सया जए ।
दुल्लहं लहित्तु सामण्णं, कम्मुणा न विराहिज्जासि ॥
—त्ति बेमि ।

—:०:—

२१. जव आत्मिक अज्ञान जन्य, कर्माणु दूर कर देता है।
तव सार्वत्रिक पूर्ण ज्ञान, और दर्शन को पा लेता है॥

२२. जव सार्वत्रिक पूर्ण ज्ञान, और दर्शन को पा लेता है।
तव सब लोक अलोक जानकर, जिन केवली हो जाता है॥

२३. जव सव लोक अलोक जानकर, जिन केवली हो जाता है।
तव योगों का रोधनकर, शैलेशी पद पा लेता है॥

२४. जब योगों का रोधनकर, शैलेशी पद पा लेता है।
तव कर्मों का पूर्ण क्षपणकर, नीरज सिद्धि को पाता है॥

२५. जब कर्मों का पूर्ण क्षपणकर, नीरज सिद्धि को पाता है।
तव लोकाग्र भाग संस्थित, शाश्वत शिव पद पा लेता है॥

२६. सुख के स्वादी साता व्याकुल, निद्रा को आदर जो देते।
धावन प्रधान जो आरम्भी, वे श्रमण सुगति दुर्लभ पाते॥

२७. तप गुण प्रधान ऋजु शुद्ध बुद्धि, जो क्षमा साधनारत मुनिवर।
जो परीषहों के जेता हैं, ऐसों की सद्गति है सुखकर॥

२८. जिनको प्यारा तप संयम है, क्षान्ति और सत्-शीलप्रधान।
वे पीछे से भी आकर के, पा लेते हैं अमर विमान॥

२९. इस प्रकार षट् जीव निकाय में, समदृष्टि सदा शुभ यत्न करे।
दुर्लभ श्रमणधर्म पाकर, ना जीव विराधन कर्म करे॥

—ऐसा मैं कहता हूं।

उत्तराध्ययन-सूत्र

(भ० महावीर का अन्तिम उपदेश)

(३)

चौथा अध्ययन-असंस्कृत

१. असंखयं जीविय मा पमायए, जरोवणीयस्स हु णत्थि ताणं ।
एवं वियाणाहि जणे पमत्ते, किण्णु विहिंसा अजया गहिंति ।।

२. जे पावकम्मेहिं धणं मणूसा, समाययंति अमइं गहाय ।
पहाय ते पासपयट्ठिए णरे वेराणुबद्धा णरयं उवेंति ।।

३. तेणे जहा संधिमुहे गहिए, सकम्मुणा किच्चइ पावकारी ।
एवं पया पेच्च इहं च लोए, कडाण कम्माण ण मोक्ख अत्थि ।।

४. संसारमावण्ण परस्स अट्ठा, साहारणं जं च करेइ कम्मं ।
कम्मस्स ते तस्स उ वेयकाले, ण बंधवा बंधवयं उवेंति ।।

५. वित्तेण ताणं ण लभे पमत्ते, इमम्मि लोए अदुवा परत्था ।
दीवप्पणट्ठे व अणंतमोहे, णेयाउयं दट्ठुमदट्ठुमेव ।।

६. सुत्तेसु यावि पडिबुद्धजीवि, णो वीससे पंडिए आसुपण्णे ।
घोरा मुहुत्ता अबलं सरीरं, भारंडपक्खी व चरेऽप्पमत्ते ।।

७. चरे पयाइं परिसंकमाणो, जं किंचि पासं इह मण्णमाणो ।
लाभंतरे जीविय बूहइत्ता, पच्छा परिण्णाय मलावधंसी ।।

उत्तराध्ययन–सूत्र

(भ० महावीर का अन्तिम उपदेश)

(३)

चौथा अध्ययन–असंस्कृत

१. छोड़ प्रमाद, जुड़े नां जीवन, जरसोपनीत का त्राण नहीं।
यों जान प्रमादी हिंस्र-असंयत, लेंगे किसकी शरण कहीं ?

२. पाप–प्रवृत्ति से यदि कोई, मानव वैभव को पाता है।
धन छोड़ वैर से बंधा देख लो, नरक लोक वह जाता है ॥

३. ज्यों चोर सेंधमुख पर पकड़ा जाकर, निज कर्म वश काटा जाता।
त्यों यह जीव उभय भव में, कर्म भोगे विन छूट न पाता ॥

४. स्व पर के कारण जो संसारी, साधारण कर्म कमाता है।
कर्म भोग के समय कोई, बान्धव नहीं भाग बंटाता है ॥

५. धन के विषयी को त्राण नहीं, इस भव में अथवा पर भव में।
बुझ गये दीपवत् अति मोही, देखे पथ भी न चले वन में ॥

६. सुप्त जनों में भी ज्ञानी, प्रतिबुद्ध भरोसा करे नहीं।
निर्बल शरीर [illegible] बड़ा निष्ठुर, भारण्ड सम करे प्रमाद नहीं ॥

७. मुनि चले दोष से शंकित हो, थोड़ा भी दोष बन्धन समझे।
हो लाभ जहाँ तक करे तन पोषण, विन लाभ देह का मोह तजे ॥

८. छंदं णिरोहेण उवेइ मोक्खं, आसे जहा सिक्खियवम्मधारी ।
पुव्वाइं वासाइं चरेऽप्पमत्तो, तम्हा मुणी खिप्पमुवेइ मोक्खं ॥

९. स पुव्वमेवं ण लभेज्ज पच्छा, एसोवमा सासयवाइयाणं ।
विसीयइ सिढिले आउयम्मि, कालोवणीए सरीरस्स भेए ॥

१०. खिप्पं ण सक्केइ विवेगमेउं, तम्हा समुट्ठाय पहाय कामे ।
समिच्च लोगं समया महेसी, आयाणुरक्खी चरेऽप्पमत्तो ॥

११. मुहुं मुहुं मोहगुणे जयंतं, अणेगरूवा समणं चरंतं ।
फासा फुसंती असमंजसं च, ण तेसु भिक्खू मणसा पउस्से ॥

१२. मंदा य फासा बहुलोहणिज्जा, तहप्पगारेसु मणं ण कुज्जा ।
रक्खेज्ज कोहं विणएज्ज माणं, मायं ण सेवेज्ज पहेज्ज लोहं ॥

१३. जे संखया तुच्छ परप्पवाई, ते पिज्जदोसाणुगया परज्झा ।
एए अहम्मेत्ति दुगुंछमाणो, कंखे गुणे जाव सरीर भेए—त्ति बेमि॥

नवमां अध्ययन—नमि प्रव्रज्या

१. चइऊण देवलोगाओ, उववण्णो माणुसम्मि लोगम्मि ।
उवसन्तमोहणिज्जो, सरइ पोराणियं जाइं ॥

२. जाइं सरित्तु भयवं, सहसंबुद्धो[1] अणुत्तरे धम्मे ।
पुत्तं ठवित्तु रज्जे, अभिणिक्खमई णमी राया ॥

३. सो देवलोगसरिसे, अंतेउरवरगओ वरे भोए ।
भुंजित्तु णमी राया, बुद्धो भोगे परिच्चयइ ॥

---

१. 'सयं सं बुद्धो' यह पाठान्तर भी है ।

८. इच्छानिरोध से मुक्ति मिले, ज्यों शिक्षित हय कवचधारी।
पूर्व वर्ष चल अप्रमत्त हो, शीघ्र मुक्ति ले व्रतधारी॥

९. जो पूर्व नहीं मिलता पीछे भी, निश्चय यह शाश्वत वाद कहे।
पर शिथिल आयु में काल जनित, तनभेद देख मन खेद लहे॥

१०. शीघ्र विवेक न पा सकता, उठ अतः काम सुख त्याग करो।
यह लोक जान समभाव रमो, आत्मार्थी जागृत हो विचरो॥

११. वार वार मोहादि जीतते, उग्र विहारी मुनि जन को।
विविध विषय परिषह दुःख देते, मन से न संत सोचे उनको॥

१२. अनुकूल स्पर्श मन ललचाते, वैसे में मन ना प्रीति धरे।
कर क्रोध दूर और मान हटा, माया सेवे ना लोभ करे॥

१३. परवादी संधेय-आयु को, राग द्वेषवश हो कहते।
धर्म शून्य उनका मन तज, गुण अर्जन अन्तिम दम करते॥

नवमां अध्ययन—नमि प्रव्रज्या

१. अमर लोक से च्युत होकर, नमि ने नर भव में जन्म लिया।
उपशान्त मोह के होने से, निज पूर्व जन्म का स्मरण किया॥

२. पूर्व जन्म की स्मृति से नमि को, श्रेष्ठ धर्म का बोध हुआ।
राज्य भार सुत को देकर, गृहस्थ धर्म से निवृत्त हुआ॥

३. सुर लोक सरीसे भोगों का, अन्तःपुर में उपभोग किया।
धर्म बुद्ध हो नमि राजा ने, उन भोगों से मन को हटा लिया॥

४. मिहिलं सपुरजणवयं, बलमोरोहं च परियणं सव्वं।
चिच्चा अभिणिक्खंतो, एगंतमहिड्ढिओ भयवं ॥

५. कोलाहलगभूयं, आसी मिहिलाए पव्वयंतम्मि।
तइया रायरिसिम्मि, णमिम्मि अभिणिक्खमंतम्मि ॥

६. अब्भुट्ठियं रायरिसिं, पव्वज्जाठाणमुत्तमं।
सक्को माहणरूवेणं, इमं वयणमब्बवी–

७. 'किण्णु भो अज्ज ! मिहिलाए, कोलाहलगसंकुला।
सुव्वं ति दारुणा सद्दा, पासाएसु गिहेसु य ?'

८. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ।
तओ णमी रायरिसी, देविंदं इणमब्बवी—

९. 'मिहिलाए चेइए वच्छे, सीयच्छाए मणोरमे।
पत्तपुप्फफलोवेए, बहूणं बहूगुणे सया ॥

१०. वाएण हीरमाणम्मि, चेइयम्मि मणोरमे।
दुहिया असरणा अत्ता, एए कंदंति भो ! खगा' ॥

११. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ।
तओ णमिं रायरिसिं, देविंदो इणमब्बवी—

१२. 'एस अग्गी य वाऊ य, एयं डज्झइ मन्दिरं।
भयवं अंतेउरं तेणं, कीस णं णावपेक्खह ?'

१३. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ।
तओ णमी रायरिसी देविंदं इणमब्बवी—

४. जनपद युत प्रिय मिथिलानगरी, सेना रनिवास तथा परिजन ।
सब छोड़ शान्ति पथ पर निकल पड़े, एकान्तवास में स्थिर कर मन ।।

५. मिथिला में कोलाहल छाया, जब नमि प्रव्रज्या हेतु चला ।
सब राज विभव तज राजर्षि, संयम पथ पकड़ा बहुत भला ।।

६. ज्ञानादि गुणों की उच्च भूमि पर, उद्यत हो नमि ने गमन किया ।
विप्ररूपधारी सुरपति ने तब, निकट पहुंच यों कथन किया ।।

७. राजर्षि ! आज इस मिथिला के, महलों में पुर के घर-घर में ।
दारुण कोलाहल व्याप रहा, क्यों बाल वृद्ध सब के स्वर में ?

८. यह हेतु और कारण प्रेरित, नमिराज अर्थ श्रुति गोचर कर ।
सुरपति को बोले इस प्रकार, वाणी ज्ञानामृत से भर कर ।।

९. था एक वृक्ष मिथिला-पुर में, सुन्दर शीतल छाया वाला ।
फल पुष्प पत्र से लदा हुआ, खग गण सेवित बहुगुण वाला ।।

१०. हे विप्र ! एक दिन हवा चली, वह सुन्दर वृक्ष तब उखड़ गया ।
उसके आश्रित पक्षी रोते हैं, जिनका सुनीड़ है उजड़ गया ।।

११. यह हेतु और कारण प्रेरित, राजर्षि-वचन श्रुति गोचर कर ।
देवेन्द्र नमि को यों बोले, अन्तर में गहरा चिन्तन कर ।।

१२. पवन प्रसारित अग्नि से यह, जल रहा तुम्हारा मन्दिर है ।
हे नाथ ! नहीं क्यों देख रहे, अन्तःपुर भी जलने पर है ।।

१३. यह हेतु और कारण प्रेरित, देवेन्द्र-वचन श्रुति गोचर कर ।
नमि देवेन्द्र से यों बोले, अन्तर में गहरा चिन्तन कर ।।

१४. 'सुहं वसामो जीवामो, जेसिं मो णत्थि किंचणं ।
मिहिलाए डज्झमाणीए, ण मे डज्झइ किंचणं ।।

१५. चत्तपुत्तकलत्तस्स, णिव्वावारस्स भिक्खुणो ।
पियं ण विज्जई किंचि, अप्पियं पि ण विज्जए ।।

१६. बहु खु मुणिणो भद्दं, अणगारस्स भिक्खुणो ।
सव्वओ विप्पमुक्कस्स, एगंतमणुपस्सओ' ।।

१७. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं, देविंदो इणमब्बवी—

१८. 'पागारं कारइत्ताणं, गोपुरट्टालगाणि य ।
उस्सूलग सयग्घीओ, तओ गच्छसि खत्तिया' ।।

१९. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ णमी रायरिसी, देविंदं इणमब्बवी—

२०. 'सद्धं णगरं किच्चा, तवसंवरमग्गलं ।
खंति णिउणपागारं तिगुत्तं दुप्पधंसयं ।।

२१. धणुं परक्कमं किच्चा, जीवं च ईरियं सया ।
धिइं च केयणं किच्चा, सच्चेण पलिमंथए ।।

२२. तवणारायजुत्तेणं भित्तूणं कम्मकंचुयं ।
मुणी विगयसंगामो, भवाओ परिमुच्चए' ।।

१४. हम सुख से वसते जीते हैं, ना यहाँ हमारा कुछ भी है।
मिथिला के जलने से मेरा, जलता न यहां पर कुछ भी है॥

१५. पत्नी पुत्रादिक के त्यागी, व्यवसाय विरत जो भिक्षुक हैं।
प्रिय अप्रिय कुछ भी नहीं वहां, मिट गई मन की चाह जिनकी है॥

१६. है बहुत भद्र उस मुनिवर के, भिक्षाजीवी अनगारी के।
सर्व – संग से विप्रमुक्त, एकान्तरूप सुखधारी के॥

१७. यह हेतु और कारण प्रेरित, राजर्षि–वचन श्रुतिगोचर कर।
देवेन्द्र नमि से यों बोले, अन्तर में गहरा चिन्तन कर॥

१८. राजन् ! परकोटा पुरद्वार, खाई शतमारक अस्त्र बना।
फिर चाहो तुम मुनि बन जाना, एकान्त तपी और शुद्ध मना॥

१९. यह हेतु और कारण प्रेरित, देवेन्द्र–वचन श्रुतिगोचर कर।
नमि देवेन्द्र से यों बोले, अन्तर में गहरा चिन्तन कर॥

२०. श्रद्धा नगर अर्गला[1] तप संयम, शान्ति का दृढ़ प्राकार[2]।
मन वाणी काया से गोपित, रक्षा का मुनि करे विचार॥

२१. धनुष पराक्रम का करके, ईर्या को उसकी डोर करे।
धृति को मूठ बनाकर उसकी, बांध सत्य से जोर धरे॥

२२. तप का तीर चढ़ा धनु ऊपर, कर्मों का कंचुक भेद चले।
हो मुक्त श्रमण इस समरांगण से, संसार भ्रमण का अन्त करे॥

---

१. आगल २. परकोटा

२३. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं, देविंदो इणमब्बवी—

२४. 'पासाए कारइत्ताणं वड्ढमाणगिहाणि य ।
बालग्गपोइयाओ य, तओ गच्छसि खत्तिया' ॥

२५. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ णमी रायरिसी, देविंदं इणमब्बवी—

२६. 'संसयं खलु सो कुणइ, जो मग्गे कुणइ घरं ।
जत्थेव गंतुमिच्छेज्जा, तत्थ कुव्वेज्ज सासयं' ॥

२७. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं, देविंदो इणमब्बवी—

२८. 'आमोसे लोमहारे य, गंठिभेए य तक्करे ।
णगरस्स खेमं काऊणं, तओ गच्छसि खत्तिया' ॥

२९. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ णमी रायरिसी, देविंदं इणमब्बवी—

३०. 'असइं तु मणुस्सेहिं, मिच्छादंडो पउंजइ ।
अकारिणोत्थ बज्झंति, मुच्चई कारओ जणो' ॥

३१. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं, देविंदो इणमब्बवी—

२. 'जे केइ पत्थिवा तुज्झं, णाणमंति णराहिवा ।
वसे ते ठावइत्ता णं, तओ गच्छसि खत्तिया' !

२३. यह हेतु और कारण प्रेरित, राजर्षि–वचन श्रुति-गोचर कर।
देवेन्द्र नमि से यों बोले, अन्तर में गहरा चिन्तन कर॥

२४. बनवाओ प्रासाद भूप ! और वर्द्धमान सुन्दर शाला।
हो चन्द्रशाल उज्ज्वल शीतल, फिर मुनि होकर पकड़ो माला॥

२५. यह हेतु और कारण प्रेरित, देवेन्द्र–वचन श्रुति-गोचर कर।
नमि देवेन्द्र से यों बोले, अन्तर में गहरा चिन्तन कर।

२६. संशय निश्चय वह करता है, जो पथ ही में बनवाता घर।
जाने की इच्छा जहाँ वहाँ, बनवाये शाश्वत अपना घर।

२७. यह हेतु और कारण प्रेरित, सुरराज अर्थ ऐसा सुनकर।
राजर्षि नमि को इस प्रकार, बोले फिर वचन भाव से भर॥

२८. चोर लुटेरों गठकट्टों से, नागर जन को निर्भय करना।
करके कल्याण नगर का तुम, फिर भिक्षापथ पर पग धरना॥

२९. यह हेतु और कारण प्रेरित, नमिराज अर्थ श्रुतिगोचर कर।
सुरपति से बोले इस प्रकार, वाणी ज्ञानामृत से भर कर॥

३०. बहुत बार मानव भ्रमवश, गलत दण्ड दे जाते हैं।
दण्डित होते हैं निरपराध, दोषी पूरे बच जाते हैं॥

३१. यह हेतु और कारण प्रेरित, राजर्षि–वचन श्रुतिगोचर कर।
देवेन्द्र नमि से यों बोले, अन्तर में गहरा चिन्तन कर॥

३२. हे नरपति ! तेरे सन्मुख जो, भूपाल नहीं आकर नमते।
वश में पहले उनको करके, भले लगोगे अन्तःपुर तजते॥

३३. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ।
तओ णमी रायरिसी, देविंदं इणमब्बवी—

३४. 'जो सहस्सं सहस्साणं, संगामे दुज्जए जिणे।
एगं जिणेज्ज अप्पाणं, एस से परमो जओ॥

३५. अप्पाणमेव जुज्झाहि, किं ते जुज्झेण बज्झओ?,
अप्पाणमेवअप्पाणं,[1] जइत्ता[2] सुहमेहए॥

३६. पंचिंदियाणि कोहं, माणं मायं तहेव लोहं च।
दुज्जयं चेव अप्पाणं, सव्वमप्पं जिए जियं'॥

३७. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ।
तओ णमिं रायरिसिं, देविंदो इणमब्बवी—

३८. 'जइत्ता विउले जण्णे, भोइत्ता समणमाहणे।
दच्चा भोच्चा य जिट्ठा य, तओ गच्छसि खत्तिया'!

३९. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ।
तओ णमी रायरिसी, देविंदं इणमब्बवी—

४०. 'जो सहस्सं सहस्साणं, मासे मासे गवं दए।
तस्सावि संजमो सेओ, अदित्तस्स वि किंचणं'॥

४१. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ।
तओ णमिं रायरिसिं, देविंदो इणमब्बवी—

---

१. 'अप्पणाचेव अप्पाणं' ऐसा पाठ भी कुछ प्रतियों में मिलता है।
२. 'जिणित्ता' पाठान्तर भी है।

३३. यह हेतु और कारण प्रेरित, देवेन्द्र-वचन श्रुतिगोचर कर।
नमि देवेन्द्र से यों बोले, वाणी ज्ञानामृत से भर कर ।।

३४. दुर्जय रण में दस लाख सुभट, पर हँसते विजय मिलाता है।
स्वयं को एक विजय करता, वह परम जयी कहलाता है ।।

३५. कर युद्ध स्वयं से बाहर में लड़ने से क्या फल मिलता है।
अन्तर्मन से दुर्भाव जीत, मानव हर्षित मन रहता है ।।

३६. इन्द्रिय पाँच, क्रोध माया मद, लोभ दोष को जान लिया।
दुर्जय आत्मविजय कर निजको, जीते सब जग जीत लिया ।।

३७. यह हेतु और कारण प्रेरित, राजर्षि-वचन श्रुतिगोचर कर।
देवेन्द्र नमि से यों बोले, अन्तर में गहरा चिन्तन कर ।।

३८. विपुल यज्ञ का यजन करा, दे भोज्य श्रमण और ब्राह्मण को।
दो दान, भोग और यज्ञ करो, फिर पाना नृप ! मुनि जीवन को ।।

३९. यह हेतु और कारण प्रेरित, नमिराज अर्थ ऐसा सुनकर।
सुरपति से बोले इस प्रकार, फिर वचन अमूल्य ज्ञान से भर ।।

४०. दस लाख गाय जो मास मास, देता संयम से हो सूना।
दे दान नहीं कुछ भी पर है, संयम का मूल्य सदा दूना ।।

४१. यह हेतु और कारण प्रेरित, देवेन्द्र वचन श्रुतिगोचर कर।
राजर्षि नमी को यों बोले, अन्तर में गहरा चिन्तन कर ।।

४२. 'घोरासमं चइत्ताणं, अण्णं पत्थेसि आसमं ।
इहेव पोसहरओ, भवाहि मणुयाहिवा !'

४३. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ णमी रायरिसी, देविंदं इणमब्बवी—

४४. 'मासे मासे उ जो बालो, कुसग्गेणं तु भुंजए ।
ण सो सुअक्खायधम्मस्स, कलं अग्घइ सोलसिं' ।।

४५. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं, देविंदो इणमब्बवी—

४६. 'हिरण्णं सुवण्णं मणिमुत्तं, कंसं दूसं च वाहणं ।
कोसं च वड्ढावइत्ताणं, तओ गच्छसि खत्तिया' !

४७. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ णमी रायरिसी, देविंदं इणमब्बवी—

४८. 'सुवण्ण रुप्पस्स उ पव्वया भवे,
सिया हु केलाससमा असंखया ।
णरस्स लुद्धस्स ण तेहिं किंचि,
इच्छा हु आगाससमा अणंतिया ।।

४९. पुढवी साली जवा चेव, हिरण्णं पसुभिस्सह ।
पडिपुण्णं णालमेगस्स, इइ विज्जा तवं चरे' ।।

५०. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं, देविंदो इणमब्बवी—

४२. करके तुम त्याग गृहस्थाश्रम, अन्याश्रम की क्यों चाह करो।
घर में ही पौषधरत रहकर, राजन्! सेवा का भाव धरो॥

४३. यह हेतु और कारण प्रेरित, नमिराज अर्थ श्रुतिगोचर कर।
सुरपति को बोले इस प्रकार, वाणी ज्ञानामृत से भर कर॥

४४. जो बाल मास का तप करके, भोजन कुशाग्र भर है करता।
श्रुत चरणधर्म की कलाषोडसी, भी वह प्राप्त नहीं करता॥

४५. यह हेतु और कारण प्रेरित, देवेन्द्र वचन श्रुतिगोचर कर।
राजर्षि नमी को यों बोले, अन्तर में गहरा चिन्तन कर॥

४६. सोना चांदी मणि मुक्ता फल, कांस्यादि वस्त्र वाहन सुखकर।
इनसे निज कोष बढ़ा राजन्!, पीछे मुनिव्रत को धारण कर॥

४७. यह हेतु और कारण प्रेरित, नमिराज अर्थ श्रुतिगोचर कर।
सुरपति से बोले इस प्रकार, अन्तर में गहरा चिन्तन कर॥

४८. सोने चांदी के गिरि निश्चय,
कैलाश तुल्य अगणित पाले।
फिर भी न लुब्ध को जरा तोष,
इच्छा अनन्त नभ विस्तारे॥

४९. जो चावल से भरी धरा यह, स्वर्ण और पशुओं के संग।
है न एक के लिये बहुत, यह सोच धरें हम तप में रंग॥

५०. यह हेतु और कारण प्रेरित, देवेन्द्र वचन श्रुतिगोचर कर।
राजर्षि नमी से यों बोले, अन्तर में गहरा चिन्तन कर॥

५१. 'अच्छेरगमब्भुदए, भोए चयसि पत्थिवा !
असंते कामे पत्थेसि, संकप्पेण विहम्मसि' ।।

५२. एयमट्ठं णिसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ णमी रायरिसी, देविंदं इणमब्बवी—

५३. 'सल्लं कामा विसं कामा, कामा आसीविसोवमा ।
कामे भोए पत्थेमाणा, अकामा जंति दुग्गई ।।

५४. अहे वयइ कोहेणं, माणेणं अहमा गई ।
माया गईपडिग्घाओ, लोहाओ दुहओ भयं' ।।

५५. अवउज्झिऊण माहणरूवं, विउव्विऊण इंदत्तं ।
वंदइ अभित्थुणंतो, इमाहिं महुराहिं वग्गूहिं—

५६. 'अहो ! ते णिज्जओ कोहो, अहो ! माणो पराइओ ।
अहो ! ते णिरक्किया माया, अहो ! लोहो वसीकओ ।।

५७. अहो ! ते अज्जवं साहु, अहो ! ते साहु मद्दवं ।
अहो ! ते उत्तमा खंती, अहो ! ते मुत्ति उत्तमा ।।

५८. इहंसि उत्तमो भंते, पच्छा होहिसि उत्तमो ।
लोगुत्तमुत्तमं ठाणं, सिद्धिं गच्छसि णीरओ' ।।

५९. एवं अभित्थुणंतो, रायरिसिं उत्तमाए सद्धाए ।
पयाहिणं करेंतो, पुणो पुणो वंदइ सक्को ।

६०. तो वंदिऊण पाए, चक्कंकुसलक्खणे मुणिवरस्स ।
आगासेणुप्पइओ, ललियचवलकुण्डलतिरीडी ।।

५१. आश्चर्य ! बड़े उन्नत क्षण में, नृप ! त्याग भोग का करते हो ।
असत् काम की वांछा से, संकल्पाहत तुम रहते हो ॥

५२. यह हेतु और कारण प्रेरित, नमिराज अर्थ श्रुतिगोचर कर ।
सुरपति से बोले इस प्रकार, वाणी ज्ञानामृत से भर कर ॥

५३ है काम शल्य और विष भारी, आशीविषवत् जीवन-हारी ।
बिन भोगे जाते दुर्गति में, कामेच्छा ऐसी दुखकारी ॥

५४. है क्रोध नीच पद पहुँचाता, अभिमान अधमगति देता है ।
माया से सद्गति रुकती है, लोभी दोनों भव खोता है ॥

५५. विप्र-रूप को छोड़ अमरपति, इन्द्ररूप धारण करके ।
करते हुए स्तवन अभिवादन, इन मधुर स्वरों में गा करके ॥

५६. अहो ! क्रोध को जीता तुमने, किया पराजित तुमने मान ।
अहो ! छोड़ दी माया तुमने, वश में किया लोभ शैतान ॥

५७. अहो ! श्रेष्ठ है आर्जव तेरा, मार्दव भी है हितकारी ।
सर्वोत्तम है क्षमा तुम्हारी, लोभ-त्याग विस्मयकारी ॥

५८. इस भव में तुम उत्तम हो, पर भव में भी होंगे उत्तम ।
कर्म धूलि से रहित सिद्धि, पद पाओगे तुम पावनतम ॥

५९. यों करते हुए स्तवन सुरपति ने, उत्तम श्रद्धा से महिमा की ।
करके प्रदक्षिणा बार बार, वन्दना नमी नरपति की की ॥

६०. चक्र और अंकुश चिह्नित, मुनि के चरणों में नमन किया ।
ललित चपल-कुण्डल किरीटधर, शक्र स्वर्ग में लौट गया ॥

६१. णमी णमेइ अप्पाणं, सक्खं सक्केण चोइओ।
चइऊण गेहं वइदेही, सामण्णे पज्जुवट्ठिओ ।।

६२. एवं करेंति संबुद्धा, पंडिया पवियक्खणा।
विणियट्टंति भोगेसु, जहा से नमि रायरिसि–त्तिबेमि ।।

दसवां अध्ययन–द्रुम पत्रक

१. दुमपत्तए पंडुयए जहा, निवडइ राइगणाण अच्चए।
एवं मणुयाण जीवियं, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

२. कुसग्गे जह ओसबिंदुए, थोवं चिट्ठइ लंबमाणए।
एवं मणुयाण जीवियं, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

३. इह इत्तरियम्मि आउए, जीवियए बहुपच्चवायए।
विहुणाहि रयं पुरे कडं, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

४. दुल्लहे खलु माणुसे भवे, चिरकालेण वि सव्वपाणिणं।
गाढा य विवाग कम्मुणो, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

५. पुढविकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे।
कालं संखाईयं, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

६. आउकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे।
कालं संखाईयं, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

७. तेउकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे।
कालं संखाईयं, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

६१. प्रत्यक्ष शक्र से प्रेरित हो, नमि ने संयम मन रमा लिया।
तजकर भवनादिक वैदेही, श्रामण्य भाव मन अटल किया॥

६२. संबुद्ध विचक्षण पंडितजन, जग में ऐसा ही करते हैं।
हो दूर भोग से नमि नृपवत्, वे संयम पथ पर चलते हैं॥

दसवां अध्ययन--द्रुम पत्रक

१. ज्यों रजनीगण के जाने पर, तरु-पत्र पुराने जाते झर।
वैसे नश्वर मानव-जीवन, गौतम! प्रमाद क्षण का मतकर॥

२. कुश-नोक[1] लटकते ओसबिन्दु, कुछ देर ठहरते ज्यों उस पर।
वैसे मानव का जीवन है, गौतम! प्रमाद क्षण का मतकर॥

३. यह अल्पकाल की आयु और, जीवन बहु विघ्नों का है घर।
कर दूर पुराकृत कर्म धूलि, गौतम! प्रमाद क्षण का मतकर॥

४. चिर काल तक भी सब जीवों को, मानव जीवन है दुर्लभतर।
होते हैं कर्म-विपाक तीव्र, गौतम! प्रमाद क्षण का मतकर॥

५. पृथ्वी के भव में जा प्राणी, उत्कृष्ट काल जीवन धर कर।
बसता वह काल असंख्य वहां, गौतम! प्रमाद क्षण का मतकर॥

६. अप्काय योनि में जा प्राणी, उत्कृष्ट काल तक जीवन धर कर।
बसता वह काल असंख्य वहां, गौतम! प्रमाद क्षण का मतकर॥

७. तेजकाय भव जा प्राणी, उत्कृष्ट काल जीवन धर कर।
बसता वह काल असंख्य वहां, गौतम! प्रमाद क्षण का मतकर॥

---

१. घास की नोंक

८. वाउकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे।
कालं संखाईयं, समयं गोयम ! मा पमायए॥

९. वणस्सइकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे।
कालमणंतदुरंतयं समयं गोयम ! मा पमायए॥

१०. बेइंदियकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे।
कालं संखिज्जसन्नियं, समयं गोयम ! मा पमायए॥

११. तेइंदियकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे।
कालं संखिज्जसन्नियं, समयं गोयम ! मा पमायए॥

१२. चउरिंदियकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे।
कालं संखिज्जसन्नियं, समयं गोयम ! मा पमायए॥

१३. पंचिंदियकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे।
सत्तट्ठभवग्गहणे, समयं गोयम ! मा पमायए॥

१४. देवे नेरइए य गओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे।
इक्केक्कभवग्गहणे, समयं गोयम ! मा पमायए॥

१५. एवं भवसंसारे, संसरइ सुहासुहेहिं कम्मेहिं।
जीवो पमायबहुलो, समयं गोयम ! मा पमायए॥

१६. लद्धूण वि माणुसत्तणं, आरियत्तणं पुणरवि दुल्लहं।
बहवे दस्सुया मिलक्खुया, समयं गोयम ! मा पमायए॥

८. वायुकाय में जा प्राणी, उत्कृष्ट काल जीवन धर कर।
वसता वह काल असंख्य वहाँ, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ।।

९. हरितकाय भव जा प्राणी, उत्कृष्ट काल जीवन धर कर।
वसता वह काल अनन्त वहाँ, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ।।

१०. दो इन्द्रियकाय पहुँच प्राणी, उत्कृष्ट काल जीवन धर कर।
रहता संख्यामित[1] काल वहाँ, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ।।

११. त्रीन्द्रियकाय पहुँच प्राणी, उत्कृष्ट काल जीवन धर कर।
रहता संख्यामित काल वहाँ, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ।।

१२. चतुरिन्द्रिय योनि में जा प्राणी, उत्कृष्ट काल जीवन धर कर।
रहता संख्यामित काल वहाँ, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ।।

१३. पंचेन्द्रिय भवमें जा प्राणी, उत्कृष्ट काल जीवन धर कर।
सात आठ भव ग्रहण करे, गौतम ! प्रमाद क्षण का मत कर ।।

१४. देव नरक गति में जा प्राणी, उत्कृष्ट काल तन धारण कर।
एक एक भव ग्रहण करे, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ।।

१५. यों कर्म शुभाशुभ से प्राणी, भवभव में भटके तन धर कर।
विषयों में भूला भान फिरे, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ।।

१६. दुर्लभ मानव भव पाकर भी, आर्यत्व मिलाना दुर्लभतर।
हैं दस्यु म्लेच्छ[2] क्रोड़ों ही नर, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ।।

---

१. संख्यात २. चोर—अनार्य

१७. लद्धूण वि आरियत्तणं, अहीणपंचिदियया हु दुल्लहा।
विगलिन्दियया हु दीसइ, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

१८. अहीणपंचिदियत्तं वि से लहे, उत्तमधम्मसुई हु दुल्लहा।
कुतित्थिनिसेवए जणे, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

१९. लद्धूण वि उत्तमं सुइं, सद्दहणा पुणरवि दुल्लहा।
मिच्छत्तनिसेवए जणे, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

२०. धम्मं पि हु सद्दहंतया, दुल्लहया काएण फासया।
इह कामगुणेहिं मुच्छिया, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

२१. परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पंडुरया हवंति ते।
से सोयबले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

२२. परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पंडुरया हवंति ते।
से चक्खुबले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

२३. परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पंडुरया हवंति ते।
से घाणबले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

२४. परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पंडुरया हवंति ते।
से जिब्भबले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

२५. परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पंडुरया हवंति ते।
से फासबले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

१७. पाकर भी आर्यत्व पूर्ण, इन्द्रिय का पाना अति दुष्कर।
हैं कितने इन्द्रिय-विकल यहाँ, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

१८. अविकल पांचों इन्द्रिय पायीं, पर उत्तम धर्म श्रवण दुष्कर।
हैं कुतीर्थसेवी कितने, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

१९. उत्तम धर्म श्रवण कर भी, श्रद्धा की प्राप्ति पुनः दुष्कर।
मिथ्यात्व-निषेवक[1] जन होता, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

२०. धार्मिक श्रद्धा होने पर भी, कायिक आचरण महादुष्कर।
कितने यहाँ काम-गुण-मूर्च्छित, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

२१. हो रहा जीर्ण यह तन तेरा, होते ये केश धवल पक कर।
घट रहा श्रवणबल भी तेरा, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

२२. हो रहा जीर्ण यह तन तेरा, ये केश धवल होते पककर।
घट रहा नयनबल है तेरा, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

२३. हो रहा जीर्ण यह तन तेरा, होते हैं केश धवल पक कर।
घट रहा है घ्राण-बल तेरा, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

२४. हो रहा जीर्ण यह तन तेरा, होते हैं केश धवल पक कर।
घट रहा तुम्हारा जिह्वाबल, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

२५. हो रहा जीर्ण यह तन तेरा, होते हैं केश धवल पक कर।
घट रहा स्पर्श का बल तेरा, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

---

१. मिथ्यात्वी ।

२६. परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पंडुरया हवंति ते।
से सव्ववले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

२७. अरई गंड विसूइया, आयंका विविहा फुसंति ते।
विहडइ विद्धंसइ ते सरीरयं, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

२८. वुच्छिद सिणेहमप्पणो, कुमुयं सारइयं व पाणियं।
से सव्वसिणेहवज्जिए, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

२९. चिच्चाण धणं च भारियं, पव्वइओ हि सि अणगारियं।
मा वंतं पुणो वि आइए, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

३०. अवउज्झिय मित्तबंधवं विउलं चेव धणोहसंचयं।
मा तं बिइयं गवेसए, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

३१. ण हु जिणे अज्ज दीसइ, वहुमए दीसइ मग्गदेसिए ।
संपइ णेयाउए पहे, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

३२. अवसोहिय कंटगापहं, ओइण्णो सि पहं महालयं।
गच्छसि मग्गं विसोहिया, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

३३. अबले जह भारवाहए, मा मग्गे विसमे वगाहिया।
पच्छा पच्छाणुतावए, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

३४. तिण्णो हु सि अण्णवं महं, किं पुण चिट्ठसि तीरमागओ ।
अभितुर पारंगमित्तए, समयं गोयम ! मा पमायए ।।

२६. हो रहा जीर्ण यह तन तेरा, होते हैं केश धवल पक कर।
क्रमशः सब बल हो रहे क्षीण, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

२७. फोड़ा पित्त तथा हैजा, करते अनेक रुज[1] तन में घर।
जिनसे विनष्ट होती काया, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

२८. ज्यों शरद-कुमुद जल लिप्त न हो, यों स्नेह भाव को छेदन कर।
हो जा निर्लिप्त जगत से तूं, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

२९. धन पत्नी को छोड़ प्रव्रज्या, से मुनिता के पथ पर बढ़कर।
वान्त[2] भोग फिर मत पीओ, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

३०. बान्धव मित्र विपुल संचित, धन को पूरे मन से तजकर।
मत फिर से उनकी इच्छा धर, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

३१. निश्चय न आज जिनका दर्शन, पथ दर्शक भी ना एक नजर।
भवतारक पथ पर प्राप्त तुम्हें, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

३२. कण्टकयुत मिथ्या पथ तज के, अवतीर्ण हुए विस्तृत पथ पर।
निर्मल मन से उस पथ पर चल, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

३३. अबल भारवाही जैसे मत, विषम मार्ग अवगाहन कर।
पछताते उत्पथगामी फिर, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

३४. कर गया पार तूं महा उदधि, तट पर आकर क्यों रहा ठहर।
कर जल्दी पार पहुँचने की, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

---

१. रोग। २. वमन किये हुए=छोड़े हुए।

३५. तूं सिद्धलोक को पायेगा, शुभ क्षपक श्रेणि आरोहण कर।
शिव क्षेम अनुत्तरपद को पा, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ।।

३६. संबुद्ध शान्त संयत होकर, तूं ग्राम नगर में विचरण कर।
कर शान्ति मार्ग का संवर्धन, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ।।

३७. पद अर्थ सुशोभित श्रेष्ठ परम, ज्ञानी जन कथित वचन सुनकर।
गौतम गए सिद्धि गति को, निज राग द्वेष का छेदन कर ।।

तेरहवां अध्ययन—चित्तसम्भूतीय

१. हस्तिनापुर में जाति निमित्तक, किया निदान निन्दा पाकर।
चूलनी-कुक्षि से ब्रह्मदत्त, जन्मा प्रिय सुरभव से आकर ।।

२. सम्भूत जन्म काम्पिल्य नगर, और पुरिमताल में चित्त हुआ।
हो सेठ महाकुल में फिर भी, सुन धर्म प्रव्रज्या ग्रहण किया ।।

३. काम्पिल्य नगर में चित्त और, संभूत परस्पर मिल पाये।
अपने सुख दुःख का फल विपाक, दोनों को दोनों बतलाये ।।

४. महाऋद्धि संयुत् चक्री था, महायशस्वी भू स्वामी।
बहुमान पुरस्सर ब्रह्मदत्त, भाई को बोला हितकामी ।।

५. हम दोनों पहले भाई थे, अन्योन्य प्रेम के वश रहते।
अनुरक्त परस्पर में दोनों, हित एक दूसरे का कहते ।।

६. थे दोनों दास दशार्ण बीच, मृग कालिंजर पर्वत पर थे।
मृत-गंगा तट पर रहे हंस, चाण्डाल बने काशी में थे ।।

३५. अकलेवरसेणिमूसिया, सिद्धिं गोयम लोयं गच्छसि ।
खेमं च सिवं अणुत्तरं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

३६. बुद्धे परिनिव्वुडे चरे, गामे गए नगरे व संजए ।
संतिमग्गं च वूहए, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

३७. वुद्धस्स निसम्म भासियं, सुकहियमट्ठपओवसोहियं ।
रागं दोसं च छिंदिया, सिद्धिगइं गए गोयमे ॥ त्ति बेमि ॥

तेरहवां अध्ययन–चित्त सम्भूतीय

१. जाईपराइओ खलु, कासि नियाणं तु हत्थिणपुरम्मि ।
चुलणीए बंभदत्तो, उववन्नो पउमगुम्माओ ॥

२. कंपिल्ले संभूओ चित्तो पुण जाओ पुरिमतालम्मि ।
सेट्ठिकुलम्मि विसाले, धम्मं सोऊण पव्वइओ ॥

३. कंपिल्लम्मि य नयरे, समागया दो वि चित्तसंभूया ।
सुहदुक्खफलविवागं, कहेंति ते एक्कमेक्कस्स ॥

४. चक्कवट्टी महिड्ढिओ, बंभदत्तो महायसो ।
भायरं बहुमाणेणं, इमं वयणमब्बवी ॥

५. आसिमो भायरा दो वि, अन्नमन्नवसाणुगा ।
अन्नमन्नमणुरत्ता, अन्नमन्नहिएसिणो ॥

६. दासा दसण्णे आसी, मिया कालिंजरे नगे ।
हंसा मयंगतीरे य, सोवागा कासिभूमिए ॥

३५. तूं सिद्धलोक को पायेगा, शुभ क्षपक श्रेणि आरोहण कर।
शिव क्षेम अनुत्तरपद को पा, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

३६. संबुद्ध शान्त संयत होकर, तूं ग्राम नगर में विचरण कर।
कर शान्ति मार्ग का संवर्धन, गौतम ! प्रमाद क्षण का मतकर ॥

३७. पद अर्थ सुशोभित श्रेष्ठ परम, ज्ञानी जन कथित वचन सुनकर।
गौतम गए सिद्धि गति को, निज राग द्वेष का छेदन कर ॥

तेरहवां अध्ययन–चित्तसम्भूतीय

१. हस्तिनापुर में जाति निमित्तक, किया निदान निन्दा पाकर।
चूलनी-कुक्षि से ब्रह्मदत्त, जन्मा प्रिय सुरभव से आकर ॥

२. सम्भूत जन्म काम्पिल्य नगर, और पुरिमताल में चित्त हुआ।
हो सेठ महाकुल में फिर भी, सुन धर्म प्रव्रज्या ग्रहण किया ॥

३. काम्पिल्य नगर में चित्त और, संभूत परस्पर मिल पाये।
अपने सुख दुःख का फल विपाक, दोनों को दोनों बतलाये ॥

४. महाऋद्धि संयुत् चक्री था, महायशस्वी भू स्वामी।
बहुमान पुरस्सर ब्रह्मदत्त, भाई को बोला हितकामी ॥

५. हम दोनों पहले भाई थे, अन्योन्य प्रेम के वश रहते।
अनुरक्त परस्पर में दोनों, हित एक दूसरे का कहते ॥

६. थे दोनों दास दशार्ण बीच, मृग कालिंजर पर्वत पर थे।
मृत-गंगा तट पर रहे हंस, चाण्डाल बने काशी में थे ॥

७. देवा य देवलोगम्मि, आसि अम्हे महिड्ढिया।
इमा णो छट्ठिया जाई, अन्नमन्नेण जा विणा ॥

८. कम्मा नियाणप्पगडा, तुमे राय ! विचिंतिया।
तेसिं फलविवागेण, विप्पओगमुवागया ॥

९. सच्चसोयप्पगडा, कम्मा मए पुरा कडा।
ते अज्ज परिभुंजामो, किण्णु चित्ते वि से तहा ?

१०. सव्वं सुचिण्णं सफलं नराणं, कडाण कम्माण न मोक्ख अत्थि।
अत्थेहिं कामेहिं य उत्तमेहिं, आया ममं पुण्णफलोववेए ॥

११. जाणासि संभूय ! महाणुभागं, महिड्ढियं पुण्णफलोववेयं।
चित्तं पि जाणाहि तहेव रायं!, इड्ढी जुई तस्स वि य प्पभूया ॥

१२. महत्थरूवा वयणप्पभूया, गाहाणुगीया नरसंघमज्झे।
जे भिक्खुणो सीलगुणोववेया इह उज्जयंते समणो मि जाओ ॥

१३. उच्चोदए महु कक्के य बंभे, पवेइया आवसहा य रम्मा।
इमं गिहं चित्त धणप्पभूयं, पसाहि पंचालगुणोववेयं ॥

१४. नट्टेहिं गीएहिं य वाइएहिं, नारीजणाहिं परिवारयंतो।
भुंजाहि भोगाइ इमाइ भिक्खू, मम रोयई पव्वज्जा हु दुक्खं ॥

१५. तं पुव्वनेहेण कयाणुरागं, नराहिवं कामगुणेसु गिद्धं।
धम्मस्सिओ तस्स हियाणुपेही, चित्तो इमं वयणमुदाहरित्था ॥

. सव्वं विलवियं गीयं, सव्वं नट्टं विडंबियं।
सव्वे आभरणा भारा, सव्वे कामा दुहावहा ॥

७. सौधर्म-लोक में देव हुए, अति ऋद्धिमान दोनों भाई।
हम सबका यह छट्ठा भव है, जिसमें छूटी है मित्राई।।

८. कर निदान चक्री पद का, राजन्! तुमने मन ध्यान किया।
उस भोग कर्म के फलस्वरूप, हमने वियोग फल प्राप्त किया।।

९. सत्य शौचमय प्रकट कर्म, मैंने पहले कर लिए भले।
हूँ आज भोगता फल उसका, क्या चित्त! तुम्हें भी वही मिले?।।

१०. शुभ कर्म सफल नर के होते, है कृत-कर्मों से मुक्ति नहीं।
श्रेष्ठ अर्थ और कामों से, शुभ फल आत्मा यह भोग रहीं।।

११. संभूत जान अति भाग्यवान, अति-ऋद्धियुक्त शुभ फलवाला।
इस चित्तजीव को भी राजन्! जानो यों कान्ति ऋद्धि वाला।।

१२. वहु अर्थ स्वल्प शब्दों वाली, गाथा गायी मुनि जनगण में।
अर्जन करते मुनि शील-गुणी, सुन मैं भी श्रमण बना क्षण में।।

१३. उच्चोदय कर्क मध्य ब्रह्मा, मधु रम्यावास सजे सारे।
धन धान्य भरा घर भोग करो, पांचालक गुण शोभा धारे।।

१४. तुम नाट्य गीत और वाद्य सहित, नारी जन से परिवृत होकर।
भोगो इन भोगों को भिक्षो! लगती मुनिता मुझको दुःखकर।।

१५. पूर्व प्रेम से अनुरागी, अतिशय कामी उस भूधर को।
धर्माश्रित उसका हित चिन्तक, यों कहा चित्त ने नृप वर को।।

१६. हैं सारे गीत विलाप तुल्य, हैं विडम्बना नाटक सारे।
हैं आभूषण सब भार यहाँ, दुःखदायी काम-भोग सारे।।

१७. बालाभिरामेसु दुहावहेसु, न तं सुहं कामगुणेसु रायं !
विरत्तकामाण तवोधणाणं, जं भिक्खुणं सीलगुणे रयाणं ॥

१८. नरिंद ! जाई अहमा नराणं, सोवागजाइं दुहओ गयाणं ।
जहिं वयं सव्वजणस्स वेस्सा, वसीअ सोवागनिवेसणेसु ॥

१९. तीसे य जाईइ उ पावियाए, वुच्छामु सोवागनिवेसणेसु ।
सव्वस्स लोगस्स दुगंछणिज्जा, इहं तु कम्माइं पुरे कडाइं ॥

२०. सो दाणि सिं राय ! महाणुभागो, महिड्ढिओ पुण्ण फलोववेओ ।
चइत्तु भोगाइं असासयाइं, आदाणहेउं अभिणिक्खमाहि ॥

२१. इह जीविए राय ! असासयम्मि, धणियं तु पुण्णाइं अकुव्वमाणो ।
से सोयई मच्चुमुहोवणीए, धम्मं अकाऊण परंसिलोए ॥

२२. जहेह सीहो व मियं गहाय, मच्चू नरं नेइ हु अंतकाले ।
न तस्स माया व पिया व भाया, कालम्मि तम्मं सहरा[1] भवंति ॥

२३. न तस्स दुक्खं विभयंति नाइओ, न मित्तवग्गा न सुया न बंधवा ।
एक्को सयं पच्चणुहोइ दुक्खं, कत्तारमेव अणुजाइ कम्मं ॥

२४. चिच्चा दुप्पयं च चउप्पयं च, खेत्तं गिहं धणधण्णं च सव्वं ।
सकम्मवीओ[2] अवसो पयाइ, परं भवं सुंदरं पावगं वा ॥

२५. तं इक्कगं तुच्छसरीरगं से, चिईगयं दहिउं पावगेणं ।
भज्जा य पुत्ता वि य नायओ य, दायारमन्नं अणुसंकमंति ॥

---

१. 'तम्मिऽसहरा' यह पाठान्तर भी उपलब्ध होता है ।

२. 'स्वकर्म द्वितीयः' इत्यर्थः ।

१७. बाल-मनोहर दु:खदायी, कामों में वह सुख कहीं नहीं।
जो काम-विरत उस तपोधनी, भिक्षुक को सुख प्राप्त यहीं ॥

१८. अधम जाति चाण्डाल मनुज की, उसमें हम दोनों जन्म लिए।
हम बसे वहाँ सबसे निन्दित हो, चाण्डाल कुलों में कर्म किए ॥

१९. उस पाप युक्त चाण्डाल जाति में, जन्म वास हमने पाया।
सब जन के घृणापात्र होकर, इस भव में संचित फल पाया ॥

२०. महाभाग हे भूप ! यहाँ अब, पुण्य फलोचित पद पाकर।
दीक्षा के हेतु बढ़ो आगे, नश्वर भोगों को ठुकरा कर ॥

२१. अस्थिर इस जीवन में भूधर ! जो अतिशय पुण्य न कर पाता।
बिना धर्म के मरणकाल, और परभव में है पछताता ॥

२२. ज्यों सिंह पकड़ ले जाता मृग को, त्यों मृत्यु मनुज को ले जाती।
ना माता भाई और पिता, उस क्षण में होते हैं साथी ॥

२३. पुत्र मित्र या बन्धु जाति जन, उस दु:ख में भाग नहीं करते।
स्वयं अकेला दु:ख भोगे नर, कर्त्ता के फल पीछे चलते ॥

२४. द्विपद चतुष्पद क्षेत्र भवन धन, धान्य और माया तजकर।
परभव में सुख दु:ख पाने को, वह जाता कर्म विवश बनकर ॥

२५. वह तुच्छ देह चिता पर रखके, पावक से उसे जलाते हैं।
पत्नी पुत्र बन्धु जन सब, फिर अन्य दातृ संग जाते हैं ॥

२६. उवणिज्जई जीवियमप्पमायं, वण्णं जरा हरइ नरस्स रायं !
पंचालराया ! वयणं सुणाहि, मा कासि कम्माइं महालयाइं ॥

२७. अहं पि जाणामि जहेह साहू !, जं मे तुमं साहसि वक्कमेयं ।
भोगा इमे संगकरा हवंति, जे दुज्जया अज्जो ! अम्हारिसेहिं ॥

२८. हत्थिणपुरम्मि चित्ता !, दट्ठूणं नरवइं महिड्ढियं ।
कामभोगेसु गिद्धेणं, नियाणमसुहं कडं ॥

२९. तस्स मे अपडिक्कंतस्स, इमं एयारिसं फलं ।
जाणमाणो वि जं धम्मं, कामभोगेसु मुच्छिओ ॥

३०. नागो जहा पंकजलावसन्नो, दट्ठुं थलं नाभिसमेइ तीरं ।
एवं वयं कामगुणेसु गिद्धा, न भिक्खुणो मग्गमणुव्वयामो ॥

३१. अच्चेइ कालो तूरन्ति राइओ, न यावि भोगा पुरिसाण णिच्चा ।
उविच्च भोगा पुरिसं चयंति, दुमं जहा खीणफलं व पक्खी ॥

३२. जइ तं सि भोगे चइउं असत्तो, अज्जाइं कम्माइं करेहि रायं !
धम्मे ठिओ सव्वपयाणुकंपी, तो होहिसि देवो इओ विउव्वी ॥

३३. न तुज्झ भोगे चइऊण बुद्धी, गिद्धो सि आरम्भपरिग्गहेसु ।
मोहं कओ इत्तिउ विप्पलावो, गच्छामि रायं ! आमंतिओ सि ॥

३४. पंचालराया वि य बंभदत्तो, साहुस्स तस्स वयणं अकाउं ।
अणुत्तरे भुंजिय कामभोगे, अणुत्तरे सो नरए पविट्ठो ॥

२६. सतत कर्म यह जीवन हरता, जरा कान्ति का हरण करें।
पांचालराज ! यह वचन श्रवणकर, मत अति कर्मों का बन्धन करें ।।

२७. मुनिवर जैसा तुम बोल रहे, मैं भी तो वैसा जान रहा।
ये भोग रागवर्धक होते, हम से दुर्जय, मन मान रहा ।।

२८. नगर हस्तिनापुर में मैंने, देखा षट्खण्ड धनी राया।
तब काम भोग से मूर्छित हो, संकल्प भोग का करवाया ।।

२९. किया न दोष का प्रतिक्रमण, मैंने उसका यह फल पाया।
जान धर्म को, काम भोग में, मूर्छित मन हो ललचाया ।।

३०. जैसे कीचड़ में फँसा हाथी, तट देख न वहाँ पहुँच पाता।
वैसे भोगों में लीन बना, मैं भिक्षु मार्ग न अपना पाता ।।

३१. जाता समय रात्रियां जातीं, भोग पुरुष के नित्य नहीं।
मिल कर भोग तजे नर को, ज्यों फलहीन वृक्ष पर खग[1] रहे नहीं ।।

३२ राजन ! यदि भोग न तज सकते, तो आर्यकर्म कुछ कर डालो।
धर्मस्थित हो बन प्रजा हितैषी, जिससे सुर का शुभ पद पा लो ।।

३३. ना भोग त्याग की मति तेरी, आरम्भ-परिग्रह मूर्छित हो।
तो व्यर्थ प्रलाप किया मैंने, जाता हूँ भूप ! उपेक्षित हो ।।

३४. पाञ्चाल भूप वह ब्रह्मदत्त, मुनिवर का वचन अवमानित कर।
गया अनुत्तर[2] नरक बीच, अतिशय भोगों का अनुभव कर ।।

---

१. पक्षी २. सातवीं नरक भूमि

३५. चित्तो वि कामेहि विरत्तकामो, उदग्गचारित्ततवो महेसी।
अणुत्तरं संजमं पालइत्ता, अणुत्तरं सिद्धिगइं गओ–त्ति बेमि ॥

अट्ठाईसवां अध्ययन–मोक्षमार्गगति

१. मोक्खमग्गगइं तच्चं, सुणेह जिणभासियं।
चउकारणसंजुत्तं, नाणदंसणलक्खणं ॥

२. नाणं च दंसणं चेव चरित्तं च तवो तहा।
एस मग्गो त्ति पन्नत्तो, जिणेहिं वरदंसिहिं ॥

३. नाणं च दंसणं चेव चरित्तं च तवो तहा।
एयमग्गमणुप्पत्ता, जीवा गच्छंति सुग्गइं ॥

४. तत्थ पंचविहं नाणं, सुयं आभिनिबोहियं।
ओहिनाणं तु तइयं, मणनाणं च केवलं ॥

५. एयं पंचविहं नाणं, दव्वाण य गुणाण य।
पज्जवाण य सव्वेसि, नाणं नाणीहि देसियं ॥

६. गुणाणमासओ दव्वं, एगदव्वस्सिया गुणा।
लक्खणं पज्जवाणं तु, उभओ अस्सिया भवे ॥

७. धम्मो अहम्मो आगासं, कालो पुग्गल जंतवो।
एस लोगो त्ति पन्नत्तो, जिणेहिं वरदंसिहिं ॥

८ धम्मो अहम्मो आगासं, दव्वं इक्किक्कमाहियं।
अणंताणि य दव्वाणि, कालो पुग्गलजंतवो ॥

३५. काम भोग से विरत चित्त भी, उग्रतपस्वी महा व्रतधारी।
निर्दोष विरति का पालन कर, हो गए सिद्धि गति अधिकारी ॥

२८वां अध्ययन—मोक्ष-मार्ग-गति

१. मोक्ष मार्ग की सत्य गति, जिन-भाषित भाई सुन लेना।
चार कारणों से संयुत, सद्ज्ञान दर्श लक्षण धरना ॥

२. श्रद्धा ज्ञान चारित्र और, चौथा कारण है तप जानो।
यह मार्ग बताया जिनवर ने, निर्दोष ज्ञान उनका मानो ॥

३. ज्ञान और श्रद्धा संयम, तप कारण चौथा बतलाया।
इस पथपर चलकर जीव सुगति, वर पाते जिनवर ने गाया ॥

४. मार्ग चतुष्टय में पहला है, ज्ञान पंचविध बतलाया।
आभिनिवोधिक श्रुत और अवधि, मनपर्यव केवल मनभाया ॥

५. सब द्रव्य और गुण पर्यायें, ज्ञातव्य जगत में तीन सही।
इन सबको जाने जिस गुण से, है ज्ञान पंचविध पूर्ण वही ॥

६. है द्रव्य गुणों का जो आश्रय, द्रव्याश्रित विध-विध गुण होते।
जो द्रव्य और गुण के आश्रित, पर्याय रूप वे कहलाते ॥

७. धर्म-अधर्म, नभ, काल और, पुद्गल, चेतन को द्रव्य कहा।
वरदर्शी जिनवर बतलाते, षड्द्रव्य रूप ही लोक यहाँ ॥

८. धर्म, अधर्म, आकाश द्रव्य, ये एक-एक ही बतलाये।
है जीव, काल, पुद्गल तीनों, ये द्रव्य अनन्त जग में छाये ॥

९. गइलक्खणो उ धम्मो, अहम्मो ठाणलक्खणो ।
भायणं सव्वदव्वाणं, नहं ओगाहलक्खणं ।।

१०. वत्तणालक्खणो कालो, जीवो उवओगलक्खणो ।
नाणेणं दंसणेणं च, सुहेण य दुहेण य ।।

११. नाणं च दंसणं चेव, चरित्तं च तवो तहा ।
वीरियं उवओगो य, एयं जीवस्स लक्खणं ।।

१२. सद्दंधयार-उज्जोओ, पभा छायातवोऽऽइ वा ।
वण्णरसगंधफासा, पुग्गलाणं तु लक्खणं ।।

१३. एगत्तं च पुहत्तं च, संखा संठाणमेव य ।
संजोगा य विभागा य, पज्जवाणं तु लक्खणं ।।

१४. जीवाजीवा य बंधो य पुण्णं पावाऽसवो तहा ।
संवरो णिज्जरा मोक्खो, संतेए तहिया नव ।।

१५. तहियाणं तु भावाणं सब्भावे उवएसणं ।
भावेण सद्दहंतस्स, सम्मत्तं तं वियाहियं ।।

१६. निसग्गुवएसरुई, आणारुई सुत्त–बीयरुइमेव ।
अभिगम वित्थाररुई, किरिया–संखेव धम्मरुई ।

१७. भूयत्थेणाहिगया, जीवाजीवा य पुण्णपावं च ।
सहसम्मुइयासवसंवरो य, रोएइ उ निस्सग्गो ।।

१८. जो जिणदिट्ठे भावे, चउव्विहे सद्दहाइ सयमेव ।
एमेव नन्नह त्ति य, स निसग्गरुई त्ति नायव्वो ।।

९. गतिलक्षण वाला धर्म कहा, स्थिति लक्षण अधर्म है बतलाया।
सब द्रव्यों का भाजन नभ है, अवकाशदान गुण कहलाया।।

१०. वर्तना काल का लक्षण है, उपयोग जीव का है लक्षण।
सुख-दुःख ज्ञान-दर्शन गुण से, जीवस्वभाव का है रक्षण।।

११. है दर्शन ज्ञान चारित्र तपस्या, और शक्ति उपयोग जहाँ।
चैतन्य गुणों का वास देख, लक्षण से मानो जीव वहाँ।।

२. शब्द तिमिर उद्योग-प्रभा, छाया आतप रस वर्ण तथा।
स्पर्श गन्ध ये पुद्गल के, लक्षण हैं जग में कहे यथा।।

३. एकत्व जुदाई या संख्या, आकार रूप है पुद्गल के।
मिलना वियुक्त होना जानो, लक्षण पुद्गल पर्यायों के।।

४. जीव अजीव बन्ध आस्रव, और पुण्य पाप दो बतलाये।
और मोक्ष निर्जरा संवर को, नव तत्व रूप में हैं गाये।।

५. यथाभूत इन भावों का, सत्यार्थ कथन है जिनवर का।
अन्तर्मन से श्रद्धा करता, सम्यक्त्व मार्ग है शिवपद का।।

६. निसर्ग वा उपदेशरुचि, आज्ञा – श्रुत – बीजरुचि वैसे।
अभिगम विस्तार क्रिया अष्टम, संक्षेप धर्मरुचि है ऐसे।।

७. उपदेश बिना जो ज्ञान करे, जड़ चेतन कर्म शुभाशुभ का।
निज मति से आस्रव संवर में, हो भाव सहज सद्दर्शन का।।

८. जो द्रव्यादिकजनदृष्ट चतुर्विध, भाव स्वयं ही मान्य करे।
है सत्य वही प्रभु बतलाया, यों निसर्गमति मन भाव धरे।

१६ एए चेव उ भावे, उवइट्ठे जो परेण सद्दहई ।
छउमत्थेण जिणेण व, उवएसरुइ त्ति नायव्वो ॥

२०. रागो दोसो मोहो, अन्नाणं जस्स अवगयं होइ ।
आणाए रोयंतो, सो खलु आणारुई नामं ॥

२१. जो सुत्तमहिज्जंतो, सुएण ओगाहई उ सम्मत्तं ।
अंगेण बाहिरेण य सो सुत्तरुई त्ति नायव्वो ॥

२२. एगेण अणेगाइं, पयाइं जो पसरई उ सम्मत्तं ।
उदए व्व तेल्लबिंदू, सो बीयरुई त्ति नायव्वो ॥

२३. सो होइ अभिगमरुई, सुयनाणं जेण अत्थओ दिट्ठं ।
एक्कारस अंगाइं, पइण्णगं दिट्ठिवाओ य ॥

२४. दव्वाण सव्वभावा सव्वपमाणेहिं जस्स उवलद्धा ।
सव्वाहिं नयविहीहिं, वित्थाररुई त्ति नायव्वो ॥

२५. दंसणनाणचरित्ते, तवविणए सच्चसमिइगुत्तीसु ।
जो किरियाभावरुई, सो खलु किरियारुई नाम ॥

२६. अणभिग्गहियकुदिट्ठी, संखेवरुई त्ति होई नायव्वो ।
अविसारओ पवयणे, अणभिग्गहिओ य सेसेसु ॥

२७. जो अत्थिकाय-धम्मं, सुयधम्मं खलु चरित्तधम्मं च ।
सद्दहइ जिणाभिहियं, सो धम्मरुई त्ति नायव्वो ॥

२८. परमत्थसंथवो वा, सुदिट्ठपरमत्थसेवणा वा वि ।
वावन्नकुदंसणवज्जणा, य सम्मत्तसद्दहणा ॥

१६. जिनवर या छद्मस्थ किसी से, कथित भाव को जो माने।
उपदेशजन्य उस श्रद्धा को, उपदेशरुचि ज्ञानी जाने।।

२०. अज्ञान मोह और राग द्वेष, जिसका जग में मिट जाता है।
रखता रुचि जो उस आज्ञा में, वह आज्ञारुचि कहलाता है।।

२१ जो पढ़कर अंग सूत्र अथवा, श्रुत अंग बाह्य से ज्ञान करे।
सूत्रों से श्रद्धा करता वह, है सूत्ररुचि यह ज्ञात करे।।

२२. जो एक सूत्र पद से नाना, वचनों में सम्यक् भाव धरे।
जल में तैल बिन्दु सम वह, बीजरुचि यह नाम धरे।।

२३. अर्थरूप जिसने श्रुत को, देखा वह अभिगम रुचिवाला।
अंग इग्यारह और प्रकीर्णक, दृष्टिवाद की मतिवाला।।

२४. द्रव्यों के सब भावों को, जो सकल प्रमाणों से जाने।
सम्पूर्ण नयों से ज्ञान करे, विस्ताररुचि वह मुनि माने।।

२५. दर्शन ज्ञान चारित्र विनय तप, समिति गुप्ति जो मन धरता।
जो चरण भाव में रुचि रखता, है वही क्रिया रुचि कहलाता।।

२६. निष्णात न जो जिन शासन में, परमत का जिसको ज्ञान नहीं।
मन में कुदृष्टि ने घर न किया, संक्षिप्तरुचि है जान वही।।

२७ जो अस्तिकाय का धर्म और, श्रुत चरण धर्म का ज्ञान करे।
जिन कथित भाव पर हो श्रद्धा, वह धर्मरुचि बन जग विहरे।।

२८. परमार्थ भाव का परिचय हो, परमार्थ विज्ञ की भक्ति करे।
सम्यक्त्व भ्रष्ट वा मिथ्या मत, वर्जन कर श्रद्धा में विचरे।।

२९. नत्थि चरित्तं सम्मत्तविहूणं, दंसणे उ भइयव्वं ।
सम्मत्तचरित्ताइं, जुगवं पुव्वं व सम्मत्तं ॥

३०. नादंसणिस्स नाणं, नाणेण विणा न हुंति चरणगुणा ।
अगुणिस्स नत्थि मोक्खो, नत्थि अमोक्खस्स निव्वाणं ॥

३१. निस्संकिय-निक्कंखिय-निव्वितिगिच्छा अमूढदिट्ठी य ।
उववूह-थिरीकरणे, वच्छल्लपभावणे अट्ठ ॥

३२. सामाइयत्थ पढमं, छेओवट्ठावणं भवे बीयं ।
परिहारविसुद्धीयं, सुहुमं तह संपरायं च ॥

३३. अकसायमहक्खायं, छउमत्थस्स जिणस्स वा ।
एयं चयरित्तकरं, चारित्तं होइ आहियं ॥

३४. तवो य दुविहो वुत्तो, बाहिरब्भंतरो तहा ।
बाहिरो छव्विहो वुत्तो, एवमब्भंतरो तवो ॥

३५. नाणेण जाणई भावे, दंसणेण य सद्दहे ।
चरित्तेण निगिण्हाइ, तवेण परिसुज्झई ॥

३६. खवित्ता पुव्वकम्माइं, संजमेण तवेण य ।
सव्वदुक्खपहीणट्ठा, पक्कमंति महेसिणो–त्ति बेमि ॥

---

२९. सम्यक्त्व बिना चारित्र नहीं, चारित्र विकल्पित दर्शन में।
सम्यक्त्व और चारित्र संग, अथवा सम्यक्त्व पूर्व पद में॥

३०. अदर्शनी को ज्ञान नहीं, और ज्ञान बिना गुण चरण नहीं।
निर्गुण को मिलती मुक्ति नहीं, और बिना मोक्ष की शान्ति नहीं॥

३१. शंका कांक्षा विचिकित्सा तज, एवं अमूढ़दृष्टि वाला।
उपबृंहण और स्थिरीकरण, वात्सल्य प्रभावन मन वाला॥

३२. चारित्र प्रथम है सामायिक, दूजा छेदोपस्थापन है।
परिहार विशुद्ध है तपसाधन, चौथा कषाय अतिशय लघु है॥

३३. यथाख्यात निर्मोह भाव, छद्मस्थ तथा जिनको होता।
करता संचित है कर्मरिक्त, चारित्र वही है कहलाता॥

३४. अन्तर बाह्य भेद दो तप के, वीर प्रभु ने बतलाये।
है छः प्रकार का बाह्य और, आन्तर तप भी षड्विध गाये॥

३५. है ज्ञान तत्व को जतलाता, दर्शन से श्रद्धा पाता है।
चारित्र कर्म का रोध करे, तप से संचित क्षय होता है॥

३६. संयम से आते कर्म रोक, संचित तप से क्षय करते हैं।
सकल दुःख क्षय करने को, ऋषिवर बलवीर्य लगाते हैं॥

(४)

वीरत्थुई

(सूयगडांग सूत्र–छठा अध्ययन)

१. पुच्छिस्सु णं समणा माहणा य, अगारिणो य परतित्थिया य ।
से केई णेगंतहियं धम्ममाहु, अणेलिसं साहु समिक्खयाए ॥

२. कहं च णाणं कहं दंसणं से, सीलं कहं णायसुयस्स आसी ।
जाणासि णं भिक्खु ! जहातहेणं, अहासुयं बूहि जहा णिसंतं ॥

३. खेयन्नए से कुसले महेसी[1], अणंतणाणी य अणंतदंसी ।
जसंसिणो चक्खुपहे ठियस्स, जाणाहि धम्मं च धिइं च पेहि ॥

४. उड्ढं अहेयं तिरियं दिसासु, तसा य जे थावर जे य पाणा ।
से णिच्चणिच्चेहि समिक्ख पन्ने, दीवेव धम्मं समियं उदाहु ॥

५. से सव्वदंसी अभिभूय णाणी, णिरामगंधे धिइमं ठियप्पा ।
अणुत्तरे सव्व-जगंसि विज्जं, गंथा अतीते अभए अणाऊ ॥

---

१. 'खेयन्नए से कुसलासुपन्ने' यह पाठान्तर भी मिलता है ।

(४)

वीर स्तुति

(सूत्र कृतांग सूत्र, छठा अध्ययन)

१. "मुझसे श्रमण, ब्राह्मण, गृहस्थ और अन्यमतावलम्बी जन पूछते हैं कि इस संसार से तिरानेवाला एकान्त हितकारी और अनुपम धर्म किसने कहा है?" इस प्रकार श्री जम्बूस्वामी ने आर्य सुधर्म गणधर से पूछा।

२. "उन भ० महावीर का ज्ञान दर्शन कैसा था? उनका आचार कैसा था? हे भगवन्! आप इस विषय में यथातथ्य जानते हैं और सुना भी है, सो कृपा करके मुझे भी बताइये।"

३. "हे जम्बू! भ० महावीर संसारी जीवों के दुःखों को जानने में कुशल थे। वे महायशस्वी भगवान्, अनन्त ज्ञानी, अनन्त दर्शी और महान् ऋषि थे। उनको अर्हन्त दशा में सूक्ष्म पदार्थ भी आँखों के समान देखनेवाले जानो और उनके धर्म तथा संयम की दृढ़ता को विचारो।

४. उन केवलज्ञानी भगवान् ने ऊँची, नीची और तिरछी दिशा में जो त्रस और स्थावर प्राणी हैं, उनको नित्य और अनित्य रूप से जानकर, उनके आधार के लिये धर्मरूपी द्वीप का सम्यग् रूप से प्रतिपादन किया है।

५. वे सर्वदर्शी भगवान् अप्रतिहत केवलज्ञानवाले और निर्दोष चारित्रवाले थे। वे परम धीर प्रभु अपनी आत्मा में स्थिर, परिग्रह से रहित, निर्भय, आयु रहित और समस्त पदार्थों के उत्कृष्ट ज्ञाता थे।

६. से भूइपण्णे अणिए अचारी, ओहंतरे धीरे अणंतचक्खू ।
अणुत्तरे तप्पइ सूरिए वा, वइरोयणिंदे व तमं पगासे ॥

७. अणुत्तरं धम्ममिणं जिणाणं, णेया मुणी कासव आसुपन्ने ।
इंदे व देवाण महाणुभावे, सहस्स णेता दिविणं विसिट्ठे ॥

८. से पन्नया अक्खयसायरे वा, महोदही वावि अणंतपारे ।
अणाइले वा अकसाइ मुक्के, सक्के व देवाहिवई जुईमं ॥

९. से वीरिएणं पडिपुण्णवीरिए, सुदंसणे वा णगसव्वसेट्ठे ।
सुरालए वासि मुदागरे से, विरायए णेगगुणोववेए ॥

१०. सयं सहस्साण उ जोयणाणं, तिकंडगे पंडगवेजयंते ।
से जोयणे णवणवते सहस्से, उद्धुस्सितो हेट्ठ सहस्समेगं ॥

११. पुट्ठे णभे चिट्ठइ भूमिवट्ठिए, जं सूरिया अणुपरिवट्टयंति ।
से हेमवन्ने बहुणंदणे य, जंसी रइं वेदयंति महिंदा ॥

१२. से पव्वए सद्दमहप्पगासे, विरायई कंचणमट्ठवन्ने ।
अणुत्तरे गिरिसु य पव्वदुग्गे, गिरिवरे से जलिए व भोमे ॥

६. वे महान् बुद्धिमान् प्रभु, अप्रतिबद्ध विहारी, संसार समुद्र से तिरने वाले, परम धीर और अनन्त ज्ञानवान् थे। वे सूर्य एवं वैरोचन अग्नि की तरह अज्ञान रूपी अन्धकार का नाश करके ज्ञान का प्रकाश करनेवाले थे।

७. जैसे हजारों देवों में इन्द्र, रूप, गुण और ऐश्वर्य में प्रधान होता है, वैसे वे जिनेश्वरों के धर्म के सर्वोत्तम नेता थे।

८. जिसका पार नहीं पा सकें ऐसे स्वयंभूरमण महासमुद्र के शुद्ध एवं अक्षय जल की भांति भगवान् की प्रज्ञा विशुद्ध और अनन्त थी। वे कषायों से रहित, कर्मों से मुक्त तथा देवाधिपति शक्रेन्द्र की तरह दीप्तिमान् थे।

९. जिस प्रकार सब पर्वतों में सुदर्शन पर्वत श्रेष्ठ एवं देवों को हर्ष उत्पन्न करने वाला है, उसी प्रकार भगवान् अपने परिपूर्ण सामर्थ्य से, सब जीवों में श्रेष्ठ और सब को हर्ष उत्पन्न करने वाले थे।

१०. सुमेरु पर्वत एक लाख योजन का है। उसके तीन भाग हैं। पाण्डुक वन उसकी ध्वजा रूप है। वह एक हजार योजन पृथ्वी में नीचे और निन्यानवे हजार योजन ऊँचा है।

११. वह पर्वतराज, भूमि पर स्थित होकर आकाश को स्पर्श कर रहा है। सूर्य जिसकी प्रदक्षिणा करते हैं। जो सोने के समान कान्ति वाला है, जिस पर बहुत से (चार) नन्दन वन हैं, तथा देवेन्द्र जहां आकर रति सुख का अनुभव करते हैं।

१२. वह पर्वत, शब्दों से गुंजायमान है। सोने के वर्णों से सुशोभित हो रहा है। वह सब पर्वतों में श्रेष्ठ होकर पर्वत-मेखलादि के कारण दुर्गम है और भूमिपर दीपायमान हो रहा है।

१३. महीइ मज्झम्मि ठिए णगिंदे, पन्नायते सूरिय सुद्धलेसे ।
एवं सिरीए उ स भूरिवण्णे, मणोरमे जोयइ अच्चिमाली ॥

१४. सुदंसणस्सेव जसो गिरिस्स, पवुच्चइ महतो पव्वयस्स ।
एतोवमे समणे नायपुत्ते, जाई-जसो-दंसणनाणसीले ॥

१५. गिरिवरे वा निसहाऽऽययाणं, रुयए व सेट्ठे वलयायताणं ।
तओवमे से जगभूइपन्ने, मुणीण मज्झे तमुदाहु पन्ने ॥

१६. अणुत्तरं धम्ममुईरइत्ता, अणुत्तरं झाणवरं झियाइं ।
सुसुक्कसुक्कं अपगंडसुक्कं, संखिंदुएगंतवदातसुक्कं ॥

१७. अणुत्तरग्गं परमं महेसी, असेसकम्मं स विसोहइत्ता ।
सिद्धिं गए साइमणंत पत्ते, नाणेण सीलेण य दंसणेण ॥

१८. रुक्खेसु णाए जह सामली वा, जस्सि रतिं वेदयंती सुवन्ना ।
वणेसु वा नंदणमाहु सेट्ठं, नाणेण सीलेण य भूइपन्ने ॥

१९. थणियं व सद्दाण अणुत्तरे उ, चंदो व ताराण महाणुभावे ।
गंधेसु वा चंदणमाहु सेट्ठं, एवं मुणीणं अपडिन्नमाहु ॥

१३. पृथ्वी के मध्य में रहा हुआ वह पर्वतेन्द्र, सूर्य के जैसा शुद्ध तेजोवन्त, अनेक प्रकार की लक्ष्मी युक्त और अनेक रत्नों से सुशोभित होकर सूर्य की तरह दिशाओं को प्रकाशित करता हुआ लोक में प्रसिद्ध है।

१४. जिस प्रकार महान्, सुदर्शन पर्वत का यश कहा गया है, उसी प्रकार–इन उपमाओं से श्रमण ज्ञातपुत्र भी जाति, यश, दर्शन, ज्ञान और शील में सबसे उत्तम थे।

१५. जैसे लम्बे पर्वतों में निषध और गोल पर्वतों में रुचक पर्वत श्रेष्ठ हैं, वैसे ही भ० महावीर भी संसार में प्रभूत प्रज्ञावाले हैं। बुद्धिमानों ने उन्हें सभी मुनियों के मध्य में उत्कृष्ट कहा है।

१६. भगवान् ने ऐसे ही धर्म का उपदेश किया जो समस्त धर्मों में श्रेष्ठ है। उन्होंने प्रधान शुक्लध्यान ध्याया, जो अर्जुन, सोने, जल फेन, शंख और चन्द्रमा की तरह स्वच्छ है।

१७. वे महर्षि, ज्ञान दर्शन और चारित्र से समस्त कर्मों को क्षय करके, सर्वोच्च लोकाग्र में स्थित होकर, सर्वोत्तम सादि अनन्त सिद्धि को प्राप्त हुए।

१८. जिस प्रकार वृक्षों में शाल्मली वृक्ष और वनों में नन्दन वन श्रेष्ठ समझा जाता है, जिस पर सुवर्णकुमार देव, रति क्रीड़ा का अनुभव करते हैं, उसी प्रकार भगवान् ज्ञान और चारित्र से श्रेष्ठ तथा अत्यन्त ज्ञानी कहे जाते हैं।

१६. जिस प्रकार शब्दों में मेघ की गर्जना प्रधान है, तारागणों में चन्द्रमा मनोहर है और सुगन्धित पदार्थों में चन्दन श्रेष्ठ है, उसी प्रकार समस्त मुनियों में, समस्त वासनाओं से रहित भगवान् श्रेष्ठ थे।

२०. जहा सयंभू उदहीण सेट्ठे, नागेसु वा धरणिंदमाहु सेट्ठे।
खोओदए वा रसवेजयंते, तवोवहाणे मुणि वेजयंते॥

२१. हत्थीसु एरावणमाहु णाए, सीहो मियाणं सलिलाण गंगा।
पक्खीसु वा गरुले वेणुदेवे, निव्वाणवादी णिह णायपुत्ते॥

२२. जोहेसु णाए जह वीससेणे, पुप्फेसु वा जह अरविंदमाहु।
खत्तीण सेट्ठे जह दंतवक्के, इसीण सेट्ठे तह वद्धमाणे॥

२३. दाणाण सेट्ठं अभयप्पयाणं, सच्चेसु वा अणवज्जं वयंति।
तवेसु वा उत्तमं बंभचेरं, लोगुत्तमे समणे नायपुत्ते॥

२४. ठिईण सेट्ठा लवसत्तमा वा, सभा सुहम्मा व सभाण सेट्ठा।
निव्वाण सेट्ठा जह सव्वधम्मा, ण णायपुत्ता परमत्थि नाणी॥

२५. पुढोवमे धुणइ विगयगेही, न संणिहिं कुव्वइ आसुपन्ने।
तरिउं समुद्दं व महाभवोघं, अभयंकरे वीर अणंतचक्खू॥

२६. कोहं च माणं च तहेव मायं, लोभं चउत्थं अज्झत्थदोसा।
एआणि वंता अरहा महेसी, ण कुव्वई पाव ण कारवेइ॥

२७. किरियाकिरियं वेणइयाणुवायं, अण्णाणियाणं पडियच्च ठाणं।
से सव्ववायं इति वेयइत्ता, उवट्ठिए संजम दीहरायं॥

२०. जैसे समुद्रों में स्वयंभूरमण, नागकुमारों में धरणेन्द्र और रसों में इक्षुरस श्रेष्ठ है, वैसे ही तपस्वियों में भगवान् श्रेष्ठ थे ।

२१. जैसे हाथियों में ऐरावत, मृगों में सिंह, नदियों में गंगा और पक्षियों में वेणुदेव-गरुड़ प्रधान हैं, उसी प्रकार समस्त निर्वाण (मोक्ष) वादियों में भगवान् महावीर श्रेष्ठ थे ।

२२. योद्धाओं में चक्रवर्ती, पुष्पों में अरविंद कमल और क्षत्रियों में दन्तवाक्य-चक्रवर्ती श्रेष्ठ है, उसी तरह समस्त ऋषियों में भगवान् वर्द्धमान श्रेष्ठ हैं।

२३. जैसे दानों में अभयदान, सत्य में निवद्य भाषा और तप में ब्रह्मचर्य उत्तम कहा जाता है, उसी प्रकार वे ज्ञातपुत्र समस्त लोक में उत्तम थे ।

२४. यद्यपि आयु में अनुत्तर विमान के देव, सभाओं में इन्द्र की सौधर्म सभा, और सब धर्मो में निर्वाण—मोक्ष धर्म श्रेष्ठ है, किन्तु भगवान् महावीर से उत्तम ज्ञानी तो कोई नहीं है ।

२५. वे पृथ्वी के समान धीर एवं सहनशील थे, उन्होंने सब कर्मो को दूर कर दिया था । वे द्रव्यादि का संचय नहीं करते थे, वे अनन्त ज्ञानी, समस्त जीवों को अभय देने वाले होकर संसार सागर को तिर गये ।

२६. भगवान् क्रोध, मान, माया और लोभरूप आत्मिक दोषों को त्याग कर अर्हन्त महर्षि हुए । उन्होंने न स्वयं पाप किया, न दूसरों से करवाया ।

२७. भगवान् क्रियावाद, अक्रियावाद, विनयवाद और अज्ञानवाद के पक्षों को जानकर तथा समस्त वादों के पक्ष को सम्यक् प्रकार से समझकर जीवन पर्यन्त संयम में सावधान रहे ।

२८. भगवान् ने समस्त दुःखों को क्षय करने के लिये स्त्री सम्भोग तथा रात्रि भोजन आदि पापों को त्याग दिया और वे इस लोक तथा परलोक को जानकर सबका त्याग करके घोर तपस्वी हुए।

२९. जो मनुष्य, अर्हन्त भगवान् द्वारा कहे हुए अर्थ और पदों से शुद्ध ऐसे धर्म को सुनकर, उस पर सम्यक् प्रकार से श्रद्धा करते हैं, वे आयु और कर्म से रहित होकर सिद्ध हो जाते हैं अथवा इन्द्रादि देव होते हैं और भविष्य में भी होंगे–ऐसा मैं कहता हूं।"

(५)

उपसर्गहर स्तोत्र

१. उपसर्ग के निवारक, पार्श्व यक्ष से सेवित एवं कर्मों से मुक्त श्री पार्श्वनाथ की मैं वन्दना करता हूं, जो विषधर के विष को नष्ट करने वाले और मंगल एवं कल्याण के स्थान हैं।

२. ॐ विसहर फुल्लिग नाम का मंत्र जिसे कंठस्थ है, उसके दुष्ट ग्रह, रोग, शत्रु आदि उपशान्त हो जाते हैं।

३. मंत्र तो दूर रहा, हे प्रभो ! तुम्हें किया गया प्रणाम भी अत्यधिक फल-वाला होता है। इसके प्रभाव से मनुष्य एवं तिर्यंच गति में भी जीव दुःख नहीं पाता।

४. चिन्तामणि और कल्पवृक्ष से भी अधिक लाभकारी तुम्हारा सम्यग्दर्शन पा लेने पर जीव विना किसी विघ्न बाधा के सिद्ध पद को प्राप्त करते हैं।

५. इअ संथुओ महायस ! भत्तिब्भर – निब्भरेण हियएण ।
ता देव ! दिज्ज बोहिं, भवे भवे पास जिणचंद ॥

(६)

तिजय पहुत्त स्तोत्र

(आचार्य श्री मानदेव रचित)

१. तिजय पहुत्त – पयासय, अट्ठमहापाडिहेर जुत्ताणं ।
समय खित्त ठियाणं, सरेमिचक्कं जिणंदाणं ॥

२. पणवीसा य असीया, पनरस पन्नास–जिणवर – समूहो ।
नासेउ सयल दुरियं, भविआणं भत्तिजुत्ताणं ॥

३. वीसा पणयालाविय, तीसा पन्नत्तरि जिणवरिंदा ।
गह भूअ रक्ख – साइणि, घोरुवसग्गं पणासंतु ॥

४. सत्तरि पणतीसाविय, सट्ठी पंचेव जिणगणो एसो ।
वाहि – जल – जलण – हरि, करिचोरारि महाभयं हरउ ॥

५. पणपन्ना य दसेव य, पन्नट्ठी तह य चेव चालीसा ।
रक्खंतु मे सरीरं, देवासुर पणमिआ सिद्धा ॥

५ इस प्रकार भक्ति-भाव से ओतप्रोत, मन से स्तुति किये गये हे महायशस्वी प्रभो ! हे जिनचन्द्र पार्श्वदेव ! भव-भवान्तर तक मुझे बोधि सम्यग्दर्शन प्रदान करते रहो, जब तक मैं सिद्ध पद न पा लूं ।

(६)

तिजय पहुत्त स्तोत्र

१. तीनों जगत् के ऐश्वर्य को प्रकाशित करने वाले, आठ महाप्रातिहार्यों से युक्त ऐसे समय-क्षेत्र-मनुष्यलोक में स्थित जिनेन्द्रों के मण्डल-चक्र का मैं स्मरण करता हूं ।

२. पचीस, अस्सी, पन्द्रह और पचास अर्थात् १७० तीर्थङ्करों का समूह, भक्ति करने वाले भव्य जीवों के सम्पूर्ण पाप कर्मों का नाश करे ।

३. २०, ४५, ३० और ७५ इस प्रकार १७० जिनेन्द्रदेव, शनि-मंगलादि ग्रह, भूत, राक्षस, व्यन्तर शाकिनी आदि कृत, घोर उपसर्ग को प्रणष्ट करें ।

४. ७०, ३५, ६० और ५, इस प्रकार १७० तीर्थङ्करों का गण शूलादि व्याधि, जल-अग्नि-सिंह-हाथी-चोर और शत्रुरूप इन सात महाभयों को दूर करें।

५. पचपन, दस, पैंसठ और चालीस ये १७० तीर्थङ्कर जो सिद्ध हो चुके हैं, देव और दानवों से वंदित सिद्ध मेरे शरीर की रक्षा करें ।

६. ॐ 'हरहुंहः' 'सरसुंसः', 'हरहुंहः', तहचेव 'सरसुंसः'।
आलिहिअ नाम गब्भं, चक्कं किर सव्वओ भद्दं ॥

७-८. ॐ रोहिणी, पन्नत्ती, वज्जसिंखला, तह य वज्ज-अंकुसिया।
चक्केसरिनरदत्ता, कालि-महाकालि-तह गोरी ॥
गंधारी, महजाला, माणवि-वइरुट्ट-तहय-अच्छुत्ता।
माणसि-महामाणसीया, विज्जादेविओ रक्खंतु ॥

९. पंचदस कम्मभूमिसु, उप्पन्नं सत्तरि जिणाणसयं।
विविह रयणाइवन्नो-वसोहियं हरउ दुरिआइं ॥

१०. चउतीस-अइसयजुआ, अट्ठमहापाडिहेर-कयसोहा।
तित्थयरा गय मोहा, झाएअव्वा पयत्तेणं ॥

११. ओं वरकणय-संख विद्दुम, मरगय-घणसन्निहं विगयमोहं।
सत्तरि सयं जिणाणं, सव्वामर-पूइयं वंदे-"स्वाहा"

१२. ओं भवणवइ-वाणवंतर, जोइसवासी-विमाणवासी य।
जे केवि दुट्ठदेवा, ते सव्वे उवसमंतु मम स्वाहा ॥

६. 'ओं' यह पंच-परमेष्ठि वाचक है तथा "हरहुंहः" इन चार अक्षरों से पद्मा, जया, विजया और अपराजिता इन चारों का ग्रहण होता है। इसी प्रकार "सरसुंसः" ये चार मंत्र-बीज उपसर्ग निवारण के लिए हैं। ये सोलह अक्षर (हरहुंहः सरसुंसः हरहुंहः सरसुंसः) मध्य के खाने (चक्र) को छोड़कर यंत्र के शेष खानों में अनुक्रम से लिखे जाते हैं। मध्य भाग में जहां साधना करने वाले का नाम "ओं" के साथ लिखा होता है, ऐसा यह यन्त्र निश्चय सर्वतोभद्र यन्त्र है।

७–८. यंत्र में ॐ अथवा "ओं ह्रीं श्रीं" इन तीन बीजाक्षरों के साथ सोलह विद्या देवियां (रोहिणी, प्रज्ञप्ति, वज्रशृंखला, वज्रांकुशी, चक्रेश्वरी, नरदत्ता, काली, महाकाली, गौरी, गंधारी, महाज्वाला, मानवी, वैरोट्या, अक्षुप्ता, मानसी, महामानसी) हमारी रक्षा करें।

९. पन्द्रह कर्म भूमि क्षेत्रों में उत्पन्न हुए, १७० तीर्थङ्कर, विविध रत्न आदि के वर्णों से उपशोभित हमारे दुरित-पापों को हरण करें—दूर करें।

१०. चौंतीस अतिशयों से युक्त और अष्ट महाप्रातिहार्य से शोभायमान ऐसे मोह रहित श्री तीर्थङ्कर देव प्रयत्नपूर्वक ध्यान करने योग्य हैं।

११. उत्तम सुवर्ण, शंख, मूंगा, मरकतमणि और मेघ के समान वर्णवाले ऐसे मोह रहित तथा सब देवगणों से पूजित एक सौ सत्तर तीर्थङ्करों के मंडल को वन्दन करता हूं।

१२. भुवनपति, व्यंतर ज्योतिश्चक्र में रहने वाले ज्योतिषी तथा विमानवासी जो भी कोई दुष्टदेव हैं, वे सब मेरे लिए उपशान्त हों।

१३. चंदण-कप्पूरेणं फलए, लिहिऊण खालिअं पीअं।
एगंतराइ-गहभूअ- साइणि - मुग्गं पणासेइ ॥

१४. इअ सत्तरिसयं जंतं, सम्मं मंतं दुवारि पडिलिहियं।
दुरियारि विजयवंतं, निब्भंतं निच्चमच्चेह ॥

सर्वतोभद्र यन्त्र

२५ ह	८० र	क्षि	१५ हुं	५०हः
२० स	४५ र	प	३० सुं	७५ सः
क्षि	प	ॐ	स्वा	हा
७० ह	३५ र	स्वा	६० हुं	५ हः
५५ स	१० र	हा	६५ सुं	४० सः

१३. चन्दन और कर्पूर आदि से काष्ठपट्ट पर लिख कर छाया में सुखाकर प्रातः समय खोलकर पीएँ तो एकान्तर ज्वर आदि, ग्रह भूत शाकिनी, मुद्गक आदि बाधाओं को नष्ट करता है।

१४. इस प्रकार एक सौ सत्तर तीर्थङ्करों का यह यन्त्र, सम्यग् मन्त्र सहित द्वार पर लिखा गया पाप और शत्रु पर विजय दिलाने वाला है। अतः बिना संशय के इसका सदा अर्चन करो।

(७)

सुभाषित

१. अप्पा चेव दमेयव्वो अप्पा हु खलु दुद्दमो।
अप्पा दन्तो सुही होइ, अस्सि लोए परत्थ य॥

२. चत्तारि परमंगाणि, दुल्लहाणीह जन्तुणो।
माणुसत्तं सुई सद्धा, संजमम्मि य वीरियं॥

३. अज्झत्थं सव्वओ सव्वं, दिस्स पाणे पियायए।
न हणे पाणिणो पाणे, भयवेराओ उवरए॥

४. बहिया उड्ढमादाय नावकंखे कयाइ वि।
पुव्वकम्म खयट्ठाए इमं देहं समुद्धरे॥

५. जहा लाहो तहा लोहो, लाहा लोहो पवड्ढई।
दो मास कयं कज्ज, कोडीए वि न निट्ठियं॥

६. नो रक्खसीसु गिज्झेज्जा, गंडवच्छासुऽणेग चित्तासु।
जाओ पुरिसं पलोभित्ता, खेल्लंति जहा व दासेहिं॥

७. नारीसु नोव गिज्झेज्जा, इत्थी विप्पजहे अणगारे।
धम्मं च पेसलं नच्चा, तत्थ ठवेज्ज भिक्खू अप्पाणं॥

८. सक्खं खु दीसइ तवो विसेसो, न दीसइ जाइ विसेस कोई।
सोवागपुत्ते हरिएस साहू, जस्सेरिसा इड्ढि महाणुभागा॥

९. तवो जोई जीवो जोइठाणं, जोगा सुया सरीरं कारिसंगं।
कम्म एहा संजमजोग सन्ती, होमं हुणामि इसिणं पसत्थं॥

(७)

सुभाषित

१. दमन करो अपने ही को कारण आत्मा ही दुर्दम है।
इस भव परभव में सुख पाता जो स्वात्म दमन में सक्षम है ॥

२. परम अंग जग में ये दुर्लभ, चार मोक्ष के साधन हैं।
मनुज जन्म एवं श्रुति श्रद्धा, संयम में शक्ति लगाना है ॥

३. अपने सम देखो सब जन को, सुख और आयु सबको हैं प्यारे।
भय वैरों से उपरत हो, मत बनो जन-जीवों के हत्यारे ॥

४. उच्च लक्ष्य वर मोक्ष प्राप्ति का, विषयों की कांक्षा करें न कभी।
संचित कर्मों का क्षय करने हेतु, इस तन को धारण करें सभी ॥

५. जैसा लाभ लोभ भी वैसा, लोभ लाभ से बढ़ता है।
दो मासे का कार्य लोभवश, नहीं क्रोड़ों से पूरा पड़ता है ॥

६. नारी मात्र से प्रीति करो ना, हृदय गांठ, अरु चित्त चपल।
जो बना पुरुष को दास रूप, फिर खेला करती है प्रतिपल ॥

७. नारी तन पर ना प्रीति करे, स्त्री त्यागी जो अनगारी।
त्यागधर्म को श्रेष्ठ जान, भिक्षुक रक्खे मन में स्थिरता भारी ॥

८. साक्षात् दीखती है, तप महिमा नहीं जाति विशेष की महिमा भाई।
चाण्डाल सुत हरिकेशी साधु में, तप और तेज की गरिमा पाई ॥

९. है तपोज्योति शुभस्थान जीव, कड़छी योग कण्डा है यह तन।
कर्म इन्धन, संयम शांतिपाठ से, करता है मुनि का यह श्रेष्ठ यजन ॥

१०. धम्मे हरए बंभे सन्तितित्थे, अणाविले अत्तपसन्नलेसे।
जहिं सिण्हाओ विमलो विसुद्धो सुसीइभूओ पजहामि दोसं ॥

११. जा जा वच्चइ रयणी, न सा पडिनियत्तई।
धम्मं च कुणमाणस्स, सफला जंति राइओ ॥

१२. देव दाणव गन्धव्वा जक्ख–रक्खस किन्नरा।
बम्भयारिं नमंसन्ति, दुक्करं जे करन्ति तं ॥

१३. जहा गेहे पलित्तम्मि तस्स गेहस्स जो पहू।
सारभंडाणि नीणेइ असारं अवउज्झइ ॥

१४. एवं लोए पलित्तम्मि, जराए मरणेण य।
अप्पाणं तारइस्सामि, तुब्भेहिं अणुमन्निओ ॥

१५. अप्पा नई वेयरणी, अप्पा मे कूडसामली।
अप्पा कामदुहा घेणू, अप्पा मे नंदणं वणं ॥

१६. अप्पा कत्ता विकत्ता य दुहाण य सुहाण य।
अप्पा मित्तममित्तं च दुप्पट्ठिय सुप्पट्ठिओ ॥

१७. एगे जिए जिया पंच, पंच जिए जिया दस।
दसहा उ जिणित्ताणं, सव्वसत्तू जिणामहं ॥

१८. जरामरणवेगेणं वुज्झमाणाण पाणिणं।
धम्मो दीवो पइट्ठा य गई सरणमुत्तमं ॥

१९. सरीरमाहु नाव त्ति, जीवो वुच्चइ नाविओ।
संसारो अण्णवो वुत्तो, जं तरन्ति महेसिणो ॥

१०. ब्रह्म शांति का तीर्थ धर्म ह्रद, स्वच्छ मुदित लेश्यावाला।
जिसमें नहा दोष को छोड़ूं, विमल शीत शुचि गुणवाला।।

११. जो जो रात बीत जाती है, वह न लौटकर वापस आती।
करते अधर्म जो जन जग में, उनकी सभी रातें विफल जातीं।।

१२. देव असुर गंधर्व यक्ष, राक्षस किन्नर सब नमन करें।
ब्रह्मव्रती साधक को जग में, दुष्कर व्रत जो चित्त धरें।।

१३. जैसे आग लगे घर में, उस घर का जो स्वामी होता।
घर में ही छोड़ असार वस्तु को, सार वस्तु बाहर ले आता।।

१४. जरा मरण की प्रबल आग से, जल रहा यह जगत् सारा।
अपने को पार लगाऊंगा, आदेश आपका ले प्यारा।।

१५. आत्मा है सरिता वैतरणी, है कूट शाल्मली तरु यही।
आत्मा मेरी है कामधेनु, नन्दन कानन भी बनी वही।।

विषम वाट घाट भय थानक, परमाश्रय शरणो तेरो—प्र०

२. खल-दल प्रबल दुष्ट अति दारुण, जो चौ तरफ दियो घेरो ।
तो पिण कृपा तुम्हारी प्रभुजी, अरियन होय प्रगटे चेरो—प्र०

३. विकट पहाड़ उजाड़ बीच कोई, चोर कुपात्र करे हेरो ।
तिण विरियां करिये तो सुमिरन, कोई न छीन सके डेरो—प्र०

४. राजा बादशाह जो कोई कोपे, अति तकरार करे छेरो ।
तदपि तूं अनुकूल होय तो, छिन में छूट जाय सब केरो—प्र०

५. राक्षस भूत पिशाच डाकिनी, साकिनी भय नावे नेरो ।
दुष्ट मुष्ट छल छिद्र न लागे, प्रभु तुम नाम भज्यां गहरो—प्र०

६. विस्फोटक कुष्टादिक संकट, रोग असाध्य मिटे सगरो ।
विष प्यालो अमृत होय प्रगमे, जो विश्वास जिनन्द तेरो—प्र०

७. मात 'जया' 'वसु' नृप के नन्दन, तत्व जथारथ बुध प्रेरो ।
वे कर जोड़ि 'विनयचन्द' विनवे, वेग मिटे मुझ भव फेरो—प्र०

१३. श्री विमलनाथ

विमल जिनेश्वर सेविये, थारी बुद्धि निर्मल हो जाय रे ।।

१ जीवा ! विषय विकार विसार ने, तूं मोहनीय कर्म खपाय रे ।
जीवा विमल जिनेश्वर सेविये ।।टेर।।

२. सूक्ष्म साधारण पणे, प्रत्येक वनस्पति मांय रे।
जीवा! छेदन-भेदन तें सह्या, मर-मर उपज्यो तिण काय रे—जी०

३. काल अनन्ती तिहां भम्यो, तेहना दुःख आगमथी संभाल रे।
जीवा! पृथ्वी अप तेउ वायु में, रह्यो असंख्यासंख्य काल रे—जी०

४. एकेन्द्री सूं बेइन्द्री थयो, पुण्याई अनन्ती वृद्धि रे।
जीवा! सन्नी पंचेन्द्री लगे पुण्य बध्या, अनन्तानन्त प्रसिद्ध रे—जी०

५. देव नरक तिरयंच में, अथवा मानव भव वीच रे।
जीवा! दीनपणे दुःख भोगव्या, इण चारों ही गति वीच रे—जी०

६. अब के उत्तम कुल मिल्यो, भेट्या उत्तम गुरु साध रे।
जीवा! सुण जिन वचन सनेह से, समकित व्रत शुद्ध आराध रे—जी०

७. पृथ्वीपति 'कृतभानु' को, 'सामा' राणी को कुमार रे।
जीवा! 'विनयचंद' कहे ते प्रभु, सिर सेहरो हिवड़ा रो हार रे—जी०

१४. श्री अनन्तनाथ

१. अनन्त जिनेश्वर नित नमूं, अद्‌भुत ज्योंति अलेख।
ना कहिये ना देखिये, जाके रूप न रेख—अ०

२. सूक्ष्म थी सूक्ष्म प्रभु, चिदानन्द चिद्‌रूप।
पवन शब्द आकाशथी, सूक्ष्म ज्ञान स्वरूप—अ०

३. सकल पदारथ चिन्तवूं, जे-जे सूक्ष्म होय।
तिणथी तूं सूक्षम महा, तो सम अवरन कोय—अ०

४. कवि पण्डित कही-कही थके, आगम अर्थ विचार।
तो पण तुम अनुभव तिको, न सके रसना उचार—अ०

५. आप भणे मुख सरस्वती, देवी आपो आप।
कही न सके प्रभु तुम सत्ता, अलख अजप्पा जाप—अ०

६. मन बुध वाणी तो विषे, पहुंचे नहीं लिगार।
साक्षी लोकालोकनी, निर्विकल्प निर्विकार—अ०

७. मा 'सुजसा' 'सिंहरथ' पिता, तस सुत 'अनन्त' जिनन्द।
'विनयचन्द' अब ओलख्यो, साहिब सहजानन्द—अ०

१५. श्री धर्मनाथ

१. धरम जिनेश्वर मुझ हिवड़े वसो, प्यारो प्राण समान।
कबहूं न विसरू हो चितारू नहीं, सदा अखंडित ध्यान—ध०

२. ज्यूं पणिहारी कुम्भ न विसरे, नटवो नृत्य निदान।
पलक न विसरे हो पदमणी पियुभणी, चकवी न विसरे भान—ध०

३. ज्यूं लोभी मन धन की लालसा, भोगी के मन भोग।
रोगी के मन माने औषधि, जोगी के मन जोग—ध०

४. इणी परे लागी पूरण प्रीतड़ी, जाव जीव परियन्त।
भव-भव चाहूं हो न पड़े आंतरो, भव भंजन भगवन्त—ध०

५, काम-क्रोध मद मत्सर लोभथी, कपटी कुटिल कठोर।
इत्यादिक अवगुण कर हूं भर्‌यो, उदय करम के जोर—ध०

६. तेज प्रताप तुम्हारो प्रगटे, मुझ हिवड़ा में आय।
तो हूं आतम निज गुण संभालने, अनन्त बली कहिवाय—ध०

७. 'भानु' नृप 'सुव्रता' जननी तणो, अंगजात अभिराम।
'विनयचन्द' ने वल्लभ तूं प्रभु, शुद्ध चेतन गुणधाम—ध०

१६. श्री शान्तिनाथ

१. 'विश्वसेन' नृप 'अचला' पटराणी, तस सुत कुल सिणगार हो सौभागी।
जनमत शांति करी निज देश में, मिरगी मार निवार हो सौभागी–शां०

२. शांति जिनेश्वर साहिवा सोलवां, शांतिदायक तुम नाम हो सौभागी।
तन मन वचन सुध करि ध्यावतां, पूरे सघली आस हो सौभागी–शां०

३. विघन न व्यापे तुम सुमिरण कियां, नासे दारिद्र दुःख हो सौभागी।
अष्ट सिद्धि नव निधि पग-पग मिले, प्रगटे सघला सुख हो सौभागी–शां०

४. जेहने सहायक शांति जिनन्द तूं, तेहने कमीय न काय हो सौभागी।
जे जे कारज मन में तेवड़े, ते–ते सफला थाय हो सौभागी–शां०

५. दूर दिसावर देश प्रदेश में, भटके भोला लोग हो सौभागी।
सानिधकारी सुमिरण आपरो, सहज मिटे सहू शोक हो सौभागी–शां०

६. आगम–साख सुणी छे एहवी, जे जिण सेवक होय हो सौभागी।
तेहनी आशा पूरे देवता, चौसठ इन्द्रादिक सोय हो सौभागी–शां०

७. भव–भव अन्तरजामी तुम प्रभु, हमने छे आधार हो सौभागी।
वेकर जोड़ 'विनयचन्द' विनवे, आपो सुख श्रीकार हो सौभागी–शां०

१७. श्री कुन्थुनाथ

१. कुन्थु जिनराज तूं ऐसो, नहीं कोई देव तौं जैसो।
त्रिलोकी नाथ तूं कहिये, हमारी बांह दृढ़ गहिये—कुन्थु०

२. भवोदधि डूबतो तारो, कृपानिधि आसरो थांरो।
भरोसो आपको भारी, विचारो विरुद उपकारी—कुन्थु०

३. उमाहो मिलन को तौंसे, न राखो आंतरो मौंसे।
जैसी सिद्ध अवस्था तेरी, वैसी चैतन्यता मेरी—कुन्थु०

४. करम-भ्रम जाल को दपट्यो, विषय सुख ममत्व में लपट्यो।
भ्रम्यो हूं चहुं गती मांहीं, उदयकर्म भरम की छांही—कुन्थु०

५. उदय को जोर है जौंलों, न छूटे विषय सुख तौंलों।
कृपा गुरुदेव की पाई, निजातम भावना भाई—कुन्थु०

६. अजब अनुभूति उर जागी, सुरति निज रूप में लागी।
तुम्हीं हम ऐक्यता जाणूं,—द्वैत भ्रम कल्पना मानूं—कुन्थु०

७. 'श्रीदेवी' 'सूर' नृप नन्दा, अहो! सर्वज्ञ सुखकन्दा।
'विनयचन्द' लीन तव गुण में, न व्यापे अविद्या मन में—कुन्थु०

१८. श्री अरहनाथ

१. अरहनाथ अविनाशी शिव सुख लीधो,
विमल विज्ञान विलासी, साहिब सीधो—

२. चेतन भज तूं अरहनाथ ने, ते प्रभु त्रिभुवन राय।
तात 'सुदर्शन' 'देवी' माता, तेहनो पुत्र कहाय—सा०

३. क्रोड़ जतन करतां नहीं पामें, एहवी मोटी माम।
ते जिन भक्ति करी ने लहिये, मुक्ति अमोलक ठाम—सा०

४. समकित सहित कियां जिन भगती, ज्ञान दर्शन चारित्र।
तप वीरज उपयोग तिहारो, प्रगटे परम पवित्र—सा०

५. स्व उपयोग सरूप चिदानन्द, जिनवर ने तूं एक।
द्वैत अविद्या विभ्रम मेटो, बाधे शुद्ध विवेक—सा०

६. अलख अरूप अखंडित अविचल, अगम अगोचर आप।
निर्विकल्प निकलंक निरंजन, अद्‌भुत ज्योति अमाप—सा०

७. ओलख अनुभव अमृत याको, प्रेम सहित रस पीजे।
हूं तूं छोड़ 'विनयचन्द' अन्तर, आतमराम रमीजे—सा०

१९. श्री मल्लिनाथ

मल्लि जिन बाल ब्रह्मचारी,
'कुम्भ' पिता 'परभावति' मइया, तिनकी कुंवारी ।।टेर।।

१. मा नी कूंख कन्दरा मांही उपन्या अवतारी।
मालती कुसुम–मालनी वांछा, जननी उर धारी—मल्लि०

२. तिणथी नाम मल्लि जिन थाप्यो, त्रिभुवन प्रियकारी।
अद्‌भुत चरित तुम्हारो प्रभुजी, वेद धर्‌यो नारी—मल्लि०

३. परणन काज जान सज आए, भूपति छः भारी।
मिथिला पुरि घेरी चौतरफा, सेना विस्तारी—मल्लि०

४. राजा 'कुम्भ' प्रकाशी तुम पे, वीती विधि सारी।
छहुं नृप जान सजी तो परणन, आया अहंकारी—मल्लि०

५. श्रीमुख वीरज दीधी पिता ने, राखो हुशियारी।
पुतली एक रची निज आकृति, थोथी ढकवारी—मल्लि०

६. भोजन सरस भरी सा पुतली, श्री जिन सिणगारी।
भूपति छः बुलवाया निज मन्दिर, विच वहु दिन टारी—मल्लि०

७. पुतली देख छहुं नृप मोह्या, अवसर विचारी।
ढांक उघाड़ दियो पुतली को, भभक्यो अन्न भारी—मल्लि०

८. दुसह दुर्गन्ध सही ना जावे, ऊठ्या नृप हारी।
तब उपदेश दियो श्रीमुख से, मोह दशा टारी—मल्लि०

९. महा असार उदारिक देही, पुतली इव प्यारी।
संग कियां भटके भव-दुख में, नारी नरक – द्वारी—मल्लि०

०. भूपति छः प्रतिवोध मुनि हो, सिद्धगति सम्भारी।
'विनयचन्द' चाहत भव-भव में, भक्ति प्रभु थारी—मल्लि०

२०. श्री मुनिसुव्रतस्वामी

१. श्री मुनिसुव्रत साहिवा, दीन दयाल देवां तणां देव के।
तारण तरण प्रभु मो भणी, उज्ज्वल चित्त सुमरू नितमेव के—श्री०

२. हूं अपराधी अनादि को, जनम-जनम गुनाह किया भरपूर के।
लूटिया प्राण छः कायना, सेविया पाप अठारह क्रूर के—श्री०

३. पूरव अशुभ कर्त्तव्यता, तेहने प्रभु तुम न विचार के।
अधम उधारण विरुद छे, सरण आयो अब कीजिये सार के—श्री०

४. किंचित पुण्य परभावथी, इण भव ओलख्यो श्रीजिन धर्म के।
निवर्तूं नरक निगोदथी, एहवो अनुग्रह करो परब्रह्म के—श्री०

५. साधुपणो नहीं संग्रह्यो, श्रावक व्रत न किया अंगीकार के।
आदर्या तो न आराविया, तेहथी रुलियो हूं अनन्त संसार के—श्री०

६. अव समकित व्रत आदर्यो, तेहने आराधि हूं उतरूं भव पार के।
जनम जीतव्य सफलो हुवे, इण पर विनवूं वार हजार के—श्री०

७. 'सुमति' नराधिप तुम पिता, धन-धन श्री 'पद्मावती' मायके।
तस सुत त्रिभुवन तिलक तूं, वंदत 'विनयचंद' सीस नमाय के—श्री०

२१. श्री नमिनाथ

१. 'विजयसेन' नृप 'विप्राराणी', नमिनाथ जिन जायो।
चौंसठ इन्द्र कियो मिल उत्सव, सुर नर आनन्द पायो रे—
सुज्ञानी जीवा भजले जिन इकवीसवां ।।टेर।।

२. भजन कियां भव-भवना दुष्कृत, दुःख दुर्भाग्य मिट जावे।
काम, क्रोध, मद, मत्सर, तृष्णा, दुर्मति निकट न आवे रे—सु०

३. जीवादिक नव तत्व हिये धर, हेय ज्ञेय समझीजे।
तीजो उपादेय ओलख ने, समकित निरमल कीजे रे—सु०

४. जीव अजीव बंध ये तीनों, ज्ञेय जथारथ जानो।
पुण्य पाप आस्त्रव परिहरिये, हेय पदारथ मानो रे—सु०

५. संवर मोक्ष निर्जरा निज गुण, उपादेय आदरिये।
कारण कारज जाण भलि विध, भिन-भिन निरणो करिये रे—सु०

६. कारण ज्ञान स्वरूप जीव को, कारज कियो पसारो।
दोनूं को साखी शुद्ध अनुभव, आपो खोज तिहारो रे—सु०

७. तूं सो प्रभु प्रभु सो तूं है, द्वैत कल्पना मेटो।
सच्चिद् आनन्दरूप 'विनयचन्द', परमातम पद भेंटो रे—सु०

४. सर्प अन्धारे रासड़ी रे, रूपो सीप मझार।
मृगतृष्णा अंबू मृषा रे, त्यूं आतम में संसार—जीवरे०

५. अग्नि विषे ज्यूं मणि नहीं रे, मणि में अग्नि न होय।
सपने की सम्पत्ति नहीं ज्यूं, त्यूं आतम में जग जोय—जीवरे०

६. वांझ पुत्र जनमें नहीं रे, सींग शशै सिर नांय।
कुसुम न लागे व्योम में रे, त्यूं, जग आतम मांय—जीवरे०

७. अमर अजोनी आतमा रे, है निश्चय तिहुं काल।
'विनयचन्द' अनुभव थकी रे, तूं निज रूप सम्हाल—जीवरे०

२४. श्री महावीर

१. श्री महावीर नमो वरनाणी, शासन जेहनो जाण रे प्राणी।
धन-धन जनक 'सिद्धारथ' राजा, धन 'त्रिशलादे' मात रे प्राणी॥

२. ज्यां सुत जायो गोद खिलायो, 'वर्धमान' विख्यात रे प्राणी।
प्रवचन सार विचार हिया में, कीजे अरथ प्रमाण रे प्राणी॥

३. सूत्र विनय आचार तपस्या, चार प्रकार समाधि रे प्राणी।
ते करिये भवसागर तरिये, आतम भाव अराधि रे प्राणी॥

४. ज्यों कंचन तिहुं काल कहीजे, भूषण नाम अनेक रे प्राणी।
त्यों जगजीव चराचर जोनि, है चेतन गुण एक रे प्राणी॥

५. अपणो आप विषै थिर आतम, सोहं हंस कहाय रे प्राणी।
केवल ब्रह्म पदारथ परिचय, पुद्गल भरम मिटाय रे प्राणी॥

६. शब्द रूप रस गंध न जामें, न सपरस तप छांह रे प्राणी।
तिमिर उद्योत प्रभा कछु नाहीं, आतम अनुभव मांहि रे प्राणी॥

७. सुख दुःख जीवन मरण अवस्था, ए दस प्राण संगात रे प्राणी।
इनथी भिन्न 'विनयचंद' रहिये, ज्यों जल में जलजात रे प्राणी॥

कलश

चौवीस तीरथनाथ कीरति, गावतां मन गह-गहे।
कुम्भट गोकुलचन्द - नन्दन, 'विनयचन्द' इण पर कहे॥
उपदेश पूज्य हमीर मुनि को, तत्त्व निज उर में धरी।
उगणीश-सौ-छः के छमच्छर, महास्तुति यह पूरण करी॥

(२०)

१. देखो रे आदेश्वर बाबा, कैसा ध्यान लगाया है ॥टेर॥
नाभिराय के पुत्र कहीजे, मां मरुदेवी जाया है—देखो०
२. कर ऊपर कर अधिक विराजे, आसन अचल जमाया है।
केवल ज्ञान उपाय जिनेश्वर, शिव-रमणी को ध्याया है—देखो०
३. सुर नर जिनकी भक्ति करत हैं, जिनवर सूं लिव लाया है।
सेवा कियां मिले सुख संपत, सब जीवन सुख पाया है—देखो०
४. देवी देव मिले बहुतेरे, भवि-जन मंगल गाया है।
तीन लोक में महिमा प्रभु की, 'चंद्रकुशल' गुण गाया है—देखो०
५. देखो रे आदेश्वर बाबा, कैसा ध्यान लगाया है।
कैसा ध्यान लगाया रे बाबा, कैसा मन समझाया है—देखो०

(२१)

बोल बोल आदेश्वर व्हाला।
कांई थारी मरजी रे, मां सूं मूंडे बोल ॥टेर॥
१. मां मरुदेवी बाट जोवती, इतरे वधाई आई रे।
आज ऋषभजी उतरिया बाग में, सुन हरसाई रे—मांसूं०
२. न्हाय धोयने गज असवारी, करी मरुदेवी माता रे।
जाय बाग में नन्दन निरख्यो, पाई साता रे—मांसूं०

३. राज छोड़ने निकल्या ऋषभजी, आ लीला अद्भूती रे।
चमर छत्र अरु सिंहासन, मोहनी मूरती रे—मांसू०

४. दिन भर बैठी बाट जोवती, कद मारो ऋषभो आवे रे।
कहती भरत ने आदिनाथ की, खबरां लादे रे—मांसू०

५. किस्या देश में गयो वालेश्वर, तुझ विन वनिता सूनी रे।
वात कहो दिल खोल लालजी, क्यूं वणगा थे मुनी रे—मांसू०

६. रिया मजा में है सुखसाता, खूब कर्‌या दिल चाया रे।
अब तो बोल आदेश्वर म्हांसूं, कलपे काया रे—मांसू०

७. खैर हुई सो हो गई वाला, वात भली नहीं कीनी रे।
गया पछै कागद नहीं दीनूं, म्हारी खवर न लीनी रे—मांसू०

८. ओलम्बा मैं देऊं कठा तक, पाछो क्यों नहीं बोले रे।
दुःख जननी का देख आदेश्वर, हिवड़ो डोले रे—मांसू०

९. अनित्य भावना भाई माता, निज आतम ने तारी रे।
केवल पाम्या मोक्ष सिधाया ज्यांने वन्दना मारी रे—मांसू०

१०. मुगति रा दरवाजा खोल्या, मोरा देवी माता रे।
काल असंख्या रह्या उघाड़ा, जम्बू जड़ गया ताला रे—मांसू०

११. साल वहत्तर तीरथ ओसियां, 'घेवर' प्रभु गुण गाया रे।
सुरत मोहनी प्रथम जिनन्द की प्रणमुं पाया रे—मांसू०

(२२)

तूं ही तूं ही प्रभु मेरा मन मांही वसियो।
मन मांही वसियो, दिल मांही वसियो ॥ टेर ॥

१. ऊठत बैठत सोवत जागत,
नाम तिहारो उर विच वसियो—तूं ही०

२. तुम सम दूजो देव न दीसे,
केवल ज्ञान कला गुण रसियो—तूं ही०

३. ध्यान दिलूं दी भक्ति भाव सूं,
तुम पद सेवत पातक नसियो—तूं ही०

४. पदम कमल सम गुण मकरंद रस,
मेरो मन मधु पीवण तरसियो—तूं ही०

५. सुविधि नाथ जिन सुध बुध बगसो,
"सुजान" तुम गुण प्रेम हुलसियो—तूं ही०

(२३)

ॐ शान्ति शान्ति शान्ति, सब मिल शान्ति कहो।

१. विश्वसेन अचिरा के नन्दन, सुमिरन है सब दुःख निकन्दन।
अहोरात्रि वन्दन हो, सब मिल शान्ति कहो—ॐ

२. भीतर शान्ति बाहिर शान्ति, तुझमें शान्ति मुझमें शान्ति।
सब में शान्ति बसाओ, सब मिल शान्ति कहो—ॐ

३. विषय कषाय को दूर निवारो, काम क्रोध से करो किनारो।
शान्ति साधना यों हो, सब मिल शान्ति कहो—ॐ

४. शान्ति नाम जो जपते भाई, मन विशुद्ध हिय धीरज लाई।
अतुल शान्ति उससे हो, सब मिल शान्ति कहो—ॐ

५. प्रातः समय जो धर्म स्थान में, शान्ति पाठ करते मृदु स्वर में।
उनको दुःख नहीं हो, सब मिल शान्ति कहो—ॐ

६. शान्ति प्रभु सम समदर्शी हो, करें विश्व हित जो शक्ति हो।
'गज मुनि' सदा विजय हो, सब मिल शान्ति कहो—ॐ

(२४)

१. तूं धन तूं धन तूं धन तूं धन, शान्ति जिनेश्वर स्वामी ।
मिरगी मार निवार कियो प्रभु, सर्व भणी सुखकामी ।।

२. अवतरिया अचला दे उदरे, माता साता पामी ।
शान्ति शान्ति जगत वरताई, सर्व कहे सिरनामी—तूं०

३. तुम परसाद जगत सुख पायो, भूले मूढ़ हरामी ।
कंचन डार काँच चित्त देवे, बांकी बुद्धि में खामी—तूं०

४. अलख निरंजन मुनिमनरंजन, भय - भंजन विसरामी ।
शिव-दायक लायक गुण-गायक, वायक है शिव–गामी—तूं०

५. "रतनचन्द" प्रभु कछुअ न मांगे, सुन तूं अन्तरजामी ।
तुम रहवन की ठौर बता दो, तो हूं सहु भर पामी—तूं०

(२५)

१. प्रातः ऊठ श्री शान्ति जिनन्द को, सुमिरण कीजे घड़ी घड़ी ।
संकट कोटि कटे भव–संचित, जो ध्यावे मन भाव धरी ।।टेर।।

२. जनमत पाण जगत दुःख टलियो, गलियो रोग असाध्य मरी ।
घट घट अन्तर आनन्द प्रगट्यो, हुलस्यो हिवड़ो हरष भरी—प्रातः०

३. आपद व्यंतर पिशुन भय भाजे, जैसे देखत मिरग हरी ।
एकण चित्त शुद्ध मन ध्यातां, प्रकटै परिचय परम सिरी—प्रातः०

४. गये विलाय भरम के बादल, परमारथ-पद-पवन करी ।
अवर देव एरंड कुण रोपै, जो निज मंदिर केल फली—प्रातः०

५. प्रभु तुम नाम जग्यो घट अन्तर, तो शुं करिए कर्म अरी ?
'रतनचन्द' शीतलता व्यापी, पातक जाय कषाय टरी—प्रातः०

(२६)

साता कीजोजी, श्री शान्तिनाथ प्रभु ।
शिव-सुख दीजोजी, साता कीजोजी ।।टेर।।

१. शान्तिनाथ है नाम आपको, सब ने साताकारीजी ।
तीन भुवन में चावा प्रभुजी, मृगी निवारीजी—साता०

२. आप सरीखा देव जगत में, और नजर नहीं आवेजी ।
त्यागी ने वीतरागी मोटा, मुझ मन भावेजी—साता०

३. शान्तिनाथ मन मांही जपतां, चाहे सो फल पावेजी ।
ताव-तेजरो, दुःख-दालिदर, सब मिट जावेजी—साता०

४. विश्वसेन राजाजी के नन्दन, अचलादेवी जायाजी ।
गुरु प्रसादे 'चौथमल' कहे, घणा सुहायाजी—साता०

(२७)

नेमजी की जान बणी भारी, देखण को आये नर नारी ।।टेर।।

१. हींसता घोड़ा रथ हाथी, मनुष्य की गिणती नहीं आती ।
ऊंट पे ध्वजा जो फर्राती, धमक से धरती थर्राती ।।
समुद्र विजयजी का लाडला, नेम कुंवरजी नाम ।
राजुल दे को आये परणवा, उग्रसेन घर धाम ।।
प्रसन्न भई नगरी सब सारी—नेमजी०

२. कसुंवल वागा अति भारी, कानन कुंडल की छवि न्यारी ।
किलंगी तुर्रा सुखकारी, माल मोतियन की गल डारी ।।
काने कुण्डल झिगमिगे, शीश मुकुट सुखकार ।
कोटि भानु की वनी ओपमा, शोभा अधिक अपार ।।
बाज रया बाजा टक सारी—नेमजी०

३. छूट रही हुक्का सरणाई, ब्याह में आये बड़े भाई।
झरोखे राजुल दे आई, जान को देखर सुख पाई ॥
उग्रसेनजी देख के, मन में कियो विचार।
बहुत जीव को करी एकठा, बाड़ो भर्यो तिवार ॥
करी जब भोजन की त्यारी–नेमजी०

४. नेमजी तोरण पर आये, पशु सब मिलकर कुर्राये।
नेमजी वचन यूं उच्चारे, पशु ये कोहे को लाये ॥
इणको भोजन होवसी, जान वास्ते त्यार।
एह वचन सुण नेमकी, थरथर कंपी काय ॥
भाव से चढ़ गये गिरनारी–नेमजी०

५. पीछे से राजुलदे आई, हाथ तव पकड्यो छिन मांई।
कहां तूं जावे मोरी जाई, और वर हेरुं सुखदायी ॥
मेरे तो वर एक ही, हो गये नेम कुमार।
और भुवन में वर नहीं चाहे, करो क्रोड़ उपचार ॥
झूरती छोड़ी मां प्यारी–नेमजी०

६. सहेल्यां सब ही समझावे, दाय नहीं राजुल के आवे।
जगत सब झूठो दर्शावे, मेरे मन नेमकुंवर भावे ॥
तोड्या कांकण डोरड़ा, तोड्यो नवसर हार।
काजल टीकी पान सुपारी, त्याग्यो सब सिणगार ॥
करी अब संयम की त्यारी–नेमजी०

७. तज्या सब सोले सिणगारा, आभूषण रत्न जड़ित सारा।
लगे मोय सब ही सुख खारा, छोड़ कर चाली परिवारा ॥
मात पिता परिवार को, तजतां न लागी वार।
रहनेमी समझाय के, जाय चढ़ी गिरनार ॥
दीक्षा फिर राजुल ने धारी–नेमजी०

८. दया दिल पशुअन की आई, त्याग जब कीनो छिन मांही।
नेम जिन गिरनारे जाई, पशु के बन्धन छुड़वाई।।
नेम राजुल गिरनार पे, कीनो अविचल ध्यान।
'नवलमल' यह करी लावणी, ऊपजो केवल ज्ञान।।
जिनों की किरिया शुद्ध सारी—नेमजी०

(२८)

१. आपण घर बैठां लील करो, निज पुत्र कलत्र सु नेह धरो।
तुम देश देशान्तर कांई दौड़ो, नित पार्श्व जपो श्री जिन रूड़ो।।
२. मन वांछित सघला काज सरे, सिर ऊपर चामर छत्र धरे।
कलमल आगल चाले घोड़ो, नित पास जपो श्री जिन रूड़ो।।
३. भूत प्रेत पिशाच बली, सायण ने डायण जाय टली।
छल छिद्र न कोई लागे जूड़ो, नित पास जपो श्री जिन रूड़ो।।
४. एकान्तर ताव सीयो दाह, औषधि विन जाय क्षण मांह।
नवि दूखे माथु पग गोड़ो, नित पास जपो श्री जिन रूड़ो।।
५. कंठमाल गल गुंबड सघला, तस उदर रोग टलें सबला।
पीड़ा न करे फिनगल फोड़ो, नित पास जपो श्री जिन रूड़ो।।
६. जागतो तीर्थङ्कर पार्श्व वहु, इम जाणे सघलो जगत सहु।
तत्क्षण अशुभ कर्म तोड़ो, नित पास जपो श्री जिन रूड़ो।।
७. पास वाराणसी पुरी नगरी, तिहां उदयो जिनवर उदय करी।
'समयसुन्दर' कहे कर जोड़ी, नित पास जपो श्री जिन रूड़ो।।

(२९)

[दोहा]

१. कल्पवेल चिन्तामणि, काम—धेनु गुण—खान।
अलख अगोचर अगम गति, चिदानन्द भगवान।।

२. परम ज्योति परमात्मा, निराकार अविकार ।
निर्भय रूप ज्योति स्वरूप, पूरण ब्रह्म अपार ॥

३. अविनाशी साहिब धणी, चिन्तामणि श्रीपास ।
अर्ज करूँ कर जोड़ के, पूरो वंछित आस ॥

४. मन-चिन्तित आशा फले, सकल सिद्ध हों काम ।
चिन्तामणि को जाप जप, चिन्ता हरे यह नाम ॥

५, तुम सम मेरो को नहीं, चिन्तामणि भगवान ।
चेतन की यह वीनती, दीजे अनुभव ज्ञान ॥

[चौपाई]

६. प्राणत देवलोक से आए, जन्म वाराणसी नगरी पाए ।
अश्वसेन कुल-मंडन स्वामी, तिहुं जग के प्रभु अंतरजामी ॥

७. वामादेवी माता के जाये, लंछन नागफणी मणि पाये ।
शुभ काया नव हाथ वखाणो, नील वर्ण तन निर्मल जाणो ॥

८. मानव यक्ष सेवें प्रभु-पाय, पद्मावती देवी सुख-दाय ।
इन्द्र-चन्द्र पारस-गुण गावें कल्पवृक्ष चिन्तामणि पावें ॥

९. नित सुमरो चिन्तामणि स्वामी, आशा पूरे अन्तरयामी ।
धन-धन पारस पुरिसादाणी, तुम सम जग में कोई नहिं नाणी ॥

१०. तुमरो नाम सदा सुखकारी, सुख उपजै दुःख जाय विसारी ।
चेतन को मन तुमरे पास, मन-वंछित पूरो प्रभु आस ॥

[दोहा]

११. ॐ भगवन्त चिन्तामणि, पार्श्व प्रभु जिनराय ।
नमो-नमो तुम नाम से, रोग-शोक मिट जाय ॥

१२. वात पित्त दूरे टलें, कफ नहीं आवे पास ।
चिन्तामणि के नाम से, मिटें श्वास और खांस ॥

१३. प्रथम दूसरो तीसरो, ताव चौथियो जाय।
शूल बहत्तर दूर हों दादर खाज न थाय ॥

१४. विस्फोटक गडगुंबड़ा, कोढ़ अठारह दूर।
नेत्र–रोग सब परिहरें, कंठ-माल चकचूर ॥

१५. चिन्तामणि के जाप से, रोग शोक मिट जाय।
चेतन पारस नाम को, सुमरो मन चित लाय ॥

[चौपाई]

१६. मन शुद्धे सुमरो भगवान, भयभंजन चिन्तामणि-ध्यान।
भूत-प्रेत-भय जावें दूर, जाप जपे सुख-संपत्ति पूर ॥

१७. डाकण साकण व्यंतर देव, भय नहीं लागे पारस–सेव।
जलचर थलचर उरपर जीव, इनको भय नहिं सुमरो पीव ॥

१८. वाघ सिंह को भय नहीं होय, सर्प गोह आवे नहिं कोय।
वाट घाट में रक्षा करे, चिन्तामणि चिन्ता सब हरे ॥

१९. टोणा टामण जादू करे, तुमरो नाम लियां सब डरे।
ठग फांसीगर तस्कर होय, द्वेषी दुश्मन नावे कोय ॥

२०. भय सब भागें तुमरे नाम, मन-वांछित पूरो सब काम।
भय-निवारण पूरे आस, चेतन जप चिन्तामणि पास ॥

[दोहा]

२१. चिन्तामणि के नाम से, सकल सिद्ध हों काम।
राज-ऋद्धि रमणी मिले, सुख संपत्ति वहु दाम ॥

२२. हय गय रथ पायक मिलें, लक्ष्मी को नहिं पार।
पुत्र कलत्र मंगल सदा, पावें शिव दरवार ॥

२३. चेतन चिन्ता–हरण को, जाप जपो तिहूं काल।
कर आंबिल षट् मास को, उपजे मंगल माल ॥

२४. पारस–नाम प्रभाव से, बाढ़े बल बहु ज्ञान ।
मनवांछित सुख ऊपजे, नित सुमरो भगवान ॥

२५. संवत् अठारा ऊपरे, साढ़–त्रीस परिमाण ।
पौष शुक्ल दिन पंचमी, बार शनिश्चर जाण ॥

२६. पढ़े गुणे जो भाव से, सुणे सदा चित लाय ।
चेतन संपत्ति बहु मिले, सुमरो मन वच काय ॥

(३०)

जै श्री पार्श्व प्रभो, स्वामी जै श्री पार्श्व प्रभो ।
आशा पूरण करिये, हरिये कष्ट विभो ॥
ओऽम् जय श्री पार्श्व प्रभो ॥टेर॥

१. पारस पुरुषा दानी, शरण पड़ा तेरी ।
धरणेन्दर पद्मावती, सहाय करो मेरी–ओऽम्०

२. प्रतिदिन तुम्हें मनाऊं, वांछित फल पाऊं ।
पाकर पारस स्वामी, मैं बलि–बलि जाऊं–ओऽम्०

३. मम गृह कमला आवे, सुख में दिन जावे ।
दास तुम्हारा निशदिन, जय कीरति पावे–ओऽम्०

४. सब विध अब तो मुझ पर, दया करो स्वामी ।
पाहि त्राहि माम्, दीनं हे अन्तरयामी–ओऽम्०

५. कामधेनु सुर तरु से, मुझको फलदाता ।
चिन्तामणि सम तुमसे, सब कुछ मैं पाता–ओऽम्०

६. परम दिव्य शिव संपत्ति, 'केवल' को दीजै ।
पुत्र समझ कर अपना, जल्दी सुध लीजे–ओऽम्०

(३१)

१. तुम से लागी लगन ले लो अपनी शरण,
पारस प्यारा, मेटो मेटोजी संकट हमारा !

२. निश दिन तुमको जपूं पर से नेहा तजूं,
जीवन सारा, तेरे चरणों में बीते हमारा–मेटो०

३. अश्वसेनजी के राजदुलारे, वामादेवी के सुत प्राण प्यारे !
सब से नेहा तोड़ा, जग से मुंह मोड़ा, संयम धारा–मेटो०

४. इन्द्र और धरणेन्द्र भी आये, देवी पद्मावती मंगल गाये।
आशा पूरो सदा, दुःख नहीं पावे कदा सेवक थारा–मेटो०

५. जग के दुःख की परवाह नहीं है, स्वर्ग सुख की चाह नहीं है।
मेटो जन्म मरण, होवे ऐसा यतन, पारस प्यारा–मेटो०

६. लाखों वार तुम्हें शीप नमाऊं, गजके नाथ तुम्हें कैसे पाऊं।
'पंकज' व्याकुल भया, दरशन बिन यह जिया लागे खारा–मेटो०

(३२)

१. पारसनाथ सहायी जाके, कमी रहे नहीं कांई।
वन में मंगल रण में रक्षा, अग्नि होत शितलाई—पा०

२. जहां-जहां जावे तहां-तहां आदर, आनन्द रंग बधाई।
कहा करे द्वेपी जन कोऊ, बाल न बांका थाई—पा०

३. भजन करे सो नव-निधि पावे, विप अमृत हो जाई।
'रूपचन्द्र' प्रभु के गुण गावे, जन्म-जन्म सुखदाई—पा०

(३३)

वामाजी के नंदा मानो, सोहे पूनम चन्दाजी ।। टेर ।।

१. तीन ज्ञान ले गर्भ में आये प्रभु।
मात पिता मन भया है आनन्दाजी–वामाजी०

२. पोष कृष्ण दसमी जन्म भयो जब।
नृत्य गीत करै उरवशी इन्दाजी–वामाजी०

३. मान भक्ति वर सुजंग कृपा कर।
देव परमेष्ठी ने किया है वरणिन्दाजी—वामाजी०

४. जगत मान भ्रम ख्याल समस्त तज।
कर्म काट सिद्ध थया है जिनंदाजी—वामाजी०

५. गुण अनन्त नाथ पारस के।
गावत पार न पावे विनयचन्दाजी॥
वन्दे परम आनन्दा विनयचन्दाजी—वामाजी०

(३४)

१. ॐ जय महावीर प्रभो! स्वामी जय महावीर प्रभो!
जगनायक सुखदायक, अति गम्भीर प्रभो!

२. कुण्डलपुर में जन्मे, त्रिशला के जाए! माता त्रिशला के—
पिता सिद्धार्थ राजा, सुर नर हर्षाए, ॐ जय०

३. दीनानाथ दयानिधि, हैं मंगलकारी, स्वामी हैं मंगल—
जगहित संयम धारा, प्रभु पर उपकारी, ॐ जय०

४. पापाचार मिटाया, सत्पथ दिखलाया, स्वामी सत्पथ—
दयाधर्म का झण्डा, जग में लहराया, ॐ जय०

५. अर्जुनमाली गौतम, श्री चन्दन बाला, स्वामी श्री चन्दन—
पार जगत से बेड़ा, इनका कर डाला, ॐ जय०

६. पावन नाम तुम्हारा, जगतारणहारा, स्वामी जगतारण—
निशदिन जो नर ध्यावे, कष्ट मिटे सारा, ॐ जय०

७. करुणा सागर! तेरी, महिमा है न्यारी, स्वामी महिमा—
'ज्ञानमुनि' गुण गावे, चरणन बलिहारी, ॐ जय०

(३५)

१. जय अघनाशन, शान्ति सिंहासन, द्वेष-विनाशन, शासन-स्यन्दन।
सन्मति-कारण, कुमति निवारण, भवभय-हारण, शीतल चन्दन!

२. जय करुणा-वरुणालय जय जय, जीव सभी करते अभिनन्दन।
जय सुख-कन्दन, दुरित-निकन्दन, जय जग-वन्दन, त्रिशला-नन्दन ॥

(३६)

जय बोलो महावीर स्वामी की, घट घट के अन्तरयामी की।
.जय बोलो महावीर स्वामी की ॥टेर॥

१. जिस जगती का उद्धार किया, जो आया शरण वह पार किया।
जिस पीड़ सुनी हर प्राणी की—जय०

२. जो पाप मिटाने आया था, जिन भारत ज्ञान जगाया था।
उस त्रिशला-नन्दन ज्ञानी की—जय०

३. जिसने राज पाट को छोड़ दिया, बारह वर्ष तप घोर किया।
उस शान्त वीर रसगामी की—जय०

४. जिन स्याद्वाद सिद्धान्त दिया, जिसने सब झगड़ा मेट दिया।
है देन सभी उस नामी की—जय०

५. जिस जीव अजीव को तोल दिया, फिर तत्व ज्ञान अनमोल दिया।
उस महामोक्ष – पदगामी की—जय०

६. हो लाख बार परणाम तुम्हें, हे वीर प्रभु ! भगवान् तुम्हें।
मुनि दर्शन मुक्ति-गामी की—जय०

(३७)

जिनन्द मांय दीठा ए सुपना सार ॥ टेर ॥

१. पहले गयवर देखियोजी सूँडा दण्ड प्रचण्ड।
दूजे वृषभ देखियोजी धोरी धोलो सण्ड—जिनन्द०

२. तीजे सिंह सुलक्षणोजी करतो मुख बगास।
चौथे लक्ष्मी देवता जी, कर रह्या लील विलास—जि०

३. पंच वरण फूलां तणीजी, माला देखी सुवास ।
छट्ठे चन्द्र उजासियोजी अमीय भरे आकाश–जि०

४. दिनकर ऊगो तेजसूंजी किरणां झांक झमाल ।
फरकती देखी धजाजी, ऊँची अति असराल–जि०

५. कुम्भ कलश रतना जड्योजी उदकभर्यो सुविशाल ।
कमल फूलां को ढाकणोंजी, नवमें स्वप्न रसाल–जि०

६. पद्म सरोवर जल भर्योजी कमला करी सुसोभाय ।
देव देवी रंग में रमेजी, देख्यां आवे दाय–जि०

७. क्षीर समुद्र चारों दिशाजी, जेनो मीठो नीर ।
दूध जैसो पानी भर्यो जी कठिन पावणो तीर–जि०

८. मोत्यां केरा झूंबकाजी देख्या देव विमान ।
देव देवी, कौतुक करेजी आवतां असमान–जि०

९. रत्नां की राशि निरमलीजी देख्यो स्वप्न उदार ।
स्वप्नो देख्यो तेरमोजी हिवड़े हर्ष अपार–जि०

१०. ज्वाला देखी दीपतीजी अगन शिखा बहु तेज ।
इतने जाग्या पदमणीजी वरतां स्वप्ना से हेज–जि०

११. गजगति चाल्या मलकताजी आया राजन् पास ।
भद्रासन आसन दियो जी राय पूछे हुल्लास–जि०

१२. कहो किण कारण आवियाजी कहो थांरा मननी वात ।
चवदे स्वप्ना देखियाजी अर्थ कहो साक्षात्–जि०

१३. स्वप्ना सुनी राय हर्षियाजी कीनो स्वप्न विचार ।
तीर्थंकर चक्रवरत हुसीजी तीन लोक आधार–जि०

१४. प्रभाते पंडित तेड़ियाजी कीनो स्वप्न विचार ।
तीर्थङ्कर चक्रवरत हुसीजी तीन लोक करतार–जि०

१५. पंडित ने वहु धन दियोजी वस्तरने फूलमाल।
गर्भवास पूरा थया जद् जनम्या पुन्यवंत वाल–जि०

१६. चोसठ इन्द्र आवियाजी छप्पन दिशा कुंवार।
अशुचि कर्म निवारने जी गावे मंगलाचार–जि०

१७. प्रतिविम्व घर में धर्यो जी माताजी ने विश्वास।
शक्र इन्द्र लीधा हाथ में जी पंच रूप प्रकाश–जि०

१८. मेरु शिखर न्हवावियाजी तेहनो वहु विस्तार।
इन्द्रादिक सुर नाचियाजी नाची अपसरा नार–जि०

१९. अठाई महोत्सव सुर करेजी दीप नन्दीश्वर जाय।
गुण गावे प्रभुजी तणाजी हियड़े हरप न मांय–जि०

२०. परभाते सुपना जो भणेजी भणता आनन्द थाय।
रोग शोक दूरा टले जी अशुभ कर्म सव जाय–जि०

(३८)

जो आनन्द मंगल चाहो रे मनाओ महावीर।

१. प्रभु त्रिशला जी के जाया है, कन्चन वरणी काया।
ज्यां के चरणां शीश नमावो रे–मनाओ०

२. प्रभु अनन्त ज्ञान गुणधारी, ज्यांरी सूरत मोहन गारी।
ज्यांका दर्शन कर सुख पाओरे–मनाओ०

३. प्रभु जी की मीठी वाणी, है अनन्त सुखों की खानी।
थें धार धार तिर जाओ रे–मनाओ०

४. ज्यांके शिष्य वड़ा है नामी, सदा सेवो गौतम स्वामी।
जो रिद्ध सिद्ध थें चावो रे–मनाओ०

५. थांरा सर्व विघ्न टल जावे, मन वांछित सुख प्रगटावे।
फिर आवागमन मिटाओ रे–मनाओ०

६. साल उगणीस सौ गुण्यासी भाई, देवास शहर के मांही।
कहे 'चौथमल' गुण गावो रे–मनाम्रो०

(३९)

१. जो भगवती त्रिशला तनय, सिद्धार्थ कुल के भान हैं,
लिया जन्म क्षत्रियकुण्ड में, प्रियनाम श्री वर्द्धमान है।
२. जो स्वर्ण-वर्ण प्रलम्बभुज, सरसिज नयन अभिराम हैं,
करुणा सदन मर्दन मदन, आनन्दमय गुणधाम है।
३. जो अनन्त ज्ञानी हैं प्रभो ! और अनन्त शक्ति वान् हैं,
किस मुख से गुण वर्णन करूं, मेरी तो एक जबान है।
४. योगीन्द्र मुनि चिन्तन करत, जिनका कि आठों याम हैं,
उन वर्द्धमान जिनेश को, मेरे अनेक प्रणाम हैं।

(४०)

१. तीरथनाथ सिद्धारथ सुत को, नित नित सुमिरण कीजे ।।टेर।।
दिन दिन वधे सवाई प्रभुता, सकल मनोरथ सीझे–तीरथ०
२. जिण घर कल्पवृक्ष चित्रा वेली, काम धेनू दोहीजे।
काम – कुंभ चिन्तामणि सेवे, वांछित भोग लहीजे–तीरथ०
३. इण थी अधिक नाम प्रभुजी को, जो निश्चय चित्त लीजे।
तिण घर कमी रहै नहीं कोई, रिद्धि सिद्धि वृद्धि पामीजे–तीरथ०
४. पुद्गल वस्तु सकल इण भव की, क्षण शोभा दे छीजे।
प्रभु के नाम मिलें सुख सम्पति, भव-भव अक्षय कहीजे–तीरथ०
५. ज्यूं पनिहारिन का चित कुंभ में, त्यूं प्रभु में चित्त दीजे।
'विनयचन्द' पहुंचे शिवपुर में, जो अनुभव रस पीजे–तीरथ०

(४१)

१. महावीर शूरवीर महाबली महाधीर,
वांणी मीठी [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है।
नागणी सी नारी जाण घट में वैराग्य आण,
जीत लियो जग [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है॥
२. चौदह हजार सन्त तार दिया भगवन्त,
कर्मा को कियो अन्त [illegible] [illegible] [illegible] है।
भणे मुनि 'चन्द्रभाण' सुनो हो विवेकवान,
महावीर धरियां ध्यान उपजे आनन्द है॥
३. पाप पन्थ परिहर मोक्ष पन्थ पग धर,
अभिमान दूर टार निन्दा को निवारी है।
संसारियों का छोड़ा संग आलस न आवे अंग,
ज्ञान सेती राखे रंग मोटा उपकारी है॥
४. मन मांहि निरमल जैसे है गंगा को जल,
काटे ते करमदल नव तत्त्व धारी है।
संयम की करे खप वारे भेदे तपे तप,
ऐसे अणगार वांको 'वन्दना' हमारी है॥
वर्द्धमान जपे जाप सारा ही आनन्द है॥

(४२)

१. श्री महावीर स्वामी की, सदा जय हो सदा जय हो।
पतित पावन जिनेश्वर की, सदा जय हो सदा जय हो—श्रीमहा०
२. तुम्हीं हो देव देवन के, तुम्हीं हो पीर पैगम्बर।
तुम्हीं ब्रह्मा तुम्हीं विष्णु, सदा जय हो सदा जय हो—श्रीमहा०
३. तुम्हारे ज्ञान खजाने की, महिमा बहुत भारी है।
लुटाने से बढ़े हर दम, सदा जय हो सदा जय हो—श्रीमहा

४. तुम्हारी ध्यान मुद्रा से, अलौकिक शान्ति झरती है।
सिंह भी गोद पर सोते, सदा जय हो सदा जय हो—श्रीमहा०

५. तुम्हारा नाम लेने से, जागती वीरता भारी।
हटाते कर्म लश्कर को, सदा जय हो सदा जय हो—श्रीमहा०

६. तुम्हारा संघ सदा जय हो, 'मुनि मोतीलाल' सदा जय हो!
'जवाहरलाल' पूज्य गुरु राज, सदा जय हो सदा जय हो—श्रीमहा०

(४३)

१. श्री सिद्धारथ कुलदीपक चन्द, त्रिशला दे राणी नो नन्द।
कोमल कंचनवर्ण शरीर, मन वंछित पूरण महावीर॥

२. कृपानाथ करी करुणा घणी, मुझ सामूं जूओ शासन-धणी।
त्रिभुवन नाथ आयो अब तीर, मन वंछित पूरण महावीर॥

३. अनन्तबली तप दुक्कर किया, सभी कर्म कूं दावानल दिया।
सम दम खम ने धारी धीर, मन वंछित पूरण महावीर॥

४. चुम्मालीसे चेला किया, एकज दिन में महाव्रत दिया।
गौतम—सरिखा हुआ वजीर, मन वंछित पूरण महावीर॥

५. समोसरणमां सुण्यो अधिकार, अमृतवाणी रूप दीदार।
दीठे हरखे हैडूं हीर, मन वंछित पूरण महावीर॥

६. एक पल धरे प्रभुजी नूं ध्यान, पग—पग प्रगटे पुण्यनिधान।
वचन मीठा जिम मिसरी खीर, मन वंछित पूरण महावीर॥

७. चैन पामैं चिन्ता चकचूर, देखी दुश्मन नासे दूर।
दिन—दिन वाढ़े सम्पत्ति शीर, मन वंछित पूरण महावीर॥

८. तुम नामे भव—सागर तरे, तुम नामे सव कारज सरे।
ऋद्धि—वृद्धि पामें वर चीर, मन वंछित पूरण महावीर॥

९. चिन्तामणि जिम जिनवर जाप, क्रोड़ भवोनां काटे पाप।
रोग शोक नाशे भव पीर, मन वंछित पूरण महावीर ॥

१०. वैसाख सुदि दशमी दिन जाण, प्रभुजी पाम्या केवल नाण।
सागर-जैसा होत गम्भीर, मन वंछित पूरण महावीर ॥

११. संवत अठारह तेतीसे ताम, मेड़ता नगर किया गुणग्राम।
षट् कायानां प्रभुजी पीर, मन वंछित पूरण महावीर ॥

१२. प्रभु पावापुरी मां मुक्ति गया, ऋषि 'रायचन्द' कहे करज्यो मया।
पहूंचाड़ो मुझ भव-जल तीर, मन वंछित पूरण महावीर ॥

(४४)

हमारी वीर हरो भव पीर।

१. मैं दुःख-तपित दयामृत सर सम, लख आयो तुम तीर।
तुम परमेश मोख मग-दर्शक, मोह दावानल-नीर ॥

२. तुम विन हेतु जगत-उपकारी, शुद्ध चिदानन्द धीर।
गणपति-ज्ञान समुद्र न लंघै, तुम गुणसिन्धु गम्भीर ॥

३. याद नहीं मैं विपति सही जो, धर-धर अमित शरीर।
तुम गुण चिन्तत नशत तम भय, ज्यों घन चलत समीर ॥

४. कोटि वार की अरज यही है, मैं दुःख सहूं अधीर।
हरहूं वेदना-फन्द 'दौल' को, कतर कर्म-जंजीर ॥

(४५)

१. अंगुष्ठे अमृत वसे, लब्धितणा भण्डार।
श्री गुरु गौतम सुमरिये, वंछित फल दातार ॥

(४६)

ॐ जय गौतम स्वामी प्रभु, जय गौतम स्वामी।
ऋद्धि सिद्धि के दाता, प्रणमूं सिर नामी, ॐ जय गौतम स्वामी ॥

१. वसुभूति है तात तुम्हारे, पृथ्वी के जाया ।।स्वामी।।
कंचन वर्ण अनूपम, सुन्दर तन पाया ।।ओऽम्।।
२. ठाम ठाम सूत्रों में, नाम तेरा आवे ।।स्वामी।।
चार ज्ञान चवदह पूर्व धर, सुर नर गुण गावे ।
३. महावीर से गुरु तुम्हारे, जगतारण हारे ।।स्वामी।।
सब मुनियों में शिरोमणि, गणधर तुम प्यारे ।
४. भव्य हितारथ तुमने, किया निर्णय भारी ।।स्वामी।।
पूछे प्रश्न अनेकों, निज आतम तारी ।
५. गौतम गौतम जाप जपे से, दुःख दारिद्दर जावे ।।स्वामी।।
सुख सम्पति यश लक्ष्मी, अनायास पावे ।
६. भूत प्रेत डायनि भय नासे, गौतम ध्यान धरे ।।स्वामी।।
गजानन्द आनन्द करो, यों 'चौथमल' गावे ।

(४७)

१. वीर जिनेश्वर–केरो शीस, गौतम नाम जपो निश दीस ।
जो कीजे गौतमनो ध्यान, ते घर विलसे नवे निधान ।।
२. गौतम–नामे गजवर चढ़े, मनवंछित हेला सांपड़े ।
गौतम नामे नावे रोग, गौतम नामे सर्व संयोग ।।
३. जे वैरी विरुआ वंकड़ा, तस नामे नावे नेड़ा ।
भूत प्रेत नवि मंडे प्राण, ते गौतमना करूं बखाण ।।
४. गौतम नामे निर्मल काय, गौतम नामे वाढ़े आय ।
गौतम जिन शासन-सिणगार, गौतम नामे जय जयकार ।।
५. शाल दाल गोरस घृत गोल, मनवंछित कापड़ तंबोल ।
घरे सुघरणी निर्मल चित्त, गौतम नामे पुत्र विनीत ।।

६. गौतम ऊग्यो अविचल भाण, गौतम नाम जपो जग-जाण।
म्होटा मन्दिर मेरु-समान, गौतम नामे सफल विहान ॥

७. घर मयंगल घोड़ानी जोड़, वारू पहुंचे वंछित कोड़।
महियल माने म्होटा राय, जो तूठे गौतमना पाय ॥

८. गौतम प्रणम्यां पातक टले, उत्तम नरनी संगति मिले।
गौतम नामे निर्मल ज्ञान, गौतम नामे वाधे मान ॥

९. पुण्यवंत अवधारो सहू, गुरु गौतम ना गुण छै बहू।
कहे 'लावण्यसमय' कर जोड़, गौतम तूठे सम्पत्ति कोड़ ॥

(४८)

१. श्री इन्द्रभूतिजी का लीजे नाम, तो मन वांछित सीझै काम।
मोटा लब्धि तणा भण्डार, वन्दूं इग्यारह गणधार ॥

२. अग्निभूति गौतमजी का भाई, वीरजी ने दीठा समता आई।
ऋद्धि त्याग लियो संजम भार—वन्दूं इग्यारह गणधार ॥

३. वायुभूति मोटा मुनिराय, ये तीनों ही सगा भाय।
पांच पांच सौ निकल्या लार—वन्दूं इग्यारह गणधार ॥

४. विगतस्वामीजी चौथा जाण—भजन कियां मिले अमर विमाण।
देवलोके सुख रा झणकार—वन्दूं इग्यारह गणधार ॥

५. स्वामी सुधर्मा वीरजी रे पाट—जन्म मरण सेवक ना काट।
मुझ ने आप तणो आधार—वन्दूं इग्यारह गणधार ॥

६. मंडिपुत्र ने मोरिपूत—मुक्ति जावण रो कर दियो सूत।
त्रिविधे त्याग्या पाप अठार—वन्दूं इग्यारह गणधार ॥

७. अकम्पित ने अचलभ्रात—वीरजी रे वचने रह्या ज रात।
चवदह पूरब ना भण्डार—वन्दूं इग्यारह गणधार ॥

८. मेतारज ने श्री प्रभास—मोक्षनगर में कर दियो वास।
   जपतां होवे जय जयकार—वन्दूं इग्यारह गणधार॥

९. ये इग्यारह उत्तम जात—चम्मालीस सौ निकल्या लार।
   ज्यां कर दीनो खेवो पार—वन्दूं इग्यारह गणधार॥

१०. इण नामें सहू आशा फले, दोषी दुश्मन दूरा टले।
   ऋद्धि वृद्धि पामे सुखसार—वन्दूं इग्यारह गणधार॥

११. इण नामे सब नाशे पाप, नित रा जपिये भविजन जाप।
   चित्त चोखा हृदय में धार—वन्दूं इग्यारह गणधार॥

१२. संवत् अठारह (सौ) तियालिस, जाण-पूज्य जयमलजी री अमृतवाण।
   चौमासे स्तवन कियो पीपाड़—वन्दूं इग्यारह गणधार॥

१३. अषाढ़ सुदि सातम रे दिन—गणधरजी ने गाया इकमन।
   'आशकरण' भणे अणगार—वन्दूं इग्यारह गणधार॥

(४९)

श्री महावीर पहोंत्या निर्वाण, गौतम स्वामीए वातज जाणी।

१. गुरांजी तुम मंने गोड़े न राख्यो-ए आंकड़ी॰
   मुगति जावणरो नाम न दाख्यो—गुरांजी॰

२. हुं सगलां पहेला हुवो थारो चेलो,
   इण अवसर आगो किम मेल्यो—गुरांजी॰

३. प्रभु तुम चरणे म्हारो चित्त लाग्यो,
   पर तुम मंने मेल दियो आगो—गुरांजी॰

४. मंने दर्शन आपको लागतो प्यारो,
   आप पहोंत्या निर्वाण मुझे मेल दियो न्यारो—गुरांजी॰

५. आपे तो मुझ से अंतर राख्यो,
   पिण मैं म्हारा मनरो दर्द न दाख्यो—गुरांजी॰

६. हुं आड़ो मांडीने न झालत पल्लो,
पण तुम साहिब काम कियो नहीं भल्लो–गुरांजी०

७. हुं आपने अंतराय न देतो,
मुगति में जग्या व्हेंची न लेतो–गुरांजी०

८. हुं संकड़ाई न करतो कांई,
आप साथे हुं मोक्ष आई–गुरांजी०

९. अब हूं पृच्छा करशूं किण आगे,
प्रभु म्हारो मन एक थांशुंज लागे–गुरांजी०

१०. म्हारो शंको कहो कूण टाले,
आप विना पाखंडीना मद कूण गाले–गुरांजी०

११. हुं तो चौदह पूरवने चौनाणी,
पिण मोहनीय कर्म लपेट्यो आणी–गुरांजी०

१२. इसो गौतम स्वामीये कियो विलपात,
ए मोहनीय कर्मनी अचरज वात–गुरांजी०

१३. हवे मोहनीय कर्म दूर टाली,
गौतम स्वामीए सूरत संभाली ।।

१४. वीतराग राग – द्वेषसुं वीत्या,
म्हारा चित्तमां आई गई चिंता–वीतराग०

१५. तिणि वेला निर्मल ध्यानज ध्यायो,
केवल ज्ञान गौतम स्वामीए पायो–वीतराग०

१६. बारह वरस रह्या केवलज्ञानी,
वात ज्यांसूं कांइ रही न छानी–वीतराग०

१७. गौतमे पण कियो मुगति में वासो,
संसारनो सर्व देखे तमासो–वीतराग०

१८. जेणि राते सुगति गया वर्द्धमान,
इन्द्रभूति ने उपज्यु केवल ज्ञान–वीतराग०

१९. तिन दिन थी ए बाजी दिवाली,
म्होटो दिन ए मंगल माली–वीतराग०

२०. रात दिवालीनी शीयल तुम पालो,
वली, रात्रि भोजन करवो टालो–वीतराग०

२१. ऋषि 'रायचन्द्र' कहे सुणो हो सुज्ञानी,
दयारूपी दिवाली थें लीजो मानी–वीतराग०

२२. श्री शासन नायक सुगति दायक, दया मारग उजुवालियो।
श्री गौतम स्वामी सुगति गामी, कियो चित वल्लभ चौढालियो॥

२३. संवत् अठारे गुणचालीशे, नागौर चौमासो निर्मल मनें।
पूज्य जैमलजी प्रसादे, संपूर्ण कियो दीवाली दिने॥

(५०)

१. आदिनाथ आदि जिनवर वंदी, सफल मनोरथ कीजिए।
प्रभाते उठी मंगलिक कामे, सोलह सतियों ना नाम लीजिये॥

२. बालकुमारी जगहितकारी, ब्राह्मी भरतनी बेनड़ीए।
घट घट व्यापक अक्षर रूपे, सोलह सतिमां जे वडीए॥

३. बाहुबल भगिनी सतीए शिरोमणि, सुन्दरी नाम ऋषभ सुताए।
अंक स्वरूपी त्रिभुवन मांहे, जेह अनुपम गुण जुताए॥

४. चन्दनबाला बालपने सूं, शीयलवन्ती शुद्ध श्राविकाए।
उड़दना बाकुला वीर प्रतिलाभ्या, केवल लही व्रत भाविकाए॥

५. उग्रसेन धूया धारिणी नंदिनी, राजीमती नेम वल्लभाए।
जोबन वेशे काम नें जीत्या, संजम लइ देव दुल्लभाए॥

६. पंच-भरतारी पांडव नारी, द्रुपद तनया बखाणीए।
एकसो आठे चीर पुराणा, शीयल महिमा तस जाणिए॥

७. दशरथ नृप नी नारी निरुपम, कौशल्या कुल चन्द्रिकाए।
शीयल सलुणी राम जनेता, पुन्य तणी प्रणालीकाए॥

८. कोसंबिक ठामें संतानिक नामें, राज्य करे रंग राजियोए।
तस घर घरणी मृगावती सती, सुर भुवने जश गावीयोए॥

९. सुलशा सांची शीयले न कांची, राची नहीं विषया रसेए।
मुखडुं जोतां पाप पलाए, नाम लेतां मन हुल्लसेए॥

१०. राम रघुवंशी तेहनी कामिनी, जनकसुता सीता सतीए।
जग सहु जाणे धीजकरंता, अनल शीतल थयो शीयलथीए॥

११. सुर नर वंदित शीयल अखंडित, शिवा शिव पद गामिणीए।
जपते नामे निर्मल थइए, वलिहारी तस नामनीए॥

१२. कांचे तांतणे चालणी बांधी, कूप थकी जल काढीयुंए।
कलंक उतारवा सतीए सुभद्रा, चम्पा द्वार उघाडीयुंए॥

१३. हस्तिनापुरे पांडु राय नी, कुन्ती नामे कामिनीए।
पांडव माता दसे दशार्हनी व्हेन, पतिव्रता पद्मिनीए॥

१४. शीलवती नामे शीलव्रतधारिणी, त्रिविधे तेहने वंदीयेए।
नाम जपंता पातक जाए, दरीसणे दुरित नीकंदीए॥

१५. निषधा नगरी नल नरींदनी, दमयन्ती तस गेहिनीए।
संकट पड़तां शीयलज राख्युं, त्रिभुवन कीरति जेहनीए॥

१६. अनंग अजीता जग जन पुजीता, पुष्पचुला ने प्रभावतीए।
विश्वविख्याता कामीत दाता, सोलमी सती पद्मावतीए॥

१७. वीरे भांखी शास्त्रे साखी, उदय रतन भाखे मुदाए।
व्हाणुं वातां जे नर भणशे, ते लेशे सुख सम्पदाए।

(५१)

१. शीतल जिनवर करूं प्रणाम, सोलह सतीरा लेसूं नाम।
ब्राह्मी चन्दना राजमती, द्रौपदी कौशल्या मृगावती।
२. सुलसा सीता सुभद्रा जाण, शिवा कुन्ती शीलगुण खाण।
नल-घरणी दमयन्ती सती, चेलना प्रभावती पद्मावती।
३. शील तणे सुहावे सिरी, ऋषभ देवनी धिया सुन्दरी।
सोलह सतियां शील गुणभरी, भवियण प्रणमो भावे करी।।
४. ये सुमरियां सब संकट टलें, मनचिन्तित मनोरथ फलें।
इण नामे सब सीझे काज, लहिये मुक्ति पुरी नो राज।।
५. भूत प्रेत इण नामें टले, ऋद्धि सिद्धि घर आई मिले।
इण नामे सहू होय जगीश, ये सतियां सुमरो निश दीश।।

(५२)

ॐ गुरु ॐ गुरु ॐ गुरु देव, जयगुरु जयगुरु जयगुरु देव।
१. देव हमारे श्री अरिहंत, गुरु हमारे गुणी जन सन्त।
सूत्र हमारा सत्य-निधान, धर्म हमारा दया–प्रधान।।
२. श्रमण भगवन्त श्री महावीर, त्रिशला नन्दन हरियो पीर।
अधम उद्धारण श्री अरिहन्त, पतितपावन भज भगवंत।।
३. गुरु गौतम सुमरो हर बार, घर-घर बरते मंगलाचार।
बोलो सब मिल जय जयकार, होवे अपना भी उद्धार।।

(५३)

ओम् जय जय गुरु देवा, स्वामी जय जय गुरु देवा।
जो ध्यावे तिर जावे, पावे शिव सुख मेवा।।टेर।।

१. पंच महाव्रत धारे जग वैभव छोड़ा स्वामी ।
संयम शुद्ध आराधे प्रभु से नेह जोड़ा–ओऽम्०
२. सकल जीव प्रति बोधे राग द्वेष टारे स्वामी ।
अखंड बाल ब्रह्मचारी सुर सेवा सारे–ओऽम्०
३. पाखंड दूर हटावे सुपथ दिखलावे स्वामी ।
धन्य धन्य जिन मुनिवर तारे तिर जावे–ओऽम्०
४. आठों याम एक काम जिनों का प्रभु में ध्यान लगे स्वामी ।
गुरुवर के गुण गातां, सोते भाग्य जगे–ओऽम्०
५. 'जीत' शरण में आयो महर नजर कीजो स्वामी ।
सेवक ने अब स्वामी तुम सम कर लीजो–ओऽम्०

(५४)

गुरु बिन कौन बतावे बाट ? बड़ा विकट यमघाट ॥ध्रु०॥
१. भ्रांति की पहाड़ी नदियां बिचमीं, अहंकारकी लाट ।
काम क्रोध दो पर्वत ठाढ़े, लोभ चोर संघात ॥
२. मद मत्सरका मेह बरसत, माया पवन वहे दाट ।
कहत 'कबीर' सुनो भाई साधो, क्यों तरना यह घाट ॥

(५५)

जय बोलो रत्न मुनीश्वर की, धन्य कुशल वंश के पटधरकी ।
१. पूज्य भूधर महिमाशाली थे, कुशलेश शिष्य हितकारी थे ।
थे मूल भूमि रत्नाकर की–जय०
२. श्री गुमानचन्द्र गुरुवर पाया, लघु वय में संयम अपनाया ।
श्रो गंग गुलावा सुत-वर की–जय०

७. चौवीसे जिननां, सगला ही गणधार ।
चौदहसौ ने बावन, ते प्रणमूं सुखकार ॥

८. जिन शासन नायक, धन्य श्री वीर जिनन्द ।
गौतमादिक गणधर, वर्त्यो आनन्द ॥

९. श्री ऋषभदेव ना भरतादिक सौ पूत ।
वैराग्य मन आणी, संयम लियो अद्‌भुत ॥

१० केवल उपजाव्यूं, करि करणी करतूत ।
जिनमत दीपावी, सगला मोक्ष पहूंत ॥

११. श्री भरतेश्वर ना हुआ पटोधर आठ ।
आदित्य जशादिक, पहुंत्या शिव पुर वाट ॥

१२. श्री जिन-अन्तर ना, हुआ पाट असंख ।
मुनि मुक्ति पहुंत्या, टालि कर्मनो वंक ।

१३. धन्य कपिल मुनिवर-नमी नमुं अणगार ।
जेणे तत्क्षण त्यागियो, सहस्र-रमणी परिवार ॥

१४. मुनि वल हरिकेशी, चित्त मुनीश्वर सार ।
शुद्ध संयम पाली, पाम्या भवनो पार ॥

१५. वलि इक्षुकार राजा, घर कमलावती नार ।
भगू ने जशा, तेहना दोय कुमार ॥

१६. छये छती ऋद्धि छांड़ी, लीधो संयम भार ।
इण अल्प कालमां पाम्या मोक्ष द्वार ॥

१७. वलि संयति राजा, हिरण आहिड़े जाय ।
मुनिवर गर्दभाली, आण्यो मारग ठाय ॥

१८. चारित्र लेईने, भेट्या गुरुना पाय ।
क्षत्री राज ऋषीश्वर, चर्चा करी चित लाय ॥

१९. वलि दशे चक्रवर्ती, राज्य रमणी ऋद्धि छोड़ ।
दशे मुक्ति पहुंत्या, कुल ने शोभा छोड़ ॥

२०. इण अवसर्पिणी काल मां आठ राम गया मोक्ष ।
बलभद्र मुनीश्वर, गया पंचमे देवलोक ॥

२१. दशार्ण भद्र राजा, वीर वांद्या धरि मान ।
पछि इन्द्र हटायो, दियो छकाय अभयदान ॥

२२. करकण्डू प्रमुख, चारे प्रत्येक बुद्ध ।
मुनि मुक्ति पहुंत्या, जीत्या कर्म महाजुद्ध ॥

२३. धन्य म्होटा मुनिवर, मृगापुत्र जगीश ।
मुनिवर अनाथी, जीत्या राग ने रीश ॥

२४. वलि समुद्रपाल मुनि, राजीमति रहनेम ।
केशी ने गौतम, पाम्या शिवपुर खेम ॥

२५. धन्य विजय घोष मुनि, जय घोष वलि जाण ।
श्री गर्गाचार्य, पहुंत्या छै निर्वाण ॥

२६. श्री उत्तराध्ययनमां, जिनवर कर्‌या वखाण ।
शुद्ध मन से ध्यावो, मन में धीरज आण ॥

२७ वलि खंदक सन्यासी, राख्यो गौतम-स्नेह ।
महावीर समीपे, पंच महाव्रत लेह ॥

२८. तप कठिन करीने, झौंसी आपणी देह ।
गया अच्युत देवलोके, चवि लेसे भव छेह ॥

२९. वलि ऋषभदत्त मुनि, सेठ सुदर्शन सार ।
शिवराज ऋषीश्वर, धन्य गांगेय अणगार ॥

३०. शुद्ध संयम पाली, पाम्या केवल सार ।
ये चारे मुनिवर, पहुंच्या मोक्ष मंझार ॥

३१. भगवंतनी माता, धन धन सती देवानन्दा ।
वलि सती जयन्ती, छोड़ दिया घर फन्दा ॥

३२. सति मुक्ति पहुंत्या, वली ते वीरनी नन्द ।
महासती सुदर्शना, घणी सतियों ना वृन्द ॥

३३. वलि कार्तिक शेठे, पड़िमा वही शूर वीर ।
जम्यो मोरां ऊपर, तापस वलती खीर ॥

३४. पछी चारित्र लीधूं, मित्र एक सहस्र आठ धीर ।
मरी हुओ शक्रेन्द्र, चवि लेसे भवतीर ॥

३५. वलि राय उदायन, दियो भाणेज ने राज ।
पछी चारित्र लेईने, सार्या आतम काज ॥

३६. गंगदत्त मुनि आनन्द, तिरण तारण नी जहाज ।
मुनि कौशल रोहो, दियो घणां ने साज ॥

३७. धन्य सुनक्षत्र मुनिवर, सर्वानुभूति अणगार ।
आराधक हुई ने, गया देव लोक मंझार ॥

३८. चवि मुक्ति जासे वली सिंह मुनीश्वर सार ।
वीजा पण मुनिवर, भगवती मां अधिकार ॥

३९. श्रेणिकनो वेटो, म्होटो मुनिवर मेघ ।
तजी आठ अंतेउर, आण्यो मन संवेग ॥

४०. वीर पै व्रत लेईने, वांधी तपनी तेग ।
गया विजय विमाने, चवि लेसे शिव वेग ॥

४१. धन्य थावच्चापुत्र, तजी वत्तीसों नार ।
तेनी साथे निकल्या, पुरुप एक हजार ॥

४२. शुकदेव सन्यासी एक, सहस्र शिष्य लार ।
पांचसौ से शेलक, लीधो संयम भार ॥

४३. सब सहस्र अढ़ाई, घणा जीवों ने तार।
पुण्डरिक गिरि ऊपर, कियो पादोपगमन संथार ॥

४४. आराधक हुई ने, कीधो खेवो पार।
हुआ म्होटा मुनिवर, नाम लियां निस्तार ॥

४५. धन्य जिन पाल मुनिवर, दोय धन्ना हुआ साध।
गया प्रथम देवलोके, मोक्ष जासे आराध ॥

४६. श्री मल्लिनाथना छह मित्र, महाबल प्रमुख मुनिराय।
सर्वे मुक्ति सिधाव्या, म्होटा पदवी पाय ॥

४७. वलि जितशत्रु राजा, सुबुद्धि नामे प्रधान।
पोते चारित्र लई ने पाम्या मोक्ष निधान ॥

४८. धन्य तेतली मुनिवर, दियो छकाय अभयदान।
पोटिला प्रतिबोध्या, पाम्या केवल ज्ञान ॥

४९. धन्य पांचे पांडव, तजी द्रौपदी नार।
थेवर नी पासे, लीधो संयम भार ॥

५० श्री नेमी वन्दन नो, एहवो अभिग्रह कीध।
मास मास खमण तप, शत्रुंजय जई सिद्ध।

५१. धर्म घोप तणां शिष्य, धर्म रुचि अणगार।
कीड़ियों नी करुणा, आणी दया अपार ॥

५२. कड़वा तूंबानों, कीधो सगलो आहार।
सर्वार्थ सिद्ध पहुंच्या, चवि लेसे भव पार ॥

५३. वलि पुण्डरीक राजा, कुण्डरीक डिगियो जाण।
पोते चारित्र लेईने, न घाली धर्म मां हाण ॥

५४. सर्वार्थ सिद्ध पहुंत्या, चवि लेसे निर्वाण।
श्री ज्ञाता सूत्र मां, जिनवर कर्या वखाण ॥

५५. गौतमादिक कुंवर, सगा अठारे भ्रात ।
सब अन्धक विष्णु सुत, धारिणी ज्यांरी मात ।।

५६. तजी आठ अंतेउर, काढ़ी दीक्षा नी बात ।
चारित्र लई ने, कीधो मुक्ति नो साथ ।।

५७. श्री अनिक सेनादिक, छहे सहोदर भाय ।
वसुदेवना नन्दन, देवकी ज्यांरी मांय ।।

५८. भद्दिलपुर नगरी, नाग गाहावई जाण ।
सुलसा घर वधिया, सांभली नेमिनी वाण ।।

५९. तजी बत्तीस-बतीस अंतेउर, निकलिया छिटकाय ।
नल कूवर समाना, भेट्या श्री नेमिना पाय ।।

६०. करी छठ छठ पारणा, मन में वैराग्य लाय ।
एक मास संथारे, मुक्ति विराज्या जाय ।।

६१. वलि दारुक सारण, सुमुख दुमुख मुनिराय ।
वलि कुंवर अनाहृष्ट, गया मुक्ति गढ़ मांय ।।

६२. वसुदेवना नन्दन, धन-धन गज सुकुमाल ।
रूपे अति सुन्दर, कलावन्त वय बाल ।।

६३. श्री नेमि समीपे, छोड्यो मोह जंजाल ।
भिक्षुनी पड़िमा, गया मसाण महाकाल ।।

६४. देखी सोमिल कोप्यो, मस्तक बांधी पाल ।
खेरनां खीरा, शिर ठविया असराल ।।

६५. मुनि नजर न खण्डी, मेटी मननी झाल ।
परीसह सही ने, मुक्ति गया तत्काल ।।

६६. धन्य जाली मयाली, उवयालादिक साध ।
सांब ने प्रद्युम्न, अनिरुद्ध साधु अगाध ।।

६७. वलि सतनेमि दृढ़ नेमि, करणी कीवी निर्बाध ।
दशे मुक्ति पहुंत्या, जिनवर वचन आराध ॥

६८. वन अर्जुन माली, कियो कदाग्रह दूर ।
वीर पै व्रत लईने, सत्यवादी हुआ नूर ॥

६९. करी छठ-छठ पारणा, क्षमा करी भरपूर ।
छह मास मांही, कर्म किया चकचूर ॥

७०. कुंवर अइमुत्ते, दीठा गौतम स्वाम ।
सुणि वीर नी वाणी, कीवो उत्तम काम ॥

७१. चारित्र लेईने पहुंत्या, शिवपुर ठाम ।
धुर आदि मकई, अन्त अलक्ष मुनि नाम ॥

७२. वलि कृष्ण राय नी, अग्रमहिषी आठ ।
पुत्र-बहू दोय, संच्या पुण्यना ठाठ ॥

७३. जादव कुल सतियां, टाल्यो दुःख उचाट ।
पहुंती शिवपुर मां, ओ छे सूत्र नो पाठ ॥

७४. श्रेणिक नी राणी, काली आदिक दश जाण ।
दशे पुत्रवियोगे सांभली वीरनी वाण ॥

७५. चन्दन बाला पै, संयम लेई हुई जाण ।
तप करि देह झौंसी, पहुंती छे निर्वाण ॥

७६. नन्दादिक तेरह श्रेणिक नृपनी नार ।
सगली चन्दनबाला पै, लीधो संयम भार ॥

७७. एक मास संथारे, पहुंती मुक्ति मंझार ।
यों नेवुं जणां नो, अन्तगड मां अधिकार ॥

७८. श्रेणिक ना बेटा, जालीयादिक तेवीस ।
वीर पै व्रत लेईने, पाल्यो विस्वावीस ॥

७९. तप कठिन करीने, पूरी मन जगीश।
देवलोके पहुंच्या, मोक्ष जासे तजी रीश ॥

८०. काकन्दी नो धन्नो, तजी बतीसों नार।
महावीर समीपे, लीधो संयम भार ॥

८१. करी छठ-छठ पारणा, आयंबिल उच्छित्त आहार।
श्री वीर बखाण्यो, धन्य धन्नो अणगार ॥

